www.epaper.azadsipahi.in

* ओड़िशा संस्करण

17 अक्टूबर, 2024
आश्विन, शुक्ल पक्ष, पूर्णिमा
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 09, अंक 355

BAR & RESTAURANT
HOTEL & BANQUET
coming soon
ARGORA CHOWK, OPP. BAJAJ SHOWROOM, RANCHI

FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### देवघर का सिविल सर्जन रिश्वत लेते गिरफ्तार

देवघर। देवघर के सिविल सर्जन डॉ रंजन सिन्हा को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने 70 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया है। उनकी गिरफ्तारी कालीबाड़ी स्थित उनके आवास से हुई है। गिरफ्तार करने के बाद एसीबी उन्हें अपने साथ दुमका ले आयी। जानकारी के मुताबिक सिविल सर्जन एक अस्पताल के रिन्यूअल को लेकर 1.50 लाख रुपये की मांग की थी। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बंगाल नर्सिंग होम चलाने वाले महफूज आलम को रिनुवल कराना था। डॉ रंजन सिन्हा ने उनसे इस काम के लिए 1.50 लाख रुपये की मांग की। जब उन्होंने इतनी बड़ी रकम देने में असमर्थता जतायी तो सिविल सर्जन ने उन्हें तीन से चार किस्त में यह रकम अदा करने को कहा। इसकी शिकायत आलम ने एसीबी से की। एसीबी ने उनकी शिकायत का सत्यापन किया। इसके बाद उन्हें पकड़ने के लिए जाल बिछाया। शिकायतकर्ता से पहली किस्त के रूप में 70 हजार रुपये लेते एसीबी ने डॉ. रंजन को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

# झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए सियासी मैदान तैयार

- अब शुरू होगा शह-मात का खेल
- इंडी और एनडीए गठबंधन में मुख्य मुकाबला
- पार्टियां प्रत्याशियों का नाम फाइनल करने में जुटी
- चुनाव आयोग की अधिकारियों के साथ बैठक का दौर शुरू

प्रशांत झा

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में चुनावी चौसर बिछ चुकी है। इस चौसर में 81 खाने (विधानसभा सीटें) हैं। अब इन खानों में सिपाहियों (उम्मीदवारों) के तैनात होने की देरी है। इसके बाद शह-मात का खेल शुरू हो जायेगा। इसिमें 13 और 20 नवंबर को राज्य के 2.60 करोड़ मतदाताओं की अहम भूमिका होगी। वे अपने-अपने क्षेत्र के सिपाहियों को शह-मात के खेल में परोक्ष नहीं प्रत्यक्ष रूप से मदद करेंगे। इसका परिणाम 23 नवंबर को देखने को मिलेगा। फिलहाल चौसर पर राजनीतिक दल और चुनाव अयोग की गतिविधियां धीरे-धीरे बढ़ रही हैं। मुख्य मुकाबला इंडी और एनडीए गठबंधन के बीच है। दोनों दल अपने सहयोगियों के साथ तालमेल बिठाते हुए, प्रत्याशियों के चयन को अंतिम रूप देने में लगे हैं। वहीं, चुनाव आयोग द्वारा प्रशासनिक तैयारी के लिए बैठकों का दौर जारी है।

**सीटों के बंटवारे की घोषणा का इंतजार:** इंडी गठबंधन में झामुमो, कांग्रेस, राजद और माले है। वहीं एनडीए गठबंधन में भाजपा, आजसू, जदयू और लोजपा है। दोनों गठबंधन के घटक दलों के बीच आपस में सीटों का बंटवारा होना है। यानी किस दल के हिस्से में कौन सी विधानसभा सीट जायेगी, इसकी अभी आधिकारिक घोषणा होनी है। उधर, सूत्रों का कहना है कि एनडीए गठबंधन में आजसू को 9 और जदयू को दो सीट देने की संभावना है, एक सीट लोजपा को भी दी जा सकती है, जबकि 69 सीटों पर भाजपा खुद चुनाव लड़ना चाहती है।

वहीं, इंडी गठबंधन में झामुमो खुद लगभग 45 से ज्यादा सीटों पर चुनाव लड़ना चाहता है, कांग्रेस को 25 से 28 सीट और राजद को दो-तीन सीट देने पर विचार हो रहा है, वहीं, इस बार माले भी गठबंधन में शामिल है, इसलिए दो-तीन सीटें उसे भी दिये जाने की संभावना है।




### भाजपा कभी भी पहली सूची जारी कर सकती है

भाजपा में प्रत्याशियों को लेकर केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक संपन्न हो चुकी है। मंगलवार को नयी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ प्रदेश कोर कमेटी के नेताओं की बैठक हुई। इसमें सहयोगी दल आजसू, जदयू और लोजपा को कहां-कहां की सीट दी जायेगी। कितनी सीटों पर भाजपा खुद चुनाव लड़ेगी। कहां से कौन प्रत्याशी होगा। इन तमाम बातों पर बातचीत हुई और निर्णय ले लिया गया है। भाजपा अपने हिस्से की कुछ सीटों के लिए प्रत्याशियों की पहली सूची जल्द कभी भी घोषित कर सकती है।

### इंडी गठबंधन में भी चल रही तैयारी

इंडी गठबंधन में झामुमो और कांग्रेस के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर शुरुआती बातचीत हो चुकी है। बीते रविवार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कल्पना सोरेन दिल्ली गये थे। दोनों की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ बैठक हुई। इस बैठक में राहुल गांधी भी मौजूद थे। चर्चा है कि इसमें सीटों के बंटवारे को लेकर लगभग बातें तय हो गयी हैं। यानी झामुमो, कांग्रेस, राजद कितनी सीटों पर चुनाव लड़ेंगी इसका खाका तैयार है। प्रत्याशियों के चयन के लिए भी अंदरखाने में चर्चा हो चुकी है। अगले सप्ताह तक आधिकारिक घोषणा किये जाने की उम्मीद है। कांग्रेस उम्मीदवारों के नामों की सूची के साथ प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश और कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ रामेश्वर उरांव दिल्ली पहुंच चुके हैं। राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के साथ मिल कर नामों पर मंथन होगा।

### गैस सिलेंडर के सिंबल पर जदयू लड़ेगी झारखंड विधानसभा का चुनाव



रांची (आजाद सपाही)। नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड (जदयू) झारखंड में गैस सिलेंडर के सिंबल पर चुनाव लड़ेगी। चुनाव आयोग की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी गयी है। गौरतलब है कि झारखंड में जदयू एनडीए गठबंधन का हिस्सा है। अब गठबंधन के तहत जदयू को कितनी और कहां की सीटें चुनाव लड़ने के लिए मिलती हैं, इसका इंतजार कया जा रहा है।

**राजनीतिक दलों और अधिकारियों के साथ चल रही बैठक:** चुनाव आयोग की सक्रियता बढ़ गयी है। चुनाव घोषणा के बाद से बैठकों का दौर जारी है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने राज्य के सभी जिलों के डीसी के साथ बैठक की। उन्हें आवश्यक निर्देश दिये गये। वहीं, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ भी बैठक कर उन्हें आवश्यक जानकारियां दी गयीं। बूथ वार सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम को देखा जा रहा है। मतदाताओं को हर तरह की सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए आवश्यक दिशा-निर्देश पदाधिकारियों को दिया गया है। चुनाव कराने के लिए कर्मियों को ट्रनिंग देने का कार्य तेजी से चल रहा है।

# पंड़रा में दर्ज केस की सीबीआइ जांच करायी जाये : बाबूलाल मरांडी

- चुनाव आयोग को लिखा पत्र, चुनाव प्रभावित होने की संभावना जतायी

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चुनाव आयोग को पत्र लिख कर पंडरा में दर्ज मामले को सीबीआइ को ट्रांसफर करने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा नहीं करने पर सत्ता पक्ष चुनाव को प्रभावित कर सकता है। मरांडी ने पंडरा ओपी, सुखदेव नगर पीएस द्वारा दर्ज एफआइआर (संख्या 507 दिनांक 06.10.2024 और 508 दिनांक 06.10.2024) की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है। बाबूलाल ने कहा कि पंडरा ओपी में ये मामला दर्ज है। इसमें तथाकथित वकील सुजीत कुमार नामक एक जालसाज पर इडी को मैनेज करने के नाम पर सरकारी अधिकारियों से ठगी करने का आरोप लगाया गया है।

**सत्ता पक्ष पर लगाया आरोप:** बाबूलाल ने कहा कि पता चला है कि जांच अधिकारी और जांच से जुड़े अन्य पुलिस अधिकारी इस मामले का इस्तेमाल कर कई सरकारी अधिकारियों से भारी मात्रा में धन उगाही कर रहे हैं। साथ ही सरकारी अधिकारियों के निर्देश पर विपक्षी राजनीतिक दलों को फंसाने के लिए इस केस का इस्तेमाल किया जा रहा है। इडी को मैनेज करने के नाम पर राशि की जो धोखधड़ी हुई है, उस राशि का इस्तेमाल चुनाव के लिए किया जा रहा है। मरांडी ने आरोप लगाया है कि इसके पीछे सत्ता पक्ष के लोग काम कर रहे हैं।

### अधिकारियों को धमकाया जा रहा

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कई सरकारी अधिकारी जो सीधे जांच के दायरे में हैं, उन्हें चुनाव के दौरान पुलिस को मैनेज करने और उनके एजेंट के रूप में काम करने के लिए धमकाया जा रहा है। इसके अलावा, पुलिस ने संजीव पांडे और आरोपी वकील सुजीत कुमार नामक दो व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। उन्हें जगन्नाथ थाना, सुखदेव नगर थाना और नामकुम थाना के विभिन्न पुलिस थानों में छिपा कर रखा गया है। मजिस्ट्रेट के सामने झूठा बयान देने के लिए उन पर दबाव बनाने और उन्हें मजबूर करने के लिए भी ऐसा किया जा रहा है। वर्तमान सरकार दो एफआइआर का इस्तेमाल सरकारी अधिकारियों को प्रभावित करने और नियंत्रित करने के लिए कर सकती है। अनुरोध है कि जांच को पुलिस/एसीबी से सीबीआइ को स्थानांतरित किया जाये, ताकि चुनाव निष्पक्ष और उचित तरीके से संपन्न हो सके।

# अलका तिवारी बन सकती हैं झारखंड की मुख्य सचिव

- मूल कैडर में भेजने का प्रस्ताव स्वीकृत

आजाद सिपाही संवाददाता



रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा के बीच राज्य में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किये जाने की संभावना है। आइएएस अलका तिवारी को झारखंड का मुख्य सचिव बनाया जा सकता है। वह 1988 बैच की हैं। केंद्र सरकार के कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग ने अलका तिवारी को मूल कैडर में भेजने की स्वीकृति दे दी है। दरअसल, 1988 बैच के आइएएस एल ख्यांगते 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जबकि झारखंड में विधानसभा चुनाव की घोषणा हो चुकी है। झारखंड में 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो फेज में चुनाव होना है। इस दौरान मुख्य सचिव की भूमिका सबसे अहम होती है। इसलिए आइएएस अलका तिवारी को यह जिम्मेदारी मिलने की पूरी संभावना जतायी जा रही है। हालांकि इस पर अंतिम मुहर चुनाव आयोग के स्तर पर लगनी है।

### सांसद ने पथ निर्माण के डिप्टी सेक्रेट्री के खिलाफ इडी को लिखा पत्र

# आधिकारी ने अर्जित की है अकूत संपत्ति: चंद्रप्रकाश



आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने पथ निर्माण विभाग के डिप्टी सेक्रेट्री प्रसन्न कुमार के खिलाफ इडी और पथ निर्माण के प्रधान सचिव सुनील कुमार से शिकायत की है। उन्होंने इडी और पथ विभाग के प्रधान सचिव को लिखे पत्र में कहा है कि विभाग के डिप्टी सेक्रेट्री प्रसन्न कुमार ने नियम विरुद्ध सिंडिकेट बना कर टेंडर प्रक्रिया को प्रभावित किया है। विशेष संवेदकों को कार्य आवंटन कर अकूत अवैध धन-संपत्ति अर्जित की है। इसकी जांच उच्च स्तरीय कमेटी से करायी जानी चाहिए। साज (स्टेट हाइवे ऑथरिटी ऑफ झारखंड) के सभी बड़े टेंडर में हेरा-फेरी हुई है। सांसद ने प्रसन्न कुमार के वर्ष 2010 से 2024 तक सभी चल-अचल संपत्ति का विवरण इडी और विभाग के प्रधान सचिव को सौंपा है।

### इडी को ये सौंपा है संपत्ति का ब्योरा

- रांची के धुर्वा में आठ कट्ठा का प्लॉट, जिसकी कीमत 55 लाख रुपये है।
- रांची में शेयर बाजार में लगभग 35 लाख का शेयर है।
- पटना में जेडी वीमेंस कॉलेज शेखपुरा मोड़ के पीछे अपार्टमेंट में एक प्लॉट, जिसकी कीमत 88 लाख रुपये है।
- रांची के चेशायर होम रोड, बरियातू में 12 कट्ठा का प्लॉट अपने नाम से, जिसकी कीमत लगभग 1.25 करोड़ रुपये है।
- पटना में आशियाना नगर में हाउस न 34 के बगल में 6 कट्ठा का प्लॉट, जिसकी कीमत लगभग 80 लाख रुपये है।
- जमशेदपुर के साकची में हनुमान मंदिर के बगल में बायीं तरफ 6.5 कट्ठा का प्लॉट पत्नी के नाम से।
- जमशेदपुर के मानगो, डीमना रोड में वसुंधरा अपार्टमेंट में प्लॉट न. 26 एवं 27 दोनों पत्नी के नाम से।
- जमशेदपुर के घर के पास स्टेट बैंक ऑफ इंडिया नाम से 3 लॉकर एवं खाता।
- रांची के अशोकनगर पोस्ट ऑफिस में लगभग 60 लाख का (एनएससी-केवीपी) पत्नी एवं बेटी के नाम से है।
- पटना में पंजाब नेशनल बैंक, राजा बाजार शाखा में 12 लाख एवं 17 लाख का फिक्स्ड डिपॉजिट है।
- नोएडा उत्तर प्रदेश में अकूत संपत्तियां अर्जित की हैं।

# ब्रह्मदेव प्रसाद सड़क हादसे में घायल, चालक की मौत

- ओबीसी एकता अधिकार मंच के हैं केंद्रीय अध्यक्ष, जा रहे थे बनारस

आजाद सिपाही संवाददाता



पलामू। ओबीसी एकता अधिकार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष और बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद उर्फ बीडी प्रसाद की इनोवा गाड़ी भीषण हादसे का शिकार हो गयी। यह दुर्घटना तब घटी, जब ब्रह्मदेव प्रसाद, मंतोष ठाकुर और विजय शर्मा रांची से बनारस जा रहे थे। बुधवार रात लगभग एक बजे, बाराचट्टी थाना (गया) के पास उनकी गाड़ी को एक ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में गाड़ी के ड्राइवर विजय शर्मा की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। ब्रह्मदेव प्रसाद और मंतोष ठाकुर गंभीर रूप से घायल हो गये। इन्हें तुरंत गया के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया गया है।

'आजाद सिपाही' से बात करते हुए ब्रह्मदेव प्रसाद ने बताया कि हादसा इतना भीषण था कि रूह कांप जाती है। उन्होंने कहा कि वह बनारस जा रहे थे और बुधवार की सुबह ही उन्हें बनारस से लौटना था। अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि उनका एक हाथ फ्रैक्चर हो गया है और एक पसली टूट गयी है। उनके परिवार और समर्थकों ने सरकार से इस हादसे की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सुप्रीम कोर्ट में 'लेडी ऑफ जस्टिस' की नयी मूर्ति




- आंख से पट्टी हटी, हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब
- सीजेआइ ने ऑर्डर देकर बनवायी

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट में लेडी ऑफ जस्टिस यानी न्याय की देवी की नयी मूर्ति लगायी गयी है। इस मूर्ति की आंखों से पट्टी हटा दी गयी है, जो अब तक कानून के अंधे होने का संकेत देती थी। वहीं, उसके हाथ में तलवार की जगह संविधान की किताब दी गयी है। यह मूर्ति सुप्रीम कोर्ट के जजों की लाइब्रेरी में लगायी गयी है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस नयी मूर्ति को सीजेआइ डीवाई चंद्रचूड़ ने ऑर्डर देकर बनवाया है। इसका उद्देश्य यह संदेश देना है कि देश में कानून अंधा नहीं है और यह सजा का प्रतीक नहीं है। पुरानी मूर्ति की आंख पर पट्टी ये दर्शाती थी कि कानून की नजर में सब बराबर हैं। जबकि तलवार अथॉरिटी और अन्याय को सजा देने की शक्ति का प्रतीक थी।

हालांकि मूर्ति के दाएं हाथ में तराजू बरकरार रखा गया है, क्योंकि यह समाज में संतुलन का प्रतीक है। तराजू दर्शाता है कि कोर्ट किसी नतीजे पर पहुंचने से पहले दोनों पक्षों के तथ्यों और तर्कों को देखता और सुनता है।

### ब्रिटिश काल की विरासत को पीछे छोड़ने का प्रयास

इस मूर्ति को ब्रिटिश शासन की विरासत को पीछे छोड़ने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। हाल ही में भारत सरकार ने ब्रिटिश शासन के समय से लागू इंडियन पीनल कोड कानून की जगह भारतीय न्याय संहिता कानून लागू किया था। लेडी ऑफ जस्टिस की मूर्ति में बदलाव करना भी इसी कड़ी के तहत उठाया गया कदम माना जा सकता है।

N·S·D·C
RE IMAGINE FUTURE
विकास भारती
तमसो मां ज्योतिर्गमय
जनजाति कौशल विकास परियोजना 1.0
'भारत के जनजातीय जिलों में कौशल आधारित आजीविका इंटरवेन्शन'
(राष्ट्रीय कौशल विकास निगम द्वारा सम्पोषित)
के अंतर्गत
"जनजातीय लोगों को कृषि, बैकयार्ड पोलट्री फार्मर के क्षेत्र में प्रशिक्षण
दिनांक - 3 सितंबर 2024 से प्रारम्भ
संकुल नाम - लोहरदगा
क्लस्टर नाम - बिशुनपुर (जिला-गुमला)
विस्तृत जानकारी हेतु संपर्क करें:
Email ID - vikasbharti1983@gmail.com
Contact No. - 0651-2545836, 6206790139
आयोजक
विकास भारती बिशुनपुर
गुमला, झारखंड

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 71,900 रु./10 ग्राम
चांदी 96,000 रु./प्रति किलो



# कांग्रेस का अब्दुल्ला सरकार में शामिल नहीं होने का महाराष्ट्र और झारखंड कनेक्शन!

## ■ क्या दोनों राज्यों में होनेवाले विधानसभा चुनाव ने डाले हैं रोड़े

## ■ आखिर एक भी मौका नहीं छोड़ने वाली कांग्रेस पीछे क्यों हट गयी

**आजाद सिपाही विशेष**

**नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। सीएम के तौर पर उन्होंने दूसरी बार शपथ ली है। जम्मू-कश्मीर के केंद्रशासित प्रदेश बनने के बाद वह सूबे के पहले मुख्यमंत्री बने हैं। लेकिन उनकी सरकार में सहयोगी कांग्रेस शामिल नहीं हुई। इस घटनाक्रम के बाद सियासत में अलग-अलग मायने निकाले जा रहे हैं। अटकलों के बाजार में अपने-अपने आकलन भी निकाले जा रहे हैं। आखिर क्या कारण है कि कांग्रेस के समर्थन के बावजूद राज्य में इंडी गठबंधन की सरकार नहीं बनी! वैसे चुनाव के दौरान तो दोनों पार्टियां साथ मिल कर चुनाव लड़ी थीं, तो फिर कांग्रेस सरकार में क्यों शामिल नहीं हुई। कांग्रेस की तरफ से अब्दुल्ला कैबिनेट में कोई भी मंत्री नहीं बना। वो भी तब, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी खुद श्रीनगर जाकर सरकार के शपथग्रहण में शामिल हुए हैं। आखिर क्यों कांग्रेस अब्दुल्ला सरकार में नहीं शामिल हुइ‌ इसका कारण टटोलने की कोशिश कर रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

### झारखंड और महाराष्ट्र में चुनाव तो कहीं कारण नहीं

उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है, लेकिन देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी कांग्रेस उनकी सरकार में शामिल नहीं हुई, जबकि दोनों दलों ने साथ मिल कर चुनाव लड़ा था। वैसे जानकार तो कई तरह के तर्क दे रहे हैं, लेकिन एक बिंदु पर जहां ध्यान केंद्रित हो रहा है वह है आनेवाले दो राज्यों में चुनाव। दरअसल, हरियाणा चुनाव में हार के झटके से उबरने में लगी कांग्रेस नहीं चाहती कि महाराष्ट्र और झारखंड में वह बीजेपी को कोई ऐसा मुद्दा थमा दे, जिस पर वह आक्रामक घेरेबंदी कर सके। उमर अब्दुल्ला के शपथ से पहले जबरदस्त सस्पेंस बना हुआ था। सस्पेंस इस बात पर कि कांग्रेस सरकार में शामिल होगी या नहीं। छन-छन कर खबरें आने लगीं कि पार्टी सरकार में शामिल नहीं होगी। अटकलें लगने लगीं कि नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस में शायद सब कुछ ठीक नहीं है। शपथ समारोह होते ही सब कुछ शीशे की तरह साफ हो गया। कांग्रेस उमर अब्दुल्ला सरकार में शामिल नहीं हुई। आखिर इसके पीछे वजह क्या है? कांग्रेस उमर अब्दुल्ला सरकार का हिस्सा नहीं बनी, उसकी वजह पार्टी चाहे जो बताये, लेकिन हकीकत में वजह महाराष्ट्र और झारखंड के विधानसभा चुनाव हैं। हो सकता है कि बाद में पार्टी सरकार में शामिल हो जाये, लेकिन दो अहम राज्यों के चुनाव से पहले नहीं। कारण यह कि अगर वह सरकार का हिस्सा बनती है तो दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव में बीजेपी को नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनाव घोषणा पत्र के बहाने से उसे घेरने का बड़ा मौका हाथ लग सकता है। कांग्रेस नहीं चाहती कि नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनावी वादों की सीधी आंच उसे महाराष्ट्र और झारखंड में झेलनी पड़े।

### कांग्रेस हरियाणा चुनाव में हार के झटके से नहीं उबरी है!

कांग्रेस अभी हरियाणा चुनाव में हार के झटकों से भी नहीं उबरी है। आखिर कांग्रेस को नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनावी वादों का चुनाव में नुकसान का डर क्यों सता रहा है? जवाब उसी में छिपा है यानी चुनावी वादों में। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने आर्टिकल 370 और 35 ए की बहाली की कोशिश का वादा किया है। वादा किया है कि राजनीतिक कैदियों की रिहाई होगी। वादा किया है सार्वजनिक सुरक्षा कानून (पीएसए) को रद्द करने का। भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत आगे बढ़ाने का। जम्मू-कश्मीर के लिए अलग से ध्वज और संविधान की बहाली का। एक वादा ये भी कि शंकराचार्य पर्वत और हरि पर्वत किला के बीच रोपवे चलाया जायेगा। अब रोपवे चलाने में क्या बुराई है लेकिन विवाद नाम का है। नेशनल कॉन्फ्रेंस ने अपने मैनिफेस्टो में शंकराचार्य पर्वत को तख्त-ए-सुलेमान और हरि पर्वत किला को कोह-ए-मारन नाम दिया है। जम्मू-कश्मीर चुनाव के दौरान भी बीजेपी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के मैनिफेस्टो को लेकर कांग्रेस को घेरा था। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी रैली में कहा था कि उनका घोषणापत्र देख कर पाकिस्तान बहुत खुश है। पीएम ने पाकिस्तान के मंत्री ख्वाजा आसिफ के उस बयान का जिक्र किया था, जिसमें उन्होंने कहा था कि आर्टिकल 370 की बहाली के मुद्दे पर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन का रुख एकदम पाकिस्तान वाला है। अब अगर कांग्रेस उमर अब्दुल्ला सरकार में शामिल होती तो बीजेपी को उसे महाराष्ट्र और झारखंड चुनाव में भी नेशनल कॉन्फ्रेंस के चुनाव घोषणा पत्र के बहाने से घेरने का मौका मिल जाता। हरियाणा चुनाव में हार के बाद कांग्रेस फूंक-फूंक कर कदम रखना चाहती है। वह बीजेपी को ऐसा कोई मौका नहीं देना चाहती। यही वजह है कि वह उमर अब्दुल्ला सरकार में फिलहाल शामिल नहीं हुई।



### राजनीति के जानकारों के अन्य तर्क

राजनीति के जानकारों के अन्य तर्कों के अनुसार जम्मू कश्मीर के चुनावी इतिहास में पहली बार कांग्रेस का प्रदर्शन काफी खराब है। पार्टी छह सीटों पर सिमट गयी है। ऐसे में कहा जा रहा है कि कांग्रेस हाइकमान ने पार्टी के किसी विधायक को कैबिनेट में न शामिल कर स्थानीय नेताओं को जमीन पर मेहनत करने का संदेश दिया है। जम्मू कश्मीर में कांग्रेस कोटे से एक भी हिंदू विधायक नहीं जीता है। ऐसे में पार्टी के सियासी समीकरण सध नहीं रहे थे। कश्मीर का मुस्लिम वोट बैंक पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के पक्ष में रहा है। उमर अब्दुल्लाह और उनकी पार्टी 370 को वापस लाने के पक्ष में है। कांग्रेस स्टेटहूड की सिर्फ मांग कर रही है। सरकार में पार्टी अगर शामिल होती तो अन्य राज्यों में उसके लिए सियासी बैकफायर कर जाता, इसलिए भी पार्टी ने सरकार में शामिल न होने का फैसला किया है। नेशनल कॉन्फ्रेंस कांग्रेस के एक-दो मंत्री पद देना चाह रही थी। कांग्रेस के दिल्ली में बैठे नेता सांकेतिक भागीदारी नहीं चाहते थे।

---

## चुनाव से पहले चंपाई ने एक्स पर युवाओं को लिखा पत्र, कहा-

# आइये साथ मिल कर एक नया झारखंड बनाते हैं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

- ■ ऐसी सरकार बनाते हैं जहां क्लर्क से लेकर सीएम तक आपकी समस्याएं सुने
- ■ हमारा मकसद सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था में परिवर्तन लाना है

**रांची।** झारखंड में विधानसभा चुनाव का आगाज हो चुका है। ऐसे में भाजपा नेता और पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक पोस्ट किया है और उन्होंने उसमें झारखंड की युवाओं को संबोधित किया है। पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि झारखंड के युवा साथियों को जोहार ! युवा शक्ति के कंधों पर किसी भी राज्य तथा राष्ट्र का भविष्य होता है। मात्र 24 साल पुराने हमारे झारखंड राज्य को लेकर आपके मन में कई सपने, उम्मीदें एवं आकांक्षाएं होंगी। आप में से कई साथी अपने परिवार, समाज, राज्य तथा राष्ट्र के लिए बहुत कुछ करना चाहते हैं, लेकिन व्यवस्था की वजह से मजबूर हैं। आपकी परेशानियों तथा आपके मुद्दों को हमने करीब से देखा एवं समझा है। उन्होंने आगे लिखा है कि पिछले साढ़े चार दशकों के अपने बेदाग राजनैतिक सफर में हमने हमेशा युवाओं, छात्रों, महिलाओं एवं बड़े-बुजुर्गों समेत समाज के सर्वांगीण विकास हेतु काम किया है। हमेशा, हर किसी के मुद्दों/ शिकायतों को सुनने तथा उनका समाधान तलाशने के लिए प्रयासरत रहा हूं। हमारे कार्यकाल में दर्जनों डिग्री कॉलेज, पॉलीटेक्निक तथा अन्य शिक्षण संस्थानों का निर्माण शुरू किया गया था। हमारे पांच महीनों के अल्पकालिक कार्यकाल के दौरान शुरू की गयी विभिन्न नियुक्ति प्रक्रियाओं को रोकने की जद्दोजहद ने ना सिर्फ आपको, बल्कि मुझे भी खासा निराश किया है।



भारतीय जनता पार्टी में, जब हम परिवर्तन की बात करते हैं, तब हमारा मकसद सिर्फ सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि पूरी व्यवस्था में परिवर्तन लाना है। हम लोग एक ऐसी व्यवस्था बनायेंगे जहां क्लर्क से लेकर सीएम तक, हर कोई आपकी शिकायतों को सुने एवं पूरी इमानदारी के साथ उन पर कार्रवाई करे। उन्होंने लिखा कि आइये, साथ मिलकर हम एक ऐसी सरकार बनाते हैं, जो कैलेंडर बना कर, पारदर्शिता से सभी नियुक्ति प्रक्रियाओं को पुरा करवायेगी। एक ऐसी व्यवस्था बनाते हैं, जिसमें सिर्फ योग्य एवं प्रतिभाशाली छात्रों का चयन हो, तथा पेपर लीक एवं भ्रष्ट्राचार का कोई स्थान ना रहे। भाजपा की सरकार आने के तुरंत बाद 2.87 लाख नियुक्तियों की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके साथ ही, 5 लाख युवाओं को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये जायेंगे, ताकि वैसे लोग भी विकास की मुख्य धारा से जुड़ सकें, जो किसी कारणवश नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकते। आपमें से कई लोग पहली बार वोट देंगे। उन युवा साथियों से विशेष अनुरोध है कि झारखंड में भाजपा को वोट देकर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत बनायें। आइये, साथ मिल कर एक नया झारखंड बनाते हैं, उन लोगों के जीवन-स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास करते हैं, जिन्होंने इस नये राज्य के साथ अपने बेहतर भविष्य के सपने देखे थे।

---

# हुंडरू फॉल में डूबने से बंगाल के युवक की मौत, सेल्फी लेते वक्त हुई घटना

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में मौजूद हुंडरू फॉल के पास सेल्फी लेने के दौरान एक युवक स्वर्णरेखा नदी में डूब गया। मृत युवक अनिमेष दास पश्चिम बंगाल का निवासी बताया जा रहा है। घटना की जानकारी देते हुए शिक्षक गौतम कुमार मान्ना ने बताया कि अनिमेष दास और सुधांशु प्रधान अपने पांच-छह सहपाठियों के साथ स्वर्णरेखा नदी में नहाने गये थे।

**पश्चिमी मेदिनीपुर का रहने वाला था अनिमेष :** घटना में जान गंवाने वाले की पहचान पश्चिम बंगाल के पश्चिमी मेदिनीपुर जिला के सबंग थाना क्षेत्र के नारायण बाड़ निवासी 18 वर्षीय अनिमेष दास के रूप में की गयी है, जो 12वीं का छात्र था। वह अपने शिक्षक और सहपाठियों के साथ हुंडरू फॉल घूमने आया था।



### कोचिंग की ओर से घूमने आये थे विद्यार्थी

**आइडियल कोचिंग सेंटर (सबंग) के 78 विद्यार्थी, दो बसों से अपने शिक्षक के साथ रांची के अनगड़ा प्रखंड में स्थित हुंडरू फॉल घूमने आये थे। छात्र घूमते वक्त सेल्फी भी ले रहे थे। इसी दौरान दो युवकों का पैर फिसला और वे नदी में जा गिरे। उनके साथियों ने दोनों को बचाने की कोशिश की, लेकिन उनका प्रयास असफल रहा। नदी में गिरे दो युवकों में से एक सुधांशु प्रधान पत्थर की ओट में फंस कर बच गया, लेकिन अनिमेष दास की गहरे पानी में डूबने के कारण मौत हो गयी।**

---

### झारखंड में 17 और 18 अक्टूबर को भी बारिश

**रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड में बदलते राजनीतिक समीकरण के साथ मौसम का भी मिजाज बदल रहा है। नेताओं का इधर से उधर आना-जाना लगा हुआ है। इसी तरह बेमौसम बारिश भी हो रही है। बुधवार को रांची सहित विभिन्न इलाकों में झमाझम बारिश हुई। मौसम केंद्र ने बताया कि बंगाल की खाड़ी में डिप्रेशन की वजह से मौसम ने करवट ली है। इस कारण बादल छाए हुए हैं और बारिश भी हो रही है। मौसम विभाग के अनुसार, 17 और 18 अक्टूबर को भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में बारिश की संभावना जतायी गयी है। वज्रपात की भी संभावना जतायी गयी है। 17 अक्तूबर को रांची सहित देवघर, धनबाद, गोड्डा, दुमका, गिरिडीह, जामताड़ा, पाकुड़ साहेबगंज, पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम और सिमडेगा में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। वहीं 18 अक्टूबर को भी बारिश की संभावना जतायी गयी है। इन दो दिनों तक बादल छाये रहेंगे। 19 अक्टूबर से मौसम साफ हो जायेगा।**

---

# 18 अक्टूबर को रांची आयेंगे तेजस्वी यादव

**विधानसभा चुनाव में राजद कोटे की सीटों के लिए पार्टी नेताओं संग करेंगे चर्चा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव 18 अक्टूबर को रांची आयेंगे। झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने बताया कि रांची में राष्ट्रीय जनता दल के सभी नेताओं, कार्यकर्ताओं से तेजस्वी मुलाकात करेंगे। चुनाव से संबंधित सभी पहलुओं पर बातचीत की जायेगी। मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बताया कि तेजस्वी प्रसाद यादव सड़क मार्ग से रांची पहुंचेंगे और वर्तमान राजनीतिक स्थिति पर बात करेंगे। राष्ट्रीय जनता दल कितनीसीटों पर झारखंड में चुनाव लड़ेगा, इस पर भी अपने दल के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के साथ विचार-विमर्श करेंगे।



---

# एडीजी अभियान की समीक्षा बैठक: न्यायालय में अपनी गवाही के लिए उपस्थित नहीं होने वाले पुलिस पदाधिकारी और पुलिसकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई का निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एडीजी अभियान संजय आनंद राव लाठकर बुधवार को पॉक्सो एक्ट, सीपीएमएस एप्लीकेशन के द्वारा साक्षियों के उपस्थापन एवं न्यायालयों की सुरक्षा से संबंधित समीक्षा बैठक की। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम चल रहे इस समीक्षा बैठक में राज्य के सभी प्रक्षेत्रीय आइजी, रेंज के डीआइजी, एसएसपी एवं एसपी शामिल थे। उन्होंने एसएसपी और एसपी को यह निर्देश दिया गया कि जब तक न्यायालय से संबंधित पदाधिकारी कर्मी अपने कार्यालय में उपस्थित रहते हैं तब तक उनकी सुरक्षा के लिए सुरक्षाकर्मी तैनात रहेंगे। साथ ही न्यायिक पदाधिकारियों के आवासों की भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे। जिला के प्रधान सत्र न्यायाधीश से समन्वय स्थापित कर सीसीटीवी कैमरा स्थापित करने के लिए आवश्यकतानुसार उसकी संख्या की सूची जैप आइटी को उपलब्ध कराते हुए वांछित कार्रवाई करने को कहा है। न्यायालयों में सीसीटीवी कैमरा की निगरानी के लिए पर्याप्त संख्या में तकनीकी रूप से दक्ष पुलिसकर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाये। साक्षियों की गवाही न्यायालय में ससमय सुनिश्चित करने, विशेषकर पुलिस पदाधिकारी कर्मियों की गवाही न्यायालय में ससमय सुनिश्चित करने तथा वैसे पुलिस पदाधिकारी कर्मी जो न्यायालय में अपनी गवाही के लिए उपस्थित नहीं होते हैं। उनके विरूद्ध कार्रवाई करने को कहा है। सभी प्रक्षेत्रीय आइजी एवं क्षेत्रीय डीआइजी को भी गवाहों की उपस्थिति के संबंध में विशेष समीक्षा करने सहित जिलों में स्थापित विधि शाखाओं को सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल देने का निर्देश दिया गया।



बैठक में महिलाओं के विरुद्ध होने वाले लैंगिक तथा पोक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज कांडों के निर्धारित समय सीमा के अंदर निष्पादन की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान जिन जिलों के निष्पादन स्तर में कमी पायी गयी उन जिलों के एसपी को कांड के निष्पादन के लिए कई बिंदुओं पर निर्देश देते हुए कांड का निष्पादन त्वरित गति से करने एवं जिलों में प्रतिवेदित संवेदनशील कांडों की मॉनिटरींग करने साथ ही साथ प्रक्षेत्रीय आइजी एवं क्षेत्रीय डीआइजी को भी पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत दर्ज कांडों की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर कांडों का निष्पादन सुनिश्चित कराने के लिए निर्देश दिया गया।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel 1
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 29.4 °c | 21.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 17.22 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.46 बजे | |

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# झामुमो ने चुनाव आयोग और बीजेपी को बताया बंटी और बबली

## हरियाणा में इवीएम में खेल हुआ : सुप्रियो भट्टाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जेएमएम प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार के पिछले पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां बतायीं चुनौतियों का जिक्र किया। केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि जब 2019 के चुनाव में बहुमत लाकर सरकार में आये तो कोरोना से उनका स्वागत हुआ। 2 साल कोरोना की लड़ाई में बीत गये। जब इससे बाहर आये तो फिर सरकार को गिराने की साजिश शुरू हो गयी। लेकिन एक-एक कर हर चीज से निपटने में सरकार सफल साबित हुई। अब चुनाव की घोषणा हो गयी है फिर से चुनावी मैदान में जाना है।

उन्होंने कहा कि झारखंड में सरकार ने युवाओं और छात्रों के लेकर काम किया है। अब चुनाव में इन उपलब्धियों को लेकर जनता के पास जायेंगे। उन्होंने कहा कि पहले हरियाणा का चुनाव महाराष्ट्र के साथ होता था। लेकिन इस बार हरियाणा में अकेले चुनाव कराया गया और झारखंड महाराष्ट्र एक साथ हो रहा है। यह बताने को काफी है कि किसके इशारे पर चुनाव आयोग कम कर रहा है। उन्होंने कहा कि एक फिल्म आयी थी बंटी और बबली। जिसमें ताजमहल को बेचा था। ऐसे ही बंटी और बबली भाजपा और चुनाव आयोग हो गये हैं जो जम्हूरियत को बेचने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले चरण में 43 सीट पर ही चुनाव की घोषणा क्यों हुई। 47 भी हो सकती थी। इसमें मांडू और रामगढ़ और खीजरी का नाम नहीं है। सुप्रियो ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि कुछ तो लोग कहेंगे लोगों का काम है कहना छोड़ो बेकार की बातें। जेएमएम नेता ने कहा, इस दौरान मुस्कुराहट ही बता रही थी कि कुछ तो घपला घोटाला होने वाला है। कहा, मांडू दो जिले में आता है। रामगढ़ और हजारीबाग। रामगढ़ में खड़े होकर रांची को प्रभावित करने का काम भाजपा के नेता करेंगे। एक साजिश के तहत किया गया है कि एक विधानसभा 13 तारीख को और दूसरा बगल की ही जो सीट है उसे 20 तारीख को दूसरे चरण में रखा गया।

सुप्रियो ने कहा कि हरियाणा में इवीएम में खेल हुआ है। हरियाणा चुनाव के परिणाम चीख-चीख कर बता रहे हैं कि चुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ है। आखिर ये भाजपा और चुनाव आयोग पूरा खेल खेलने में लगे। चुनाव को कैसे हाइजेक किया जाये, इसकी पटकथा पहले असम सरकार के भवन में लिखी गयी। इसके बाद पंडित दीनदयाल उपाध्याय मार्ग स्थित कार्यालय में अनुमोदन हुआ और फिर उसे पास चुनाव आयोग ने किया। सुप्रियो ने कहा, चुनाव आयोग एक निष्पक्ष तंत्र है। लेकिन भाजपा ने इसे गुलाम बना लिया। उन्होंने कहा, पहले इडी की कार्रवाई चलती थी तो एक फिट आता था सवाल किया कि आखिर एक ही जिले में अलग-अलग चरण में चुनाव क्यों रखा गया।

## नेता प्रतिपक्ष ने झामुमो पर साधा निशाना

# पहले केवल बंटी थे, अब बंटी और बबली मिलकर झारखंड की जनता को दे रहे धोखा : अमर बाउरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड के चुनावी रण में अपनी स्थिति मजबूत मान रही बीजेपी ने सत्तारूढ़ दल झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव के वक्त बंटी ने राज्य की जनता को ठगा और अबकी बार बबली भी ठगने के लिए उतर आयी हैं। दिल्ली से रांची लौटे नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बंटी ने 2019 में पलामू को उपराजधानी बनाने का आश्वासन दिया था और अब बबली गढ़वा को उपराजधानी बनाने की बात कह रही हैं। ऐसे में इनके झूठे वादे को जनता समझ चुकी है। विधानसभा चुनाव में इन्हें सत्ता से बाहर कर राज्य में सुशासन का मौका भाजपा और एनडीए को जरूर देने का काम करेगी।

अमर कुमार बाउरी ने कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठ हमारा चुनावी मुद्दा नहीं है, इससे हमें वोट मिले या नहीं मिले वह फर्क नहीं पड़ता है। बल्कि यह राष्ट्रीय अस्मिता का मुद्दा है, जिसे हम पहले से ही उठाते रहे हैं। जिस तरह से राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठ के कारण डेमोग्राफी बदल रही है, ऐसे में हमारा कर्तव्य है कि इसे हम जनता को बतायें और जो पार्टियां इसे अपना वोट बैंक बनाती रही हैं, उसे उजागर करें। इसी को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव के वक्त जनता के बीच इसे ले जाने का निर्णय लिया है।

### जल्द होगा एनडीए के अंदर सीटों का फार्मूला तय

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जल्द ही सीटों का फार्मूला तय हो जायेगा और इसे सार्वजनिक कर दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिनों चुनाव सह प्रभारी के द्वारा जो घोषणा की गयी थी, उसी के अनुसार चुनाव घोषणा के 48 घंटे के अंदर एनडीए के सीटों का खुलासा हो जायेगा और प्रत्याशी की भी घोषणा कर दी जायेगी। गठबंधन के अंदर कोई खींचतान नहीं है और बातचीत का दौर जारी है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि हमारा चेहरा कमल होगा और हम उसी आधार पर चुनाव लड़ेंगे।

# झारखंड में पहली बार ऑनलाइन नामांकन की सुविधा : भाजपा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य के सभी राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों के साथ मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार ने बैठक की और चुनाव घोषणा की जानकारी दी। बैठक में भाजपा की ओर से सुधीर श्रीवास्तव मौजूद थे।

श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक में बताया गया कि पहली बार झारखंड में ऑनलाइन नामांकन का प्रयोग किया जायेगा, ऑनलाइन नामांकन भरने के बाद यदि उसमें कोई त्रुटि हो तो उसको आरओ के पास सुधारा जा सकता है। चुनाव घोषणा के 24 घंटा के अंदर सभी होर्डिंग/बोर्डिंग हटाने का आदेश जारी हो गया है। घोषणा के 72 घंटा के अंदर घरों से झंडा, बैनर, दिवाल लेखन आदि हटायें जायें। ऑनलाइन नामांकन का यह पहला प्रयोग है।

# पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार झारखंड पार्टी में शामिल

## पांच सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री और झारखंड पार्टी प्रमुख एनोस एक्का ने बुधवार को पांच सीटों पर प्रत्याशी की घोषणा की। पार्टी की ओर से प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया गया कि संसदीय बोर्ड ने अभी पांच सीटों के लिए प्रत्याशी तय किये हैं। इनमें मनोहरपुर सीट से महेंद्र जामुदा, सिमडेगा से आयरिन एक्का, चाइबासा से कोलंबस हांसदा और कांके (रांची) से अनिल कुमार पासवान को प्रत्याशी बनाया है। इसके अ लावा एनोस एक्का के पुत्र संदेश एक्का कोलेबिरा से प्रत्याशी होंगे। एनोए एक्का ने जानकारी देते बताया कि दो दिनों बाद पार्टी और भी सीटों के लिए प्रत्याशी की घोषणा करेगी। पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बनायी है। मौके पर उन्होंने तमाड़ के पूर्व विधायक रहे स्व रमेश सिंह मुंडा के बड़े पुत्र राजकुमार मुंडा को उनके समर्थकों सहित पार्टी ज्वाइन कराया। बताया कि राजकुमार के छोटे भाई विकास मुंडा झामुमो से तमाड़ के विधायक हैं। राजकुमार के साथ आने से पार्टी दक्षिणी छोटानागपुर डिवीजन में और मजबूत होगी। मौके पर पार्टी महासचिव अशोक भगत सहित अन्य उपस्थित थे।

# दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मिले मंत्री हफिजुल हसन



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री हफिजुल हसन ने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन से मुलाकात की। शिबू सोरेन ने मंत्री हफिजुल हसन को चुनाव के लिए शुभकामनाएं दीं। शिबू सोरेन से मिलने के बाद हफिजुल ने मीडिया, कार्यकर्ताओं और साथियों से कहा कि यह चुनाव हमारा है। पूरी मेहनत और दिल से काम करें। हमारे किये गये कामों को हर घर तक पहुंचायें, ताकि सभी जानें कि हेमंत सरकार ने क्या किया और आगे क्या करने की योजना है। उन्होंने कहा कि चुनाव में महागठबंधन को प्रचंड बहुमत मिलेगा।

# डीसी ने आगामी विधानसभा निर्वाचन को लेकर पंडरा स्थित मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा आगामी विधान सभा निर्वाचन 2024 को लेकर पंडरा स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सभी अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, राजेश्वर नाथ आलोक, उप निर्वाचन पदाधिकारी रांची, श्री बिवेक कुमार सुमन, सभी निवार्ची पदाधिकारी, एश्ट नोडल पदाधिकारी और सम्बंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।

**वोटिंग काउंटिंग सेंटर पंडरा रांची एवं पंडरा स्थित वज्रगृह के पुरे परिसर का अवलोकन :** जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा वोटिंग काउंटिंग सेंटर पंडरा रांची एवं पंडरा स्थित वज्रगृह के पुरे परिसर का अवलोकन करते हुए यहाँ के तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए यहां तमाम व्यवस्था को दुरस्त करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया गया।

### मतगणना के वक्त तमाम व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रहे इसको ले कई निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सी.सी.टी.वी. कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया।

### पूरे परिसर की विशेष साफ-सफाई के निर्देश

जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा पुरे परिसर के अवलोकन क्रम में कहा की पुरे परिसर की साफ-सफाई विशेष रूप से करें, स्वच्छ वातावरण में मतगणना का कार्य हो इसके लिए जल्द से जल्द साफ-सफाई का कार्य शुरू कर दे। यह सुनिश्चित हो की मतगणना क्रम में पुरे परिसर में गंदगी नही रहें एवं उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की बिल्डिंग का रंग-रोगन भी करा दे।

# रांची बाइपास फोरलेन पर देना होगा टोल टैक्स, तैयारी तेज

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची बाइपास फोरलेन रोड पर जल्द टोल प्लाजा शुरू होगा। वाहन चालकों को इस सड़क में चलने के लिए पहले टोल टैक्स देना होगा। एनएचअआई यह प्रयास कर रहा है कि जल्द ही इस महत्वपूर्ण परियोजना पर टोल प्लाजा की शुरूआत की जाये। हालांकि, इस रोड का उद्घाटन काफी पहले हो चुका है, लेकिन कुछ काम बाकी रहने की वजह से टोल वसूली शुरू नही हो सकी थी। यूटिलिटी शिफ्टिंग का कुछ काम बाकी है। बता दें कि, नेशनल हाइवे 33 में विकास से रामपुर तक इस फोरलेन रोड को बनाया गया है जो रांची रिंग रोड को भी कनेक्ट करता है। इसके बनने से रांची से जमशुदपुर व रामगढ़ की ओर जाना आसान हो गया है।

# विस चुनाव में प्री-पोल ड्यूटी के लिए राज्य को मिली अर्धसैनिक बलों की 100 कंपनी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर झारखंड को चुनाव आयोग के निर्देश पर 100 कंपनी अर्द्धसैनिक बल प्राप्त हुआ है। इनमें सीआरपीएफ, सीआइएसएफ, बीएसएफ, एसएसबी और आइटीबीपी शामिल हैं। इन बलों को राज्य के सभी 24 जिलों में तैनात किया जायेगा। प्रत्येक जिले में तीन से पांच कंपनी अर्द्धसैनिक बल तैनात किये जायेंगे। ये बल फ्लैग मार्च, क्षेत्रीय डोमिनेशन और चेकिंग जैसे कार्यों में लगाये जायेंगे, ताकि आम जनता में सुरक्षा का विश्वास बढ़े और चुनाव के समय व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। झारखंड में 13 और 20 नवंबर को दो चरणों में मतदान होगा जबकि मतगणना 23 नवंबर को होगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को सुनिश्चित करने के लिए झारखंड पुलिस ने चुनाव आयोग से 590 कंपनी अर्द्धसैनिक बल की मांग की है। हालांकि, अभी तक अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है कि झारखंड को कितनी और कंपनी मिलेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले लोकसभा चुनाव में झारखंड को 230 कंपनी अर्द्धसैनिक बल मिले थे।

# सुविधा एप से प्रत्याशियों को नामांकन प्रक्रिया में मिलेगी सुविधा



विधानसभा निर्वाचन की घोषणा के बाद मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि विधानसभा आम निर्वाचन की घोषणा के साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। इस दौरान सभी राजनीतिक दलों एवं निर्वाचन में भाग लेने वाले प्रत्याशियों के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कुछ आवश्यक दिशा निर्देश जारी किये गये हैं। इसका अनुपालन कर स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित होगा। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी के लिए समान अवसर प्राप्त हो, इस उद्देश्य से प्रत्येक प्रत्याशियों द्वारा निर्वाचन के दौरान 40 लाख रुपये की खर्च सीमा तय की गयी है। प्रत्याशियों के खर्च में पारदर्शिता लाने के लिए खर्च के ब्योरा की पंजी जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में जमा करानी होती है। इस पंजी का जिला निर्वाचन पदाधिकारी के द्वारा उनके कार्यालय की वेबसाइट पर सार्वजनिक की जाती है। वह बुधवार को विधानसभा निर्वाचन हेतु आदर्श आचार संहिता लागू होने के उपरांत सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के साथ बैठक कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा सुविधा एप्प बनाया गया है, जिसके इस्तेमाल से प्रत्याशियों द्वारा नामांकन प्रक्रिया में उपयोग होने वाले सभी आवेदनों को भरा जा सकता है। साथ ही नामांकन के दिन के लिए आरओ ऑफिस में अपॉइंटमेंट भी ली जा सकती है। इसके साथ इस माध्यम से अपना ब्योरा भरने एवं एफिडेविट बनाने में भी सहायता प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि सी-वीजिल एप के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन मामलों पर त्वरित शिकायत भी दर्ज कर सकते हैं। इस अवसर पर सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा निर्वाचन में उपयोग आने वाले ऑनलाइन एप्लीकेशन जैसे सी-विजिल, सुविधा एप, केवाइसी आदि प्रत्याशियों के उपयोग में आने वाले विभिन्न एप्लिकेशनों के इस्तेमाल के विषय में बिंदुवार जानकारी दी गयी। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

**मेष** परिवार में शुभ मांगलिक कार्य में सफलता मिलेगी। आत्मीय-स्वजन का सहयोग मिलेगा।

**वृष** समाज में मान-सम्मान रहेगा, नौकरी-व्यापार में सफलता मिलेगी, किसी प्रभावशाली व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।

**मिथुन** बुद्धि-चतुरता से रोजगार-व्यापार की स्थिति में सुधार होगा, व्यावसायिक उद्देश्य से की जाने वाली यात्राएँ लाभकारी होगी।

**कर्क** धार्मिक-सामाजिक क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य करने का अवसर मिलेगा महत्वकांक्षा पूरी होगी।

**सिंह** क्रोध-जोश-उतावलेपन में वृद्धि होगी, अपने वाणी पर नियत्रण रखें, वाहन की सवारी सावधानी से करें चोट-चपेट लगने की आंशका।

**कन्या** नौकरी में स्थानातंरण-पदोन्नति होने की संभावना,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा,आर्थिक लाभ।

**तुला** विद्यार्थियों को परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता मिलेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होगा।

**वृश्चिक** स्वजन-मित्रों के पक्ष से सुखद समाचार की प्राप्ति होगी,व्यवसाय की स्थिति में सुधार।

**धनु** इच्छित कार्य सफल होगा, महत्वपूर्ण समाचारों की प्राप्ति होगी।

**मकर** आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, रोग-ऋण-शत्रुबाधा का शमन,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण बनेगा।

**कुंभ** भूले-बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, व्यावहारिक कुशलता एवं बौद्धिक चतुराई से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।

**मीन** आयु-आरोग्य की रक्षा होगी, बकाये रकम की प्राप्ति,श्रेष्ठजनों के सहयोग से रोजी-रोजगार में उन्नति होगी।

# रांची में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम को लेकर कोर्ट के आदेश का सख्ती से पालन करे राज्य सरकार: हाइकोर्ट

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** राजधानी रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान एवं रांची शहर में बैंक्वेट हॉल , धर्मशाला, मैरिज हॉल में लाउडस्पीकर एवं डीजे के साथ रात 10:30 बजे के बाद बारात लगने से ध्वनि प्रदूषण रूल का उल्लंघन होने को लेकर दाखिल झारखंड सिविल सोसाइटी की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाइकोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान हाइकोर्ट की खंडपीठ ने रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर हाइकोर्ट के 19 सितंबर 2023 के आदेश का सख्ती से अनुपालन करने का निर्देश राज्य सरकार को दिया है। हाइकोर्ट की खंडपीठ ने कहा है कि अगर ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोई शिकायत करता है, तो उसके नाम का खुलासा न किया जाये, जिससे उसे किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इससे पहले प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण को लेकर कोर्ट ने 19 दिसंबर 2023 को विस्तृत आदेश पारित किया था, लेकिन इसे लेकर राज्य सरकार गंभीर नहीं है।

ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए वर्ष 2019 में गठित टास्क फोर्स कोर्ट के आदेश का सही तरीके से अनुपालन नहीं कर पा रही है। खंडपीठ को यह भी बताया गया कि कई साइलेंट जोन जिनमें सीसीएल के गांधीनगर अस्पताल शामिल है, इसके आसपास अभी भी ध्वनि प्रदूषण हो रहे हैं। जबकि साइलेंट जोन में ध्वनि प्रदूषण नहीं होना चाहिए था। खंडपीठ को प्रार्थी की ओर से यह भी बताया गया कि रांची में ध्वनि प्रदूषण को लेकर शिकायत करने वालों का नाम सार्वजनिक हो जा रहा है, जिससे उन्हें डर का सामना करना पड़ रहा है। खंडपीठ ने मामले में ध्वनि प्रदूषण रोकने को लेकर कोर्ट के आदेश के अनुपालन को लेकर उठाये गये कदम के बारे में राज्य सरकार एवं झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर निर्धारित की है।

### ध्वनि प्रदूषण की शिकायत करने वालों की पहचान गुप्त रखें : हाइकोर्ट

रांची (आजाद सिपाही)। ध्वनि प्रदूषण रोकने के लिए झारखंड सिविल सोसाइटी की ओर से दायर जनहित याचिका पर झारखंड हाइकोर्ट में सुनवाई हुई। बुधवार की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से अदालत को बताया गया कि ध्वनि प्रदूषण की शिकायत करने वाले लोगों की पहचान उजागर की जा रही है। जिसपर अदालत ने सरकार को यह निर्देश दिया है कि ध्वनि प्रदूषण की शिकायत करने वाले लोगों की पहचान को गुप्त रखा जाये। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच में इस मामले की सुनवाई हुई। अब कोर्ट 12 नवंबर को इस मामले में सुनवाई करेगा।




आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# रांची की सब्जी मंडी में लगी आग, मची अफरा-तफरी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची के सुखदेव नगर थाना के समीप स्थित सब्जी मंडी में बुधवार की सुबह आग लग गयी। अगलगी की वजह से सब्जी मंडी में अफरा-तफरी मच गयी। पुलिस, दमकल कर्मी और स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, आग सब्जी के बॉक्स और कैरेट में लगी थी, जो धीरे धीरे पूरे मार्केट में फैल गयी। आग की लपटें इतनी जल्दी से फैलीं कि सब्जी मंडी के दोनो ही मालों पर आग फैल गयी। आग की लपटें काफी तेज होने के कारण नजदीक से कोई पानी भी नहीं डाल पा रहा था। सुखदेवनगर थाने के द्वारा मामले की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गयी, जिसके बाद टीम किसी तरह मंडी पहुची और आग पर काबू पाया।सब्जी कारोबारियों का कहना था कि अगलगी की वजह से उन्हें भारी नुकसान हुआ है। किसी का आलू जल गया तो किसी का प्याज। आलू प्याज के साथ-साथ सबसे ज्यादा सब्जी रखने वाले कैरेट जले हैं। सब्जी कारोबारी को लाखों का नुकसान हुआ है। दुकानदारों ने कहा कि आग लगने की सबसे बड़ा कारण यहां नशेड़ियों का जमावड़ा है। आशंका जताई जा रही है कि सब्जी मंडी में नशा करने वाले लोग गांजा पीते हैं। इसी क्रम में माचिस की तिल्ली जहां-तहां फेंकने के क्रम में चिंगारी से आग लग गई हो। कुछ लोगों का कहना है कि शॉर्ट सर्किट से भी आग लग सकती है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आग को बुझा लिया गया है। पूरे मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

# बिजारे फैशन शो का फाइनल राउंड का ऑडिशन संपन्न



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आइआइसीसी और और आइएनआइएफडी संस्थान द्वारा आयोजित 27 अक्टूबर 2024 को होने वाले फैशन शो- बिजारे-24 का ऑडिशन बुधवार को संपन्न हो गया। इसमें मॉडलिंग के लिए इच्छुक झारखंड के कई शहरों से खास कर रांची, जमशेदपुर से 100-150 लड़के और लड़कियों ने बड़े उत्साह और लगन के साथ भाग लिया। इसमें चयनित मॉडल ही 27 अक्टूबर को होने वाले बिजारे शो में भाग ले पायेंगे। बिजारे - 24 फैशन शो का आयोजन होटल रेडिशन ब्लू में आयोजित किया जायेगा। इसमें प्रतिभागियों को 5 अलग अलग थीमों में 5 राउंड दिये जायेंगे। उक्त बातें संस्थान के निदेशक डॉ मो महबूब आलम ने दी। फैशन डिजाइनिंग विंग की एचओडी शिखा सरावगी, स्वीटी कुमारी, विन्नी जी, अमृता मिश्रा, आफरीन इरशाद उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण खबरें

### आइओक्यूएम 2024-25 में शारदा ग्लोबल स्कूल के छात्रों का शानदार प्रदर्शन



रांची (आजाद सिपाही)। आइओक्यूएम परीक्षा छात्रों के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए आयोजित गणितीय ओलंपियाड की एक श्रृंखला है। इसकी परीक्षा 8 सितंबर को हुई थी जिसमें विद्यालय के ग्यारहवीं के छात्र अक्षत झा (50 अंक) एवं शान सहाय (33 अंक) ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। छात्रों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर विद्यालय की डायरेक्टर एकेडमिक्स डॉ रंजना स्वरूप और प्राचार्या जसमीत कौर ने छात्रों की इस विशिष्ट उपलब्धि पर उन्हें बधाई देते हुए अगले चरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की।

### हेयर बार सैलून एंड एकेडमी ने मनाया पहला स्थापना दिवस



रांची (आजाद सिपाही)। हेयर बार सैलून एंड एकेडमी ने अपना पहला साल पूरा किया। इस अवसर पर सैलून ने अक्टूबर को 'एनीवर्सरी मंथ' घोषित करते हुए ग्राहकों के लिए खास ऑफर पेश किये हैं। सैलून पर विभिन्न सेवाओं जैसे हेयर कट, फेशियल, मेनिक्योर, और पेडिक्योर पर बजट-फ्रेंडली ऑफर दिये जा रहे हैं। इसके साथ ही, ब्राइडल और प्री-ब्राइडल बुकिंग्स पर विशेष छूट का भी एलान किया गया है। इस शादी के सीजन में दुल्हन बनने जा रही महिलाएं अब सैलून की सेवाओं का लाभ किफायती दरों पर उठा सकती हैं। सैलून की ओनर रेखा कुमारी सील ने कहा, हमारा लक्ष्य ग्राहकों को बेहतरीन सेवाएं प्रदान करना और ब्यूटी इंडस्ट्री में नये मानक स्थापित करना है।

### हैदराबाद में सम्मानित हुए मोहम्मद नौशाद खान




रांची (आजाद सिपाही)। लोक सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष मो. नौशाद खान को हैदराबाद में विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं प्रबुद्ध लोगों ने सम्मानित किया। हैदराबाद के विभिन्न जगहों पर बैठक हुई। जिसमें लोक सेवा समिति की आंध्र प्रदेश एवं तेलंगाना स्टेट कमेटी के गठन पर चर्चा हुई। फरहत हाइस्कूल हैदराबाद के डायरेक्टर प्रोफेसर मोहम्मद अमीरुद्दीन और शिक्षकों ने मोहम्मद नौशाद खान को सम्मानित किया। मोहम्मद नौशाद ने कहा कि हम सबको एक दूसरे के सहयोग करते हुए बच्चों को अच्छी शिक्षा देनी है।

### आरपीएफ हटिया ने नाबालिग लड़की को एक व्यक्ति से बचाया



रांची (आजाद सिपाही)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने एक नाबालिग लड़की को एक व्यक्ति से बचाया है। रांची के मंडल सुरक्षा आयुक्त पवन कुमार को लोकल पुलिस चान्हो से सूचना मिली कि एक व्यक्ति एक नाबालिक लड़की को लेकर भाग गया है, जिसका केस थाने में दर्ज हुआ है। उसका लोकेशन हटिया के पास दिखा रहा है। जानकारी मिलते ही उन्होंने तत्काल आरपीएफ हटिया को रेलवे स्टेशन पर मिले फोटो के अनुसार तलाशी अभियान चलाने के लिए निर्देश दिया। आरपीएफ हटिया के जरिये तलाशी अभियान दौरान देखा गया कि प्लेटफॉर्म संख्या दो पर एक नाबालिग लड़की के साथ एक पुरुष बैठा था, फिर दोनों को लोकल पुलिस चान्हो के जरिये उपलब्ध कराये गये फोटो से मिलान किया गया और उनसे नाम पता पूछने पर उसने अपना रवि मुंडा बताया। वह चान्हो का रहने वाला है। मामले की सूचना लोकल पुलिस चान्हो को दी गयी। पकड़े गये व्यक्ति और पीड़ित दोनों को चान्हो पुलिस को सौंप दिया गया।

### बाबा विद्यापति और मां जानकी की पूजा अर्चना के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम



रांची (आजाद सिपाही)। मिथिला समाज ने कोजागरा पर्व को धूमधाम से मनाया। समिति के कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम बाबा विद्यापति और मां जानकी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया और विधिवत पूजा अर्चना की गयी। कार्यक्रम में बाबा विद्यापति रचित आरती जय जय भैरवी असुर भयावानी गाकर मां लक्ष्मी की पूजा आरंभ की गयी। तत्पश्चात माता लक्ष्मी और बाबा विद्यापति की प्रतिमा के पास प्रसाद में पान, मखान, दही, चुरा, चीनी, खाजा, लड्डू आदि से भोग लगाया गया। समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि कोजागरा पर्व मिथिला समाज के लिए महत्वपूर्ण पर्व है, जो धन और समृद्धि की देवी मां लक्ष्मी की पूजा के लिए मनाया जाता है। कार्यक्रम में समिति के सदस्यों ने भजन गाकर और प्रसाद वितरण करके पर्व को धूमधाम से मनाया।

# संत जेवियर्स कॉलेज में स्नातकोत्तर के नये छात्रों का हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता




**रांची।** संत जेवियर्स कॉलेज में बुधवार को नये सत्र 2024-26 में नामांकित स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों का स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में जेसुइट शिक्षा प्रणाली एवं विरासत पर चर्चा की गयी। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर एन लकड़ा, एसजे ने कहा कि चरित्र निर्माण, शिक्षा के उद्देश्य को पहचानिए और समाज को समर्थ बनाइये उन्होंने जेसुइट सोसाइटी के स्वर्णिम इतिहास के बारे में भी छात्रों को बताया। कॉलेज के उप-प्राचार्य डॉ. फादर प्रदीप रोबर्ट कुजूर, एसजे ने स्पष्ट दिशा-निर्देश देकर बताया कि कॉलेज अनुशासन के कारण ही अग्रणी संस्थान के रूप में खुद को स्थापित किया है। छात्रों को बताया कि वे अपने शैक्षिक जीवन को गंभीरता से लें और कठिन मेहनत कर अपना सर्वांगीण विकास करें। मौके पर कॉलेज के रेक्टर फादर सुधीर मिंज, एसजे, उप-प्राचार्य (इवनिंग) डॉ. फादर अजय अरुण मिंज, एसजे, रजिस्ट्रार डॉ. फादर प्रभात केनेडी सोरेंग, एसजे, बीएड विभागाध्यक्ष डॉ. फादर फ्लोरेंस पूर्ति, एसजे, तीनों संकाय के डीन, डीएसडब्ल्यू डॉ. संजय सिन्हा, आइक्यूएसी संयोजक डॉ. शिव कुमार, सभी विषय के विभागाध्यक्ष, बर्सर फादर रवि हेमंत कुजूर, एसजे अन्य प्राध्यापक सहित नये छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# माय लाइफस्टाइल मार्केटिंग शॉपी का हरिनाथ साहू ने किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** कांके, पिठोरिया बाजारटांड़ के समीप प्रोपराइटर सीता देवी के आवास पर माय लाइफ स्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड शॉपी का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लोकहित अधिकार पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष सह रांची जिला प्रभारी हरिनाथ साहू ने शॉपिंग सेंटर का उद्घाटन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित ऑर्गनाइजेशन के टीम लीडर बलदेव साहू ने बताया माय लाइफस्टाइल मार्केटिंग ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से बेरोजगारी और बीमारी का समाधान रोजगार सृजन के साथ-साथ हर प्रकार के बीमारियों सहित खेती बाड़ी के लिए आयुर्वेदिक हर्बल प्रोडक्ट्स के द्वारा लाखों लोगों को रोग मुक्त रोजगार उपलब्ध करा रहा है। इस मौके पर मुख्य रूप से टीम कोऑर्डिनेटर प्रदीप ठाकुर, अशोक ठाकुर, शीला देवी, सुदर्शन ठाकुर, चंदा देवी, कोमल केरकेट्टा, संध्या सिंह, पार्वती देवी, कुमारी रोमा, सामाजिक न्याय के योद्धा प्रमोद प्रसाद गुप्ता, गणेश साहू, महेश कुमार, सुमित केसरी, मधु साहू सहित दर्जनों ग्रामीण उपस्थित हुए।

# एनएफडीबी के अधिकारियों ने किया तिलैया डैम का भ्रमण

- केज कल्चर से मत्स्यपालन का लिया जायजा
- मत्स्य कृषकों का किया उत्साहवर्धन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड (एनएफडीबी) के अधिकारियों के दल ने बुधवार को हजारीबाग के तिलैया डैम का भ्रमण किया। टीम में शामिल एनएफडीबी के वैज्ञानिक एके बोहरा, विपिन चंद्र नौटियाल व डिप्टी डायरेक्टर संजय गुप्ता ने तिलैया डैम में मत्स्य पालकों द्वारा किए जा रहे केज कल्चर से मत्स्य पालन का जायजा लिया। मौके पर एनएफडीबी के अधिकारियों ने मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक मछली उत्पादन करने के गुर बताए और उनका उत्साहवर्धन किया। एनएफडीबी के अधिकारियों के साथ हजारीबाग के जिला मत्स्य पदाधिकारी प्रदीप कुमार भी मौजूद थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत झारखंड में संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति से अवगत होने और मत्स्य पालकों को अधिक से अधिक मछली उत्पादन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से एनएफडीबी के अधिकारियों द्वारा झारखंड के विभिन्न स्थलों का दौरा जारी है। वहीं,मत्स्य निदेशालय (झारखंड) के निदेशक डॉ. एचएन द्विवेदी के नेतृत्व में झारखंड को मछली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने के निरंतर प्रयास जारी हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक डॉ.द्विवेदी व अन्य अधिकारियों द्वारा मत्स्य कृषकों को राज्य व केंद्र संपोषित योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया जा रहा है। उक्त जानकारी मुख्य अनुदेशक प्रशांत कुमार दीपक ने दी।

# मर्द पार्टी के कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल से की मुलाकात

## पुरुष अधिकारों के संघर्ष के लिए मांगा आशीर्वाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मिथिला राज्य अधिकार राष्ट्रीय दल (मर्द ) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। इस मुलाकात में पार्टी के नेताओं ने पुरुष अधिकारों के संघर्ष के लिए राज्यपाल का आशीर्वाद मांगा। उन्होंने बुतरू सम्मान योजना और पुरुष आयोग के गठन की आवश्यकता पर बल दिया। राज्यपाल ने मर्द पार्टी के संघर्ष की सराहना की और अपना आशीर्वाद दिया। इस मुलाकात में धनंजय भगत, अशोक कुमार शर्मा, राजा कुमार और अशोक कुमार राम शामिल थे।

# डीसी ने पंडरा स्थित मतगणना स्थल का किया निरीक्षण

**रांची।** डीसी वरुण रंजन ने आगामी विधान सभा चुनाव को लेकर पंडरा स्थित मतगणना स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) उत्कर्ष कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था राजेश्वर नाथ आलोक, उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक कुमार सुमन, सभी निवार्ची पदाधिकारी, इवीएम नोडल पदाधिकारी और संबंधित सभी पदाधिकारी उपस्थित थे। डीसी ने वोटिंग काउंटिंग सेंटर पंडरा रांची एवं पंडरा स्थित वज्रगृह के पूरे परिसर का अवलोकन करते हुए तमाम व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वहीं उन्होंने तमाम व्यवस्था को दुरस्त करने का निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिया। निरीक्षण के क्रम में स्ट्रांग रूम में इलेक्ट्रोनिक वोटिंग मशीन (इवीएम) के रख-रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, का जायजा लिया।

# निर्वाचन की सभी प्रक्रिया ससमय पूरा करें : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन ने बुधवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में आगामी विधानसभा निर्वाचन, 2024 हेतु गठित कोषांग के सभी वरीय पदाधिकारी/प्रभारी पदाधिकारी के साथ बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में कोषांगों के द्वारा किये जा रहें कार्यों के संबंध में चर्चा की गयी एवं विभागीय दिशा निर्देश के आलोक में सभी कार्यों को ससमय संपादित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह, जिला नजारत उप समाहर्ता रांची, सुधेश कुमार, अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था रांची, राजेश्वर नाथ आलोक, जिला कल्याण पदाधिकारी रांची, संजय कुमार भगत, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, उपस्थित थे।

**दायित्व का ससमय निर्वाहन करने के निर्देश**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन द्वारा के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के निमित्त गठित किये गये विभिन्न कोषांगों के प्रभारी पदाधिकारी नोडल पदाधिकारी के साथ बैठक में क्रमवार चर्चा करते हुए सभी संबंधित कोषांग के प्रभारी पदाधिकारियों को कहा गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत निर्देशों के अंतर्गत दिये गये प्रावधानों के अनुसार निर्वाचन की सभी प्रक्रिया ससमय सारणी के अनुसार पूरा करें। भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निदेश के आलोक में विधानसभा निर्वाचन 2024 के सफल क्रियान्वयन विभिन्न कोषांगो द्वारा जो भी कार्यभार एवं दायित्व दिए गए है उसका ससमय पालन करना सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी कोषांग अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन अच्छे तरीके एवं ससमय कराना सुनिश्चित करें।

***क्या करना है इसकी तैयारी करें***

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन ने भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए सभी दिशा-निर्देश का पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश देते हुए कहा की अगले 72 घंटे में क्या करना है इसकी तैयारी करते हुए चुनाव आयोग के दिये गये दिशा-निर्देश का पालन शतप्रतिशत ससमय पूरा करें।

**सभी मतदाता अपना मतदान अवश्य रूप से करें**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रांची, वरुण रंजन के द्वारा अपील करते हुए विशेष रूप से कहा कि सभी योग्य मतदाता अपना मतदान अवश्य रूप से करते हुए इस लोकतंत्र के महान पर्व में अपनी सहभागिता निभायें। अपना मतदान करते हुए औरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें।

# श्री दुर्गा बाड़ी में मां कोजागोरी लक्खी पूजा का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** श्री श्री हरी सभा व दुर्गा पूजा समिति, अल्बर्ट एक्का चौक, रांची (श्री दुर्गा बाड़ी) में मां कोजागोरी लक्खी पूजा (लक्ष्मी पूजा) का आयोजन किया गया। यह पूजा बुधवार रात 8.05 बजे से शुरू हुई और रात 09:40 बजे समाप्त हुई। पूजा के दौरान मां लक्ष्मी को शुद्ध नारियल का लड्डू, चूड़ा, चीनी एवं बुंदिया तथा घी के पूड़ी एवं छेना का मिष्ठान सहित फल, फूल का भोग चढ़ाया गया। इसके बाद हवन किया गया, जो लगभग 11:00 बजे रात्रि में समाप्त हुआ। दुर्गा बाड़ी में विगत 1934 से यह कोजागोरी लक्ष्मी पूजा का आयोजन होता आ रहा है। इस पूजा की विशेषता यह है कि नये फसलों का संचय एवं धन संपदा, सुख समृद्धि, दीर्घायु होने की कामना, साथ ही मंगल कामना के लिए मंदिरों सहित बंग समुदाय में घर घर यह पूजा किया जाता है। आगामी दिन शुक्रवार को प्रातः 07:45 बजे से 08:00 बजे के मध्य लाइन टैंक रोड स्थित चडरी तालाब में प्रतिमा का विसर्जन होगा। उक्त जानकारी श्री श्री दुर्गा बाड़ी के प्रवक्ता, प्रदीप रॉय बाबू ने दी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
194000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in



संवैधानिक संस्थाओं पर हमला, झामुमो की हताशा का प्रतीक

# इवीएम पर हार का ठीकरा फोड़ना झामुमो की निराशा : अजय साह

- बंटी-बबली के आरोप पर भाजपा का जवाबः झारखंड जानता है असली बंटी-बबली कौन है
- चुनाव आयोग पर निशाना साधने वाले वही लोग जो बूथ कैप्चरिंग के जनक थे
- प्रधानमंत्री मोदी का प्रभाव सीमाओं से परे, झामुमो के आरोप बेबुनियाद



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य की प्रेस वार्ता पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि भट्टाचार्य जी की प्रेस वार्ता देखकर ऐसा प्रतीत होता है जैसे वह चुनावी हार के बाद होने वाली प्रेस वार्ताओं का अभ्यास कर रहे हों। श्री साह ने आरोप लगाया कि सुप्रियो भट्टाचार्य ने संवैधानिक संस्थाओं, विशेष रूप से चुनाव आयोग को अनुचित रूप से निशाना बनाया और चुनाव आयोग की गरिमा को गिराने का प्रयास किया है।

अजय साह ने कहा कि हरियाणा चुनाव में मिली हार की समीक्षा करने की बजाय, उन्होंने इसका पूरा ठीकरा इवीएम पर फोड़ दिया। साथ ही, चुनाव आयोग और केंद्रीय जांच एजेंसियों के खिलाफ इस्तेमाल किये गये अपमानजनक शब्दों से झामुमो की हताशा और निराशा स्पष्ट हो रही है। यह वही लोग हैं जिन्होंने ने इवीएम के माध्यम से विधायक बनीं कल्पना सोरेन को लोकतंत्र की जीत बताया था। लोकसभा में भारी हार के बावजूद अपनी जीती हुई कुछ सीटों को लोकतंत्र की जीत बता रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि झामुमो आज जिस राजद की गोदी में बैठा है वो राजद वही पार्टी है जिसके शासन में बिहार में बूथ कैप्चरिंग एक सामान्य घटना थी। ऐसा प्रतीत हो रहा है जैसे कि झामुमो के अंदर कांग्रेस का डीएनए प्रवेश कर रहा है और तभी कांग्रेस की राह पर चल कर ये संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम कर रहे हैं। हेमंत सरकार झारखंड के इतिहास में सबसे भयभीत और सहमी हुई सरकार है और यह भय जनता के भारी आक्रोश की वजह से है ।

श्री साह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर झामुमो द्वारा लगाये गये आरोपों का खंडन करते हुए कहा कि यह दावा कि विधानसभाओं को जानबूझकर इस प्रकार चुनाव में बांटा गया ताकि प्रधानमंत्री का भाषण एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र को प्रभावित कर सके, झूठा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता हैं, और अगर वे अमेरिका में भी भाषण देंगे, तो झारखंड के लोग उन्हें सम्मानपूर्वक सुनेंगे। उन्होंने झामुमो द्वारा भाजपा और चुनाव आयोग को बंटी-बबली कहकर संबोधित करने की भी आलोचना की और कहा कि झारखंड में एक ही बटी-बबली है और वो कौन है, यह सब जानते हैं।

अंत में, श्री साह ने झामुमो पर निशाना साधते हुए कहा कि जिन लोगों ने झारखंड की जमीन और खनिज संपदा को बेचा, वे आज लोकतंत्र को बेचने का आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि झामुमो, कांग्रेस और राजद तीनों ही परिवारवादी पार्टियां हैं और ऐसे दलों को लोकतंत्र की रक्षा की बातें करना शोभा नहीं देता। प्रवक्ता ने प्रवर्तन निदेशालय (इडी) के इस्तेमाल पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने दलाल वकील सुजीत कुमार के मुद्दे को कई बार उठाया है। परंतु, राज्य सरकार इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए है । ऐसा प्रतीत होता है जैसे कि सुजीत कुमार को मोहरा बनाकर इडी को बदनाम करने की बड़ी साजिश रची जा रही है।

# हाइवा ने तीन लोगों को रौंदा, मौत

- तीनों एक ही बाइक पर सवार थे
- आक्रोशित ग्रामीणों ने गुमला-सिमडेगा मार्ग को किया जाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला मुख्यालय से 7 किलोमीटर दूर टैंसेरा स्कूल के समीप तेज रफ्तार एक हाइवा ने बाइक सवार तीन लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। बुधवार की शाम 5 बजे हुए इस हादसे में बाइक सवार मुरकुंडा डिडौलीटोली निवासी सालो देवी और पोढ़ाटोली निवासी शनिचर चिक बड़ाइक की मौके पर मौत हो गयी। जबकि एक महिला पालकोट थाना क्षेत्र के झीकीरमा पोरा टोली निवासी रोहिता देवी की हालत गंभीर बनी हुई थी। घटना की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। जबकि गंभीर रूप से घायल महिला को सदर अस्पताल भेजा गया है।

बताया जा रहा है कि सालो देवी अपने एक रिश्तेदार महिला के साथ अपने भाई शनिचर चिक बड़ाइक के घर पोढाटोली गयी थी। जहां से लौटने के दौरान टैंसेरा मोड़ के पास एक स्कूटी से बाइक की हल्की टक्कर हुई जिससे अनियंत्रित होकर बाइक सवार तीनों रोड पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आ रही तेज रफ्तार हाइवा तीनों को रौंदते हुए पालकोट की ओर निकल गयी। महिला को तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी भी मौत हो गयी। वहीं पुलिस पूरे मामले की छानबीन कर रही है। वहीं तीन लोगों की मौत से आक्रोशित ग्रामीणों ने गुमला सिमडेगा मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रख दिया। वहीं मौके पर पुलिस उन्हें काफी समझाने का प्रयास की लेकिन ग्रामीण उनकी बात सुनने को तैयार नहीं थे, खबर लिखे जाने तक जाम लगा हुआ था।

# बॉक्साइट ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंदा, दो की मौत, एक घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**बिशुनपुर।** थाना क्षेत्र के चिंगरी एवं चीपरी के बीच मुड़टंगवा मोड़ के समीप बॉक्साइट से लदा ट्रक ने बाइक सवार युवकों को रौंद डाला जिससे दो युवकों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जबकि 22 वर्षीय बुद्धेश्वर साहू नामक युवक गंभीर रूप से घायल है जिसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिशुनपुर में लाकर प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल गुमला भेजा गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार भरनो थाना क्षेत्र के परवल निवासी बुद्धेश्वर साहू और उसके दो अन्य दोस्त बाइक में सवार होकर नेतरहाट जा रहे थे। तभी वे लोग मुड़टांगवा मोड के समीप पहुंचे और विपरीत दिशा से बॉक्साइट लेकर आ रही ट्रक ने बाइक सवार युवाओं को अपने चपेट में लेकर रौंद डाला। जिससे दो युवक की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। जबकि बुद्धेश्वर साहू नामक युवक गंभीर रूप से घायल है। खबर लिखे जाने तक मृतक युवकों की पहचान नहीं हो पायी है। इधर घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गयी है।

# देवराज पिल्लई हत्या के मामले में आठ आरोपी गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** शहर के बिस्टुपुर में विजया दशमी की रात चाकू मारकर हत्या के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया। पुलिस ने घटना में शामिल आठ युवक को गिरफ्तार का न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार आरोपियों में यश सोनकर उर्फ चीकू,अभय कुमार यादव उर्फ टुनटुन यादव, मनमीत सिंह गुजराल उर्फ अनमोल उर्फ जोरावर सिंह उर्फ देंगे,प्रतीक कुमार, अमित सिंह उर्फ टिड्डा, अरुष लाल, जोयदीप नायक उर्फ जोजो और अनमोल लाल शामिल है। बुधवार को जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने बताया विजयदशमी के रात कदमा के एक युवक देवराज पिल्लई अपने दोस्तों के साथ विसर्जन देखने निकला था।उस दौरान किसी बात को लेकर अपने दोस्तों के साथ बगझग होने पर अज्ञात के द्वारा घेर कर चाकू से हमला कर दिया गया। उसके बाद सभी घटनास्थल से फरार हो गया। सूचना मिलने पर घायल को इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। जहा डॉक्टरों ने मृत्यु घोषित कर दिया। एसएसपी ने बताया घटना के बाद सिटी एसपी व डीएसपी के नेतृत्व में टीम का गठन कर कारवाई की गयी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्य का सहारा लेते हुए घटना में शामिल आठ लोगों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अपराधियों ने घटना में शामिल होने की बात स्वीकारी कर ली। अपराधियों के पास से घटना में प्रयुक्त चाकू, दो मोटरसाइकिल व एक स्कूटी बरामद किया गया। जांच के बाद सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# जल्द चुनाव कराने के लिए आयोग का स्वागत : सहिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले में चुनाव का घोषणा होते ही आजसू पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव के आवासीय कार्यालय में जिला समिति की बैठक बुलायी गयी। बुधवार को जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस शामिल हुए। मौके पर जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बैठक में बढ़कर का हिस्सा लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह ने कहा जुगसलाई विधानसभा सीट से आजसू पार्टी एनडीए प्रत्यासी के रूप में चुनाव लड़ेगी। इसके लिए क्षेत्र के सबसे लोकप्रिय नेता सह पार्टी के केंद्रीय प्रधान महासचिव रामचंद्र सहिस उम्मीदवार होंगे। उन्होंने कहा बहुत जल्द घटक दल के साथ बैठक कर एक समन्वय समिति का गठन किया जायेगा। सभी वरीय नेतागण के साथ आपसी तालमेल के साथ जीत सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी अपने अपने क्षेत्र में जायें और वोटरों के साथ बेहतर संबंध स्थापित करें। बैठक में रामचंद्र सहिस ने कहा चुनाव आयोग के द्वारा झारखंड में चुनाव की घोषणाओं का स्वागत करते हैं। श्री सहिस ने कहा चुनावी सुगबुगाहट को देखते हुए राज्य सरकार के मंत्री व विधायक अंधाधुंध शिलान्यास व भूमिपूजन कर जनता के बीच में भ्रम फैला रहे हैं। लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ करने का कार्य कर रहे। उन्होंने ऐसे ढोंगी नेताओं का पर्दाफाश करते हुए कहा जुगसलाई विधायक जनता के बीच पिछड़ा व अतिपिछड़ा, दलित आदिवासी महिलाओं के जमीन पर जबरदस्ती दखल कर खरीद फरोख्त करने का काम कर रहे हैं। जिससे आम जनमानस में खासे नाराजगी है। उन्होंने वैसे लोग द्वारा लगायी गुहार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है। श्री सहिस ने आने वाले दिनों में इन सारे विषयों पर आंदोलन के माध्यम से सभी बिक्री हुई जमीन उन असहाय पीड़ित परिवार को वापस दिलाने का वादा किया।

# आचार संहिता लागू होने के बावजूद देर शाम किया शिलान्यास, भाजपा ने जतायी आपत्ति



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** जहां एक ओर मंगलवार को चुनावी घोषणा होते ही प्रखंड प्रशासन विभिन्न राजनीतिक दलों के बैनर पोस्टर हटाने के काम में लगा है वहीं बड़कागांव प्रखंड में कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद अपने लाव लश्कर के साथ आचार संहिता लगने के बावजूद भी मंगलवार देर शाम तक विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास करती नजर आयीं, जिनमें मुख्य रूप से शाम 5:00 बजे के आसपास पंचायत नापो में सोमवार बाजार में सेड निर्माण कार्य का शिलान्यास, 5:45 बजे लुरुंगा से इंदिरा मोड तक पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास, 7:00 बजे आंगो जतरा मेलाटांड़ में आंगो से शिमराजारा तक विद्युतीकरण का शिलान्यास, 7:30 बजे महुदी विद्यालय के पास महुदी से सुमागढ़ा तक पथ मरम्मती कार्य का शिलान्यास आदि शामिल हैं। जो आचार संहिता का खुल्लम-खुल्ला उलंघन है। इस पर भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव पूर्वी उरीमारी मंडल अध्यक्ष खेमलाल महतो प्रेस विज्ञप्ति जारी कर प्रशासन से मांग किया है कि त्वरित जांच कर कार्रवाई करें अन्यथा बाध्य होकर पार्टी लिखित रूप से आगे चुनाव आयोग को शिकायत करेगी।

# वाहन चेकिंग के दौरान हजारीबाग पुलिस ने 6 लाख रुपये बरामद किये



आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** आदर्श आचार संहिता लगते ही प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को चौपारण थाना गेट के सामने संयुक्त वाहन चेकिंग के दौरान महारानी बस में रखे बैग से 6 लाख 22 हजार नकद के साथ एक व्यक्ति को पकड़ा है।

दरअसल, झारखंड विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो गयी है। आचार संहिता लगते ही चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश अपने दल-बल के साथ सक्रिय भूमिका में आ गये हैं। इसी क्रम में थाना गेट के सामने जीटी रोड पर जा रही महारानी यात्री बस में सवार एक व्यक्ति से 6 लाख 22 हजार 970 रुपये नकद जब्त किया गया है। जब्त रकम किसकी है और किस उद्देश्य से ले जायी जा रही थी, इसकी जांच की जा रही है। पकड़ा गया व्यक्ति कमलेश प्रसाद शर्मा बिहार के गया जिले का रहने वाला है।

इस संबंध में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बताया कि गिरफ्तारी के बाद वरीय पदाधिकारियों और एफएसटी टीम के दंडाधिकारी प्रदीप कुमार पासवान को सूचना दे दी गयी है। जब्त रुपये और गिरफ्तार व्यक्ति को आगे की कार्रवाई के लिए एफएसटी टीम के दंडाधिकारी को सौंप दिया गया है।

छापेमारी टीम में सीओ संजय कुमार यादव के साथ सब इंस्पेक्टर बिंदेश्वर महतो, सब इंस्पेक्टर बादल कुमार महतो, सब इंस्पेक्टर मोहम्मद कमरुद्दीन और सशस्त्र बल शामिल थे।

# गैर आंदोलनकरियों को सत्ता से हटाना झारखंड के लिए सबसे जरूरी : डॉ सूरज मंडल



**रांची (आजाद सिपाही)।** पूर्व सांसद, झारखंड स्वशासी परिषद (जैक) के पूर्व उपाध्यक्ष और झारखंड मजदूर मोर्चा के अध्यक्ष डॉ. सूरज मंडल ने कहा है कि झारखंड विधानसभा का आगामी चुनाव वास्तव में गैर आंदोलनकरियों, भ्रष्ट और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ ही झारखंड विरोधियों को झारखंड की सत्ता से बाहर करने की वैसी लड़ाई है, जिसे हर हाल में जीतना ही होगा। बुधवार को राजधानी रांची के करमटोली चौक स्थित धूमकुड़िया भवन में झारखंड आंदोलनकारी मोर्चा की महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि लंबे समय से झारखंड विरोधियों का राज्य की सबसे में कायम रहना ही यहां की बड़ी और विकट समस्याओं की जड़ में है, और इसी के कारण वे सारे सपने टूट गये, जो इस राज्य के विकास व आदिवासियों, मूलवासियों और इस प्रदेश के लोगों की खुशी के लिए झारखंड राज्य गठन आंदोलन के दौरान देखा गया था। बैठक में अपने विचार व्यक्त करते हुए पूर्व विधायक बहादुर उरांव ने कहा कि सूरज मंडल के नेतृत्व में झारखंड आंदोलनकरियों की आक्रोशपूर्ण लड़ाई की जरूरत है, क्योंकि इसी से झारखंड की स्थिति सुधरेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा से बहुत भरोसा था, लेकिन उसमें वैसे तत्व भी शामिल हो चुके हैं, जो आपराधिक प्रवृति के हैं। बैठक को पुष्कर महतो, रवि नंदी, सुरेंद्र राज (गोमिया), संजीव कुमार वर्मा (रामगढ़), रामजी भगत (पाकुड़), अब्दुल कलाम (डालटनगंज), जयश्री दास, मानव घोष, किनू हेम्ब्रम, सुखदेव, अरुण, जुबैर, शफीक सहित अन्य अनेक आन्दोलनकारियों ने संबोधित किया। बैठक में झारखंड आंदोलनकारियों की 16 सदस्यीय कोर कमेटी का गठन किया गया और सभी पांच प्रमंडल के लिए कमेटी गठित की गयी, जिसकी एक सप्ताह के अंदर पहली बैठक होगी।

# प्रजापति युवा संगठन ने बांटी खाद्य सामग्री



आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** प्रजापति युवा संगठन बेंती के द्वारा बुधवार को गांव के एक गरीब परिवार को खाद्य सामग्री प्रदान किया। संगठन के लोगों ने बेंती पंचायत के बसंत पासवान की पत्नी के निधन होने पर प्रजापति युवा संगठन के सदस्यों ने उनके परिवार को खाद्य सामग्री मुहैया कराया। इस संबंध में संगठन के अध्यक्ष सिकेंद्र प्रजापति ने बताया कि प्रजापति युवा संगठन के द्वारा पिछले कई वर्षों से इस तरह का सहयोग कार्य गरीब परिवार के बीच किया जाता रहा है और इस तरह का सहयोग कार्य आगे भी लगातार जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है। उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगों से भी सामाजिक स्तर पर इस तरह के सहयोग कार्य करने की अपील की है। इस मौके पर प्रजापति युवा संगठन के अध्यक्ष सिकेन्द्र प्रजापति, सचिव अजय प्रजापति, राजेश प्रजापति, हेमराज, बैजनाथ, खजांची, प्रेम, उमेश, आयुष प्रजापति, द्वारका पासवान, भादुल पासवान सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# हजारीबाग की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाये राज्य सरकार: एचसी

- हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हजारीबाग के मुख्य चौक चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लगायें और सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की संख्या बढ़ाये




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई। मामले में हाइकोर्ट की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा कि वह हजारीबाग के मुख्य चौक चौराहा पर ट्रैफिक सिग्नल लगायें और सीसीटीवी और ट्रैफिक पुलिसकर्मी की संख्या बढ़ाये। खंडपीठ ने कहा कि हजारीबाग में ट्रैफिक सुधार के लिए ट्रैफिक मैनेजमेंट के तहत ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाया जाना चाहिए। साथ ही जहां सीसीटीवी खराब है वहां दुरुस्त किया जाये और सीसीटीवी की संख्या बढ़ायी जाये। इससे ट्रैफिक नियम का उल्लंघन करने वालों की पहचान और आपराधिक घटनाओं की रोकथाम संभव हो सकेगी। इससे पूर्व हजारीबाग में ट्रैफिक स्थिति का अवलोकन करने को लेकर कोर्ट द्वारा नियुक्त किये गये एडवोकेट कमिश्नर की ओर से अपनी रिपोर्ट खंडपीठ को सौंप दी गयी। जिसमें बताया गया कि हजारीबाग में कई सीसीटीवी काम नहीं कर रहा है। खंडपीठ ने मामले में राज्य सरकार को हजारीबाग में ट्रैफिक व्यवस्था दुरुस्त करने को लेकर उठाये गये कदम की जानकारी अगली सुनवाई में देने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 11 दिसंबर निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई के दौरान प्रार्थी की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि हजारीबाग में ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था नहीं है, सड़कों पर छोटे-छोटे दुकान लगाते हैं। पार्किंग की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण हजारीबाग के सभी चौक चौराहों पर जाम की स्थिति देखी जाती है। चुंगी टैक्स वसूली केंद्र के द्वारा बड़े वाहनों बस और ट्रक को शहर के भीतर सुबह 8:00 बजे से लेकर रात के 8:00 बजे तक के भीतर प्रवेश करने दिया जाता है, जबकि भारी वाहन का प्रवेश झारखंड के सभी जिलों में सुबह 8:00 से रात 8:00 बजे तक नहीं रहता है। हजारीबाग शहर में करीब 1500 ई वाहन चल रहे हैं, जो बगैर रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। हजारीबाग शहर के डिस्टिक मोड चौक, कल्लू चौक, मटवारी चौक आदि में जाम की समस्या हमेशा देखने मिलती है। शहर के 30 चौक चौराहों को जाम से मुक्त किया जाये। क्या कहा है प्रार्थी ने याचिका में प्रार्थी की ओर से याचिका में कहा गया गया है कि हजारीबाग में चौक-चौराहों पर ट्रैफिक लाइट की व्यवस्था की जानी चाहिए। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले चौराहा पर पुलिस की तैनाती की जानी चाहिए, ट्रैफिक रूल का पालन नहीं करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। हजारीबाग शहर में अवैध पार्किंग को हटाया जाना जरूरी है।

# सिंहभूम चैंबर भवन के सामने कार का शीशा तोड़कर पैसों सहित अन्य सामान लेकर भागे अपराधी



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स भवन के सामने खड़ी चैंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यकारिणी सदस्य आकाश मोदी की कार का शीशा अपराधियों ने तोड़ दिया। कार का शीशा तोड़कर उसके अंदर रखे लैपटॉप बैग, कैश, जरूरी दस्तावेज की चोरी कर दी। इस घटना के बाद आकाश मोदी ने इसकी जानकारी चैंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका को दी, जिसके बाद उन्होंने तत्काल पुलिस को जानकारी दी। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की मदद से पुलिस अपराधियों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। जहां अपराधियों ने इस घटना को अंजाम दिया, उससे कुछ कदम की दूरी पर ही पुलिस की लगातार गश्ती होती रहती है। लेकिन इसके बावजूद अपराधियों ने इस घटना को अंजाम देकर सनसनी फैला दी है। इसको लेकर पुलिस की टीम जांच कर रही है और दोषियों पर कार्रवाई की मांग हो रही है। यह घटना हां घटी, उससे कुछ दूरी पर ही पुलिस हेलमेट चेकिंग करती रहती है।

# ट्रूडो सरकार के निराधार आरोप


भारत और कनाडा के रिश्ते यों तो पिछले करीब एक साल से खासे तनावपूर्ण चल रहे थे, लेकिन सोमवार को वे अतल गहराइयों में गोता लगाते दिखे। भारत ने न केवल ओटावा से अपने उच्चायुक्त को वापस बुला लिया, बल्कि नयी दिल्ली में एक्टिंग हाईकमिश्नर सहित छह कनाडाई राजनयिकों को शनिवार तक देश छोड़ने को कह दिया। इस कदम से साफ है कि दोनों देशों के रिश्ते इस हालत में पहुंच गये हैं कि कम से कम हाल-फिलहाल इसमें किसी तरह के सुधार की गुंजाइश नहीं दिख रही। इसके मूल में जस्टिन ट्रूडो सरकार का यह निराधार आरोप है कि कनाडा में पिछले साल हुई हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का हाथ है। दिलचस्प है कि खुद पीएम ट्रूडो संसद में सार्वजनिक तौर पर यह आरोप लगा चुके हैं, लेकिन आज तक उनकी सरकार इसके पक्ष में कोई सबूत नहीं पेश कर पायी है। भारत को सबूत सौंपने का दावा वह जरूर करती है, लेकिन जब उसने आरोप सार्वजनिक तौर पर लगाये तो उसे सबूत भी सार्वजनिक करने चाहिए, ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। ऐसा न करने की वजह से भारत की यह शिकायत जायज लगती है कि कनाडा सरकार एक ही बात को बार-बार दोहराने और गोल-गोल घुमाते रहने के अलावा कुछ नहीं कर रही। ऐसे में जब सोमवार को उसने भारतीय उच्चायुक्त को ही पर्सन ऑफ इंटरेस्ट घोषित कर दिया, तो भारत का नाराज होना स्वाभाविक था। गौर करने की बात है कि भारत ने कनाडा की मौजूदा सरकार की नीयत पर सवाल उठाते हुए साफ कहा कि वह अपने राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर उसकी प्रतिबद्धता पर भरोसा नहीं करती और इसीलिए उन्हें वापस बुला रही है। भारत के इस असाधारण रूप से कठोर रुख के पीछे यह तथ्य है कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद ट्रूडो सरकार कनाडा में सक्रिय खालिस्तान समर्थक तत्वों पर किसी तरह का अंकुश लगाने को तैयार नहीं हुई। इसके उलट उनकी गतिविधियों को अभिव्यक्ति की आजादी का हिस्सा करार देती रही है। भारत ने अगर ट्रूडो सरकार के इस रुख को उसकी राजनीतिक मजबूरियों से जोड़ा है तो उसके पीछे भी यह ठोस तथ्य है कि उस सरकार का अस्तित्व अलगाववादी कट्टरपंथियों के समर्थन पर निर्भर करता है। बहरहाल, ताजा विवाद भले ही भारत और कनाडा के द्विपक्षीय रिश्तों से जुड़ा दिख रहा हो, लेकिन इसमें निहित मुद्दे अंतरराष्ट्रीय कूटनीति के बुनियादी सरोकारों से वास्ता रखते हैं। मूल मसला यह है कि भारत जिन तत्वों को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा समझता है, ट्रूडो सरकार उन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ लेने देती है। ऐसे में अच्छा यही होगा कि वह अपनी गलतियां माने और भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की पहल करे।


मूल मसला यह है कि भारत जिन तत्वों को अपनी संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के लिए खतरा समझता है, ट्रूडो सरकार उन्हें लोकतांत्रिक अधिकारों की आड़ लेने देती है। ऐसे में अच्छा यही होगा कि वह अपनी गलतियां माने और भारत के साथ रिश्ते सामान्य बनाने की पहल करे।


**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

अभिधम्म पिटक, पाली कैनन का तीसरा भाग, बुद्ध की नैतिक मनोविज्ञान और दर्शन में गहराई से उतरता है, जो मन, उसके मानसिक कारकों और वास्तविकता को समझने के लिए एक जटिल ढांचा प्रस्तुत करता है। थेरवाद परंपरा के अनुसार, ये शिक्षाएं तावतींसा आकाश में दी गयी थीं, जहां बुद्ध ने वर्षा ऋतु के दौरान तीन महीने बिताए, देवताओं और अपनी माता को अभिधम्म का उपदेश दिया। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से, 'अभिधम्म' दो शब्दों 'अभि' (की ओर) और 'धम्म' (धारण करने के लिए) से मिलकर बना है, जिसे बुद्ध के उन्नत शिक्षाओं की ओर ले जाने के रूप में समझा जाता है।

# अभिधम्म का सम्मान: पाली साहित्य का एक शास्त्रीय रत्न




**प्रोफेसर रविंद्र पंथ**

Tattha vutta-bhid-hammattha catudha paramatthato, Cittta? cetasika? rupa? Nibbana? iti sabbatha.

एक वास्तविक अर्थ में, अभिधम्म में चार उल्लिखित श्रेणियां होती हैं: 1. चेतना, 2. मानसिक अवस्थाएं, 3. भौतिक गुण, और 4. निब्बाना या अंतिम मुक्ति। - अभिधम्मत्थसंगहो, वयोवृद्ध अनुरुद्ध द्वारा। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ (आइबीसी), भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से, 17 अक्टूबर 2024 को अंतर्राष्ट्रीय अभिधम्म दिवस और पाली की मान्यता का आयोजन कर रहा है।

अभिधम्म पिटक, पाली कैनन का तीसरा भाग, बुद्ध की नैतिक मनोविज्ञान और दर्शन में गहराई से उतरता है, जो मन, उसके मानसिक कारकों और वास्तविकता को समझने के लिए एक जटिल ढांचा प्रस्तुत करता है। थेरवाद परंपरा के अनुसार, ये शिक्षाएं तावतींसा आकाश में दी गयी थीं, जहां बुद्ध ने वर्षा ऋतु के दौरान तीन महीने बिताए, देवताओं और अपनी माता को अभिधम्म का उपदेश दिया। भाषाशास्त्रीय दृष्टि से, 'अभिधम्म' दो शब्दों 'अभि' (की ओर) और 'धम्म' (धारण करने के लिए) से मिलकर बना है, जिसे बुद्ध के उन्नत शिक्षाओं की ओर ले जाने के रूप में समझा जाता है। प्रसिद्ध पाली टिप्पणीकार वें. बुद्धघोष ने अभिधम्म को सबसे उन्नत या विशिष्ट सिद्धांत के रूप में वर्णित किया है, जो सुत्त पिटक की अधिक पारंपरिक शिक्षाओं से इसे अलग करता है।


अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है।

अभिधम्म दिवस पाली की समृद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में इसकी रणनीतिक महत्वता को याद दिलाने का एक अवसर है। जब अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ पाली भाषा का जश्न मनाता है, तो यह भारत के लिए आर्थिक और कूटनीतिक अवसर भी प्रस्तुत करता है।

अभिधम्म चार प्रकार के परमार्थ धम्म (अंतिम वास्तविकताएं) का कठोर विश्लेषण प्रस्तुत करता है: चित्त (चेतना), चेतसिका (मानसिक कारक), रूप (पदार्थ), और निब्बाना (अंतिम मुक्ति)। यह ढांचा साधकों को मानव अस्तित्व की जटिलताओं का अध्ययन करने की अनुमति देता है—मन और पदार्थ के अंतःक्रिया, दुःख की प्रकृति, और निब्बाना की प्राप्ति के लिए मार्ग, या दुःख के अवसान को समझने में। अभिधम्म पिटक सात ग्रंथों से मिलकर बना है, प्रत्येक बुद्ध की शिक्षाओं के विभिन्न पहलुओं का विस्तृत अध्ययन करता है। धम्मसंगणि पहला ग्रंथ है, जो अनुभव की दुनिया को बनाने वाली अंतिम वास्तविकताओं की गणना और परिभाषा करता है। विभंग इन वास्तविकताओं का और विश्लेषण करता है, जबकि धातुकथा और पुग्गलपञ्ञत्ति क्रमशः घटनाओं और व्यक्तियों के प्रकारों का वर्गीकरण प्रदान करते हैं। कथावत्थु विभिन्न दार्शनिक दृष्टिकोणों और विवादों को संबोधित करता है, जबकि यामक और पट्ठान उन जटिल शर्तीय संबंधों की गहराई में जाते हैं जो सभी घटनाओं के उत्पत्ति और निष्कर्ष को नियंत्रित करते हैं। पट्ठान को अभिधम्म का शिखर माना जाता है, यह एक विशाल ग्रंथ है, जो मन और पदार्थ की पूरी दुनिया को नियंत्रित करने वाले चौबीस प्रकार के शर्तीय संबंधों का विस्तृत अध्ययन करता है।

अभिधम्म में एक केंद्रीय अवधारणा शर्तीयता का सिद्धांत है, जो यह स्पष्ट करता है कि सभी घटनाएं कैसे एक जटिल कारणों और परिस्थितियों के अंतःक्रिया के कारण उत्पन्न होती हैं और समाप्त होती हैं।

हालांकि अभिधम्म अत्यधिक तकनीकी और सैद्धांतिक लग सकता है, इसका अंतिम उद्देश्य साधकों को वास्तविकता की सच्ची प्रकृति को समझने में सहायता करना है, जो पारंपरिक धारणाओं और अवधारणाओं के विकृतियों से मुक्त हो। सभी घटनाओं की अस्थायी, असंतोषजनक और निरात्मा स्वभाव को समझ कर, व्यक्ति धीरे-धीरे आसक्तियों और लिप्तता को छोड़ सकता है, जिससे वह दुःख से मुक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ सकता है।

हाल ही में, पाली को मराठी, प्राकृत, असमिया और बांग्ला के साथ क्लासिकल भाषा का दर्जा दिया गया है। यह प्राचीन मध्य इंडो-आर्यन भाषा भारतीय उपमहाद्वीप की है, जो बुद्ध धर्म की समृद्ध दार्शनिक और आध्यात्मिक परंपराओं के द्वार खोलती है। यह बौद्ध ग्रंथों और दर्शन की नींव है।

अभिधम्म पिटक, पाली कैनन (त्रिपिटक) का एक प्रमुख खंड है, जो मन, चेतना और वास्तविकता की प्रकृति की जटिलताओं का अन्वेषण करता है। यह ग्रंथ बुद्ध धर्म के मनोवैज्ञानिक और दार्शनिक आधारों को समझने के लिए आवश्यक है।

पाली का प्रभाव भारत से परे फैला हुआ है, खासकर दक्षिण-पूर्व एशिया में, जहां श्रीलंका, थाईलैंड, म्यांमार, लाओस और कंबोडिया जैसे देशों ने थेरवाद बौद्ध धर्म को अपनाया है। इन देशों में, पाली केवल एक धार्मिक भाषा नहीं है, बल्कि एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक संपत्ति भी है।

अभिधम्म दिवस पाली की समृद्ध विरासत और भारत की सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक परिदृश्य में इसकी रणनीतिक महत्वता को याद दिलाने का एक अवसर है। जब अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ पाली भाषा का जश्न मनाता है, तो यह भारत के लिए आर्थिक और कूटनीतिक अवसर भी प्रस्तुत करता है। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ को अपने एशियाई भागीदारों से मिले उत्साहजनक प्रतिक्रिया, जो भारत सरकार द्वारा पाली को क्लासिकल भाषा के रूप में मान्यता मिलने के बारे में उत्साहित हैं, इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस भाषा का भविष्य उज्ज्वल है।

पाली को अपनाने और बढ़ावा देने के माध्यम से, भारत इस गहन भाषा के जन्मस्थान के रूप में अपनी भूमिका को फिर से हासिल कर सकता है, जबकि दक्षिण-पूर्व एशिया में अपने प्रभाव का विस्तार भी कर सकता है। अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ का यह प्रयास न केवल बुद्ध की शिक्षाओं का सम्मान करता है, बल्कि यह सुनिश्चित करता है कि पाली में संचित ज्ञान फलता-फूलता रहे और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहे। इसके अलावा, जैसे-जैसे दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अपने बौद्धिक जड़ों के साथ फिर से जुड़ने की कोशिश कर रहे हैं, भारत पाली अध्ययन में संसाधन, विशेषज्ञता और नेतृत्व प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। यह न केवल भारत की भाषा पर अधिपत्य को मजबूत करता है, बल्कि पड़ोसी देशों के साथ कूटनीतिक संबंधों को भी मजबूत करता है।

**(लेखकः निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध परिसंघ, पूर्व कुलपति, नव नालंदा महाविहार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

### विदेश मंत्री एस जयशंकर पाकिस्तान में बोले

# आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते

- एससीओ बैठक में चीन का नाम लिये बिना कहा कि बॉर्डर का सम्मान करने की जरूरत है

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने पाकिस्तान में शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन (एससीओ) की बैठक को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते। जयशंकर ने पाकिस्तान-चीन का नाम लिए बिना कहा कि सभी देशों को एक दूसरे की सीमाओं का सम्मान करने की जरूरत है। भारतीय विदेश मंत्री ने कहा कि यदि एससीओ के मेंबर देशों के बीच दोस्ती में कमी आयी है और पड़ोसी से संबंध बिगड़े हैं, तो इस पर विचार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हमारे बीच भरोसे में कमी आयी है, तो हमें अपने अंदर झांकने और इसकी वजह समझने की जरूरत है। इससे पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एससीओ बैठक की शुरुआत करते हुए कहा था कि पाकिस्तान शांति, सुरक्षा और आर्थिक तरक्की चाहता है।



**'मेहमाननवाजी के लिए थैंक्यू शहबाज शरीफ'**

पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में आयोजित शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के शासनाध्यक्ष परिषद के सम्मेलन में भाग लेने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर बुधवार शाम को भारत पहुंच गए। पड़ोसी मुल्क से रवाना होने से पहले जयशंकर ने पाकिस्तान के प्रधानमंत्री और अन्य अधिकारियों का धन्यवाद किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, इस्लामाबाद से प्रस्थान करते हुए। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ, उप प्रधानमंत्री एवं विदेश मंत्री इशाक डार और पाकिस्तान सरकार को मेहमाननवाजी और शिष्टाचार के लिए धन्यवाद।

# बीइएमएल बनायेगी पहली स्वदेशी बुलेट ट्रेन

- दो वर्षों में होगी तैयार, स्पीड 250 से 280 किमी प्रति घंटे होगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सरकारी स्वामित्व वाली बीइएमएल (भारत अर्थ मूवर्स लिमिटेड) को दो हाई-स्पीड ट्रेनों की डिजाइनिंग, निर्माण और संचालन के लिए 867 करोड़ रुपये का ठेका मिला है। पहली बार देश में ऐसी स्वदेशी बुलेन ट्रेन का निर्माण होना है। इनकी अधिकतम गति 250 से 280 किलोमीटर प्रति घंटे होगी।



बीइएमएल को हाई स्पीड ट्रेन बनाने का ठेका चेन्नई स्थित इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आइसीएफ) की ओर से दिया गया है। बिजनेस स्टैंडर्ड की एक रिपोर्ट के अनुसार रेल मंत्रालय ने आईसीएफ से दो ऐसी रेलगाड़ियां बनाने को कहा है जो 250 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से चल सकें। अब आईसीएफ ने इन रेलगाड़ियों के लिए टेंडर जारी कर काम बीईएमएल को सौंप दिया है।

बीइएमएल ने एक्सचेंजों को दी जानकारी में बताया कि इसके प्रत्येक डिब्बे की कीमत 27.86 करोड़ रुपये होगी और पूरा अनुबंध 866.87 करोड़ रुपये का है। कंपनी ने बताया है कि इस राशि में डिजाइन की लागत, एक बार ट्रेन तैयार करने की लागत, गैर-आवर्ती शुल्क, जिग्स, फिक्सचर, टूलींग और परीक्षण सुविधाओं के लिए किया गया एकमुश्त निवेश शामिल है।

# 49.18 लाख कर्मियों और 67 लाख पेंशनरों को मिला 3% महंगाई भत्ता

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्रीय कर्मचारियों को मिलने वाले महंगाई भत्ते (डीए) में 3% बढ़ोतरी की गयी है। बुधवार (16 अक्टूबर) को हुई कैबिनेट मीटिंग में डीए बढ़ोतरी पर फैसला हुआ। दिवाली से पहले हुई इस बढ़ोतरी के बाद महंगाई भत्ता 50% से बढ़ कर 53% हो गया है। इसका फायदा करीब 49.18 लाख केंद्रीय कर्मचारियों और 64.89 लाख पेंशनर्स को होगा। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कैबिनेट की बैठक के बाद हुई प्रेस ब्रीफिंग में यह जानकारी दी है। इससे पहले कॉन्फेडरेशन ऑफ सेंट्रल गवर्नमेंट एम्प्लाइज एंड वर्कर्स के महासचिव एसबी यादव ने 30 सितंबर को केंद्रीय वित्त मंत्री को पत्र लिख कर डीए की दरों में बिना कोई देरी किए वृद्धि करने की मांग की थी।

# केंद्र सरकार का किसानों को तोहफा छह फसलों के एमएसपी में हुआ इजाफा

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** केंद्र सरकार ने बुधवार को किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने रबी की फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी में इजाफा किया है। अधिसूचना जारी कर केंद्र ने बताया कि गेहूं के लिए एमएसपी 2275 रुपये से बढ़ा कर 2425 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है। जौ का एमएसपी 1850 रुपये से बढ़ा कर 1980 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है। चने पर एमएसपी 5440 रुपये से बढ़ाकर 5650 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है। मसूर पर एमएसपी 6425 रुपये से बढ़ाकर 6700 रुपये प्रति क्विंटल की गयी है। सरसों पर एमएसपी 5650 रुपये से बढ़ाकर 5950 रुपये प्रति क्विंटल की गयी।

# एयरपोर्ट-विमानों में बम की धमकी देने वाले 'नो फ्लाइट लिस्ट' में होंगे शामिल

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** देशभर में इन दिनों लगातार से एयरपोर्ट और विमानों को बम से उड़ाने की धमकियां में बढ़ोतरी हो रही है, जो कि केंद्र सरकार के लिए एक चुनौती के तौर पर बन गयी है। इसी बीच केंद्र सरकार ने केंद्र सरकार ने देशभर के हवाई अड्डों से आने वाली उड़ानों में स्काई मार्शल की संख्या दोगुनी करने का फैसला लिया है। इस मामले में गृह मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने जानकारी दी है कि एयरपोर्ट और विमानों में बढ़ते खतरे के आकलन और खुफिया एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद स्काई मार्शल की संख्या दोगुनी करने का फैसला लिया गया है। बात अगर पिछले तीन दिनों की करें तो अब तक कुल 12 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है।

# मुख्य चुनाव आयुक्त के हेलिकॉप्टर की उत्तराखंड में हुई इमरजेंसी लैंडिंग

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के हेलिकॉप्टर की उत्तराखंड के मुनस्यारी के रालम में इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। इसकी वजह खराब मौसम बतायी गयी है। हेलिकॉप्टर मिलम की तरफ जा रहा था। सीइसी के साथ राज्य के उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी विजय कुमार जोगदंडे भी थे। सीइसी का मिलम से नंदा देवी बेस कैंप ट्रैकिंग के लिए जाने का प्लान था, लेकिन इसी बीच दिन के एक 1 बजे मौसम खराब हो गया। पायलट ने खतरा महसूस होते ही सूझबूझ का परिचय देते हुए हेलिकॉप्टर की पास में ही एक खेत में सेफ लैंडिंग करा दी। डीएम ने सीइसी से बात की, वे सुरक्षित हैं।

# जम्मू-कश्मीर के सीएम बने उमर अब्दुल्ला

- भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रैना को हराने वाले सुरेंदर चौधरी डिप्टी सीएम, कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**श्रीनगर।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही वे इस केंद्र शासित राज्य के पहले सीएम बन गये। कार्यक्रम श्रीनगर के शेर-ए-कश्मीर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस सेंटर (एसकेआइसीसी) में हुआ।

नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ मिल कर विधानसभा चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस सरकार में शामिल नहीं हुई है। हालांकि उमर के शपथ समारोह में राहुल और



प्रियंका गांधी मौजूद रहे। कांग्रेस ने सरकार को बाहर से समर्थन दिया है। पार्टी का कहना है कि जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा मिलने तक उसकी लड़ाई जारी रहेगी।

शपथ लेने के बाद उमर ने कहा कि उनकी गाड़ी के लिए सड़क पर कोई भी ग्रीन कॉरिडोर या ट्रैफिक नहीं रोका जायेगा। उन्होंने अपने मंत्रियों से भी अनुरोध किया है कि वे भी ऐसा ही करें। उमर का कहना है कि वे जनता की सेवा के लिए हैं, न कि उन्हें तकलीफ देने के लिये।

**डिप्टी सीएम सुरेंदर चौधरी :** नौशेरा से विधायक हैं। विधानसभा चुनाव में राज्य भाजपा के अध्यक्ष रहे रवींद्र रैना को 7819 वोट से हराया।

**मंत्री सकीना इट्टू :** डीएस पोरा से विधायक, 1996 में जम्मू-कश्मीर की सबसे युवा विधायक बनी थीं। तब उम्र 26 साल थी। 2008 में जम्मू-कश्मीर से अकेली महिला मंत्री थीं।

**मंत्री जावेद राणा :** मेंढर से विधायक हैं। 2002 और 2014 में इसी सीट से विधायक बने। पहली बार मंत्री बनाये गये हैं।

**मंत्री जावेद अहमद डार :** राफियाबाद से चुनाव जीते हैं। पहली बार विधायक बने हैं।

**मंत्री सतीश शर्मा :** छंब सीट से निर्दलीय विधायक ने नेशनल कॉन्फ्रेंस को समर्थन दिया है। शपथ लेने के बाद उन्होंने जय माता दी का नारा लगाया।

# नायब सैनी आज सीएम पद की शपथ लेंगे

- शाह की मौजूदगी में नाम तय, राजभवन पहुंचकर सरकार बनाने का दावा पेश किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़/पंचकूला।** हरियाणा में नायब सिंह सैनी ही मुख्यमंत्री बने रहेंगे। बुधवार (16 अक्टूबर) को पंचकूला में बीजेपी विधायक दल की मीटिंग में उन्हें नेता चुना गया। मीटिंग में विधायक कृष्ण बेदी ने नायब सैनी के नाम का प्रस्ताव रखा। जिसका अनिल विज और आरती राव ने समर्थन किया। फिर सभी विधायकों ने नायब सैनी के नाम पर सहमति दे दी। इसके बाद गृह मंत्री अमित शाह ने नायब सैनी के सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुने जाने की घोषणा की। शाह ने कहा- हरियाणा की स्थापना से लेकर अब तक कोई भी मुख्यमंत्री लगातार तीसरी बार सफल नहीं हुआ। युवा नायब सैनी के नेतृत्व में हम तीसरी बार चुनाव जीत पाए हैं। शाह के साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी ऑब्जर्वर के तौर पर मौजूद रहे। इसके बाद नायब सैनी ने अमित शाह के साथ राजभवन जाकर गवर्नर बंडारू दत्तात्रेय के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया। इस दौरान 3 निर्दलीय विधायकों ने भी बीजेपी को समर्थन का पत्र सौंपा। गुरुवार को 11 बजे पंचकूला के शालीमार ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह होगा। इसमें पीएम नरेंद्र मोदी समेत भाजपा और एनडीए सहयोगी दलों के शासित राज्यों के मुख्यमंत्रियों समेत 37 नेता मौजूद रहेंगे।



## गढ़वा में तीन दिवसीय 24वीं राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ के मेजबानी में आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का उद्घाटन बुधवार को जिला मुख्यालय के नवादा मोड़ स्थित बंधन मैरिज हॉल में किया गया। प्रतियोगित का उद्घाटन संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय, झारखंड टेबल टेनिस संघ के उपाध्यक्ष सेबल गुप्ता, सुप्रसिद्ध युवा सर्जन डॉ कुमार निशांत, अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि खेलों में हार जीत आम बात है। अनुशासित खिलाड़ी हर हार से सबक लेकर जीत की ओर अग्रसर होते रहते हैं। इस प्रतियोगिता में राज्य के 10 जिले के विभिन्न आयु वर्ग में 143 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। जिसमें 91 बालक और 52 बालिकाएं शामिल हैं। प्रतियोगिता दो मुख्य रेफरी और 12 अंपायर की देखरेख में सम्पन्न होगी। प्रतियोगिता का समापन 20 अक्टूबर को होगा।

## ऋषि दो वर्षों से आवास के लिए लगा रहा कार्यालय का चक्कर

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** दो वर्षो से आवास के लिए परेशान अरसली उतरी पंचायत निवासी ऋषि साह ने बुधवार की सुबह बीडीओ नंदजी राम के कार्यालय के समक्ष धरना पर बैठ गया। ऋषि का कहना है कि पिछले दो साल से आवास के लिए प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा कर थक गया। उसने इसके लिए कई बार पंचायत के मुखिया और बीडीओ को आवेदन दिया, बावजूद आज तक आवास नहीं मिला। आवास हेतु बीडीओ को आवेदन देने पर उनके द्वारा बोला गया की वें स्वयं जांच करने आयेंगे। आवास के एवज में दलाल द्वारा 10 हजार रूपये तक का रिश्वत मांगा गया, लेकिन मेरे द्वारा देने में असमर्थता जताने पर मेरा आवास आवंटित नहीं हो सका। इस संबंध में बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि ऋषि का नाम आबुआ आवास के सूची में नीचे है, अगर ग्राम सभा से सूची में पहले नाम आ जाता, तो आवास उनको मिल जाता।

# भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने के लिए एकजुट हो चुकी है क्षेत्र की जनता: सत्येंद्रनाथ

## झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर दो सौ से अधिक लोग भाजपा में हुए शामिल

आजाद सिपाह संवाददाता

**गढ़वा।** मंगलवार देर रात और बुधवार को भाजपा के पूर्व विधायक सत्येंद्रनाथ तिवारी के आवास पर गढ़वा-रंका विधानसभा क्षेत्र के करीब आधा दर्जन से अधिक गांवों के दो सौ से अधिक लोगों ने झामुमो सहित अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। सभी को पूर्व विधायक ने पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया। मौके पर पूर्व विधायक ने कहा कि गढ़वा सहित झारखंड के सभी जगहों पर भाजपा और पीएम मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। यहीं कारण है कि प्रत्येक दिन भारी



संख्या में लोग दूसरे दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर रहे है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने गरीबों के हित में कई महत्वकांक्षी योजनाएं की शुरूआत की है। लेकिन झारखंड की हेमंत सरकार ने केन्द्र की योजनाओं का लाभ गरीबों तक नहीं पहुंचने दी। उन्होंने जिला प्रशासन के अधिकारियों से भी निष्पक्ष होकर काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला और पुलिस प्रशासन आदर्श आचार संहिता लगने के बाद भी मंत्री के ईशारे पर कठपुतली की तरह काम कर रहे है। जिला और प्रखंड स्तर के कुछ पदाधिकारी मंत्री के एजेंट के रूप में काम कर रहे है। उन्होंने कहा कि दो दिनों के अंदर अगर पुलिस और प्रशासन के अधिकारी निष्पक्षता से काम करना शुरू नहीं किये तो, वे बाध्य होकर चुनाव आयोग के समक्ष अधिकारियों पर त्वरित कार्रवाई चुनावी कार्य से दूर रखने का गुहार लगाने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने कहा कि गढ़वा की जनता इस बार भाजपा को प्रचंड बहुमत के साथ जीत दिलाने के लिए एकजुट हो चुकी है। पार्टी में मेराल प्रखंड के पढ़आ, सोहबरियां, कजराठ, सदर प्रखंड के लगमा, कोरवाडीह सहित अन्य गांव के दो सौ से अधिक लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी जल मीनार, विधायक का हवाला देकर बचने की कोशिश कर रहीं प्रमुख

आजाद सिपाही संवाददाता

**विशुनपुरा।** सरांग पंचायत के पुरवाला टोला में पंचायत समिति के 15वीं वित से लगने वाली जलमीनार भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ गया है। इस योजना के नाम पर लगभग 2,49000 का अवैध निकासी कर गबन कर ली गयी है। इस योजना में भारी फर्जीवाड़ा का मामला सामने आ रही है, इसमें प्रमुख और पदाधिकारी के मिली भगत से अवैध निकासी कर ली गयी है।

सरांग गांव के पुरवारा टोला में अभी तक जलमीनार का निर्माण नहीं किया गया है। इस टोले के रघु सिंह के घर के पास जलमीनार निर्माण करना था, इसके नाम पर लगभग 2 लाख 49 हजार रु के फर्जी निकासी भी करा लिया गया है, लेकिन लोगों को लाभान्वित करने वाली योजना



का निर्माण नहीं कराया गया है।

**इस टोले में 10 घर के लगभग 50 लोग रहते है :** ग्रामीण बलिराम सिंह, देवराज सिंह, मुखलाल पासवान, अवधेश सिंह, अमरेंद्र सिंह, दुर्गेश सिंह, वीरेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, विक्रांत पासवान, रघु सिंह, बिमला, सांवरिया देवी, पूनम, साकेत सिंह सहित ग्रामीणों ने बताया कि जलमीनार लगवाने के लिए रघु सिंह से जमीन का रसीद भी लिया गया है। यहां लोगों को पानी पीने के लिए इसका लाभ नहीं मिल रहा है।

लोगों ने खबर देख कर जलमीनार बेचने और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उनलोगों ने कहा कि सरांग गांव के बलराम साह द्वारा प्रमुख दीपा कुशवाहा के कहने पर रघु सिंह से जमीन का रसीद ले जाया गया था कि प्रमुख द्वारा आपके दरवाजा पर जलमीनार लगाया जाना है। यह योजना वित्तीय वर्ष 2024/25 का प्लान में भी चढ़ा हुआ है, लेकिन अभी तक प्रमुख द्वारा हमारे दरवाजा पर जलमीनार नहीं लगाया गया और फर्जी निकासी कर ली गयी और हमलोग इंतजार ही कर रहें हैं। ग्रामीणों ने पदाधिकारी से मांग किया है कि सबसे पहले रघु सिंह के घर के पास जलमीनार लगवाया जाये और इसमें दोषी लोगों पर कानूनी कार्यवाई की जाये। मालूम हो कि जलमीनार निर्माण योजना का भुगतान 3 अक्टूबर को एफटीओ जनरेट कर किया गया है, जबकि 3 तारीख को सरकारी छुट्टी होने के बावजूद भी कर्मियों की लापरवाही से भुगतान कर दिया गया है। भुगतान प्रखंड विकास पदाधिकारी और बीपी आरो के डोंगल से पेमेंट किया गया है।

इस संबंध में पूछे जाने पर विधायक का हवाला देते हुए विशुनपुरा प्रमुख दीपा कुमारी ने बताया कि जिस जगह योजना लगवानी थी, उस जगह विधायक द्वारा जलमीनार निर्माण की बात सामने आया था, इसलिए जल मीनार को दूसरे स्थान पर लगा दिया गया है।

# ग्रामीणों ने डीसी के नाम बीडीओ को सौंपा मांग पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** प्रखंड अंतर्गत बलियारी पंचायत में मनरेगा योजनाओं में डिमांड नहीं लगाने को लेकर दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने डीसी को संबोधित आवेदन बीडीओ को सौंपा है। जिसमें कहा गया है कि बीपीओ कमलेश कुमार के द्वारा कांडी प्रखंड के बलियारी पंचायत में मनरेगा से संबंधित किसी भी योजना में डिमांड नहीं लगाया जा रहा है। लाभुकों के द्वारा पूछे जाने पर बीपीओ के द्वारा कहा जाता है कि कांडी प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय ने मुझे यह निर्देश दिया है कि बलियारी पंचायत के किसी भी मनरेगा योजना में डिमांड नहीं लगाना है। जबकि बलियारी पंचायत में पिछले वित्तीय वर्ष 2022 - 23, और 2023 - 24 से लगभग 250 से अधिक योजनाएं स्वीकृत हैं। जिसका जियो टैग भी रोजगार सेवक के द्वारा किया जा चुका है। यहां तक कि जिस लाभुक के द्वारा कार्य किया गया है उनकी योजना में भी

**क्या कहा बीपीओ ने :** बलियारी पंचायत में कहीं एक फुट जमीन भी खाली नहीं है, जहां काम किया जाये, ऐसे में कहां काम हो सकता है। बिना काम के पैसा नहीं दिया जा सकता। पैसा लेने का आरोप बिल्कुल झूठा और निराधार है।

**क्या कहते हैं प्रमुख :** न तो कहीं काम हुआ है, न हो रहा है तो फिर डिमांड किस बात का। ग्रामीणों के आने पर मैंने खुद बीपीओ से डिमांड लगाने को फोन किया था, तो उन्होंने उक्त बातें कहीं। कुआं की योजनाओं में गलत करने वाले लोग ही आये थे। पैसा लेने के विषय में प्रखंड का एक आदमी, अफसर या स्टाफ कहे तो कि उसने पिंकू पांडेय को पैसा दिया है।

डिमांड नहीं लगाया जा रहा है। योजना कोडिंग और सैंसन में बीपीओ कमलेश कुमार के द्वारा प्रति योजना 3000 मेड़बंदी के लिए तो 20000 रुपये तालाब और कुआं की कोडिंग के लिए लिया गया है। उसके बाद भी कार्य नहीं किया जा रहा है। ग्रामीणों ने निवेदन किया है कि बलियारी पंचायत में डिमांड लगवाया जाए। पंचायत के लाभुक भुखमरी और बेरोजगारी से परेशान हैं। कहा है कि प्रखंड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय के द्वारा प्रखंड के प्रत्येक पंचायत से पैसे की उगाही की जा रही है। आरोप लगाते हुए कहा कि बलियारी पंचायत की मुखिया चंदा देवी के द्वारा जब प्रखंड प्रमुख को पैसा देने से मना किया गया, तो प्रखंड प्रमुख के द्वारा बीपीओ कमलेश कुमार को यह निर्देश दिया गया कि बलियारी पंचायत में मनरेगा से संबंधित किसी भी योजना में डिमांड नहीं लगाना है। इससे आक्रोशित ग्रामीण प्रखंड विकास पदाधिकारी के पास पहुंचे और वहां उपायुक्त के नाम से आवेदन सौंपा।

आवेदन देने वालों में मुखिया प्रतिनिधि ललन मेहता, गोपाल बरई, धीरेंद्र मिश्रा, सुधांशु सौरभ, जेपी मेहता, मुकेश दुबे, प्रदीप, विकास वार्ड सदस्य वार्ड नंबर 7, राहुल, बबलू, बिट्ठू कुमार रवि इत्यादि का नाम शामिल है।

# गोलगप्पे खाने के शौकीन सावधान!

## स्वाद बढ़ाने के लिए पैर से गूंथा जाता है आटा, 2 युवक हिरासत में

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** अगर आप भी गोलगप्पे खाने के शौकीन हैं तो सावधान हो जायें, क्योंकि कई लोग अब गोलगप्पे के आटा गूंथने के लिए हाथ नहीं, बल्कि पैर का इस्तेमाल करते हैं। ताजा मामला गढ़वा जिले के मझिआंव बाजार का है। यहां गोलगप्पे के लिए पैर से आटा गूंथने का वीडियो वायरल हो गया, जिसके बाद स्थानीय लोग उग्र हो गये। इस मामले में पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में ले लिया है। गोलगप्पे में स्वाद बढ़ाने के लिए करते हैं हार्पिक और यूरिया का इस्तेमाल आक्रोशित भीड़ ने गोलगप्पे बनाने वाले दो दुकानदारों को घेर लिया तथा गोलगप्पे का पानी बनाने की विधि के बारे में पूछा। आक्रोशित भीड़ के सवाल का जवाब देते हुए दोनों ने बताया वे गोलगप्पे में स्वाद बढ़ाने के लिए हार्पिक और यूरिया खाद का भी इस्तेमाल करते हैं। यह सुनते ही लोग और उग्र हो गये। इसी बीच सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस पहुंची और दोनों को बचाया और हिरासत में लेकर थाना ले आयी।

**मौसेरे भाई ने खोला राज :** गुपचुप बनाने वाले अरबिंद यादव ने बताया कि कुछ दिन पहले उसका उसके मौसेरे भाई अंशु और राघवेंद्र से झगड़ा हुआ था। इसके बाद उन लोगो ने पैर से मैदा गूंथते हुए वीडियो बना लिया और वायरल कर दिया।

**हिरासत में लिये गये दुकानदार:** इस संबंध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि हिरासत में लिये गये दोनों युवक उत्तरप्रदेश के हैं। इनमें एक झांसी जिला स्थित पूंछ थाना के सेसा गांव निवासी हर प्रसाद यादव का पुत्र अरबिंद यादव एवं जालौन जिला के चुरकी थाना क्षेत्र के नूरपुर गांव निवासी मंगल लाल का पुत्र सतीश कुमार श्रीवास्तव है।

## 5 वर्षों से फरार चल रहे चार नामजद वारंटी गिरफ्तार

**धुरकी (आजाद सिपाही)।** धुरकी पुलिस ने 5 वर्षों से फरार चल रहे चार नामजद वारंटीयों को गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक विरासत में गढ़वा जेल भेज दिया है। इस संबंध में थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक गढ़वा के निर्देशानुसार क्षेत्र में गैरकानूनी गतिविधि अवैध वह गोरखधंधा पर पुलिस की कड़ी निगरानी है। थाना प्रभारी ने कहा की गत 5 वर्षों से अलग-अलग करो में फरार चल रहे करीब आधे दर्जन अजमानतीय वारंटी कदवा निवासी गुलाबचंद भुईया, आशीष भुईयां और घाघरी निवासी संजय चंद्रवंशी आलोक चंद्रवंशी दोनों पिता विश्वनाथ चंद्रवंशी को गिरफ्तार कर न्यायालय में हाजिर कर दिया है।

# विरोधी चाहे जितनी भी ताकत लगा लें, भ्रमित नहीं होगी जनता : मिथिलेश ठाकुर

**झामुमो महिला मोर्चा ने बैठक कर मिथिलेश ठाकुर को जिताने का लिया संकल्प**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झामुमो महिला मोर्चा की बुधवार को गढ़वा विधायक मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास पर बैठक आयोजित की गयी। बैठक में महिला मोर्चा के सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने श्री ठाकुर को ऐतिहासिक मतों से जीताने का संकल्प ली। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में जाकर सघन जनसंपर्क अभियान चलाते हुए लोगों को झारखंड सरकार के कार्यों से अवगत कराने और बूथ कमिटी को मजबूत करने का



निर्णय ली।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की हेमंत सरकार ने काफी विषम परिस्थितियों के बावजूद राज्यहित और जनहित में बहुत ही बेहतर कार्य की है। राज्य सरकार की ओर से चलायी जा रही सभी जनहित की योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचायें। साथ ही विरोधियों की झूठ फरेब की नीति से भी जनता को अवगत करायें। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता तन, मन से लोकतंत्र के महापर्व चुनाव में लग जायें। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को अपने बूथ को मजबूत करते हुए चुनाव जीतने की टिप्स भी बताया। मंत्री ने कहा कि विरोधी चाहे जिजनी भी ताकत लगा लें, जनता भ्रमित होने वाली नहीं है। आगामी विस चुनाव में हर हाल में महागठबंधन बहुमत के आंकड़े को पार करेगा। गढ़वा की जनता विकास करने वाले को ही अपना जनप्रतिनिधि चुनेगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में ही सरकार बनेगी। बैठक में मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, चंदा देवी, अराधना सिंह, रेखा पाठक सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता उपस्थित थी।

# इग्नू में नामांकन की तिथि बढ़ी, 31 तक ले सकते हैं नामांकन

**बीए द्वितीय और तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर के द्वितीय वर्ष में आखिरी तिथि भी 31 अक्तूबर तक विस्तारित की गयी है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** इग्नू में सत्र जुलाई 2024 में नामांकन की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर तक विस्तारित किया गया है। गढ़वा, इग्नू अध्ययन केंद्र सूरत पांडेय डिग्री कॉलेज, गढ़वा में स्नातक प्रतिष्ठा और सामान्य, स्नातकोत्तर, पीजी डिप्लोमा तथा



डिप्लोमा आदि पाठ्यक्रमों में नामांकन जारी है। इच्छुक विद्यार्थी अब 31 अक्तूबर तक नामांकन करा सकते हैं, ऑनलाइन नामांकन की सुबिधा उपलब्ध है। वैसे व्यक्ति जो किसी भी कारण से रेगुलर पढ़ने में असमर्थ हैं या अपनी शिक्षा को और आगे बढ़ाना चाहते हैं या नौकरी करने वाले इक्षुक व्यक्ति भी अपना नामांकन करा सकते हैं। बी. ए. द्वितीय और तृतीय वर्ष तथा स्नातकोत्तर के द्वितीय वर्ष में आखिरी तिथि भी 31अक्तूबर तक विस्तारित की गयी है, ये जानकारी स्थानीय इग्नू अध्ययन केंद्र (3629) गढ़वा के कोऑर्डिनेटर डॉक्टर अरुण कुमार तिवारी ने दी है।

## जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त का कार्यालय, लोहरदगा (जिला निर्वाचन शाखा)

### आदेश

लोहरदगा जिले अवस्थित समस्त प्रिटिंग प्रेस को आदेश दिया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 127 क का पूर्णतः अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

प्रावधान इस प्रकार है–

127 क, पुस्तिकाओं, पोस्टरों आदि के मुद्रण पर निर्बन्धन–

(1) कोई भी व्यक्ति कोई ऐसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर जिसको मुख्य पृष्ठ पर उसके मुद्रक और प्रकाशक के नाम और पते न हो, मुद्रित या प्रकाशित न करेगा और न मुद्रित या प्रकाशित कराएगा।

(2) कोई भी व्यक्ति किसी निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर को

(क) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा, और न मुद्रित कराएगा जिसमें वह उसके प्रकाशक की अनन्यता के बारे में अपने द्वारा हस्ताक्षरित और ऐसे दो व्यक्तियों द्वारा जो उसे स्वयं जानते हैं अनुप्रमाणित द्विप्रतीक घोषणा मुद्रक को परिदत्त को देता है : तथा

(ख) उस दशा में के सिवाय न तो मुद्रित करेगा और न मुद्रित कराएगा जिसमें कि मुद्रक घोषणा की एक प्रति दस्तावेज की एक प्रति के सहित–

(i) उस दशा में जिसमें कि वह राज्य की राजधानी में मुद्रित की जाती है, मुख्य निर्वाचन आफिसर को, तथा

(ii) किसी अन्य दशा में उस जिले के, जिसमें कि यह मुद्रित की जाती है, जिला मजिस्ट्रेट को दस्तावेज के मुद्रण के पश्चात् युक्तियुक्त समय के भीतर भेज देता है।

(3) इस धारा के प्रयोजनों के लिए–

(क) दस्तावेज की अनेकानेक प्रतियां बनाने की किसी ऐसी प्रक्रिया की बाबत जो हाथ से नकल करके ऐसी प्रतियां बनाने से भिन्न है, यह समझा जाएगा कि वह मुद्रण है, और "मुद्रक" पद का अर्थ तद्नुसार लगाया जाएगा : तथा

(ख) "निर्वाचन पुस्तिका या पोस्टर" से किसी अभ्यर्थी या अभ्यर्थियों के समूह के निर्वाचन को सप्रवर्तित या प्रतिकूलतः प्रभावित करने के प्रयोजन के लिए वितरित कोई मुद्रित पुस्तिका, पर्चा या अन्य दस्तावेज या निर्वाचन के प्रति निर्देश करने वाला कोई प्लेकार्ड या पोस्टर अभिप्रेत है, किन्तु किसी निर्वाचन सभा की तारीख, समय, स्थान और अन्य विशिष्टियों को केवल आख्यापित करने वाला या निर्वाचन अभिकर्ताओं या कार्यकर्ताओं को चर्चा संबंधी अनुदेश देने वाला कोई पर्चा, प्लेकार्ड या पोस्टर इसके अन्तर्गत नहीं आता।

(4) जो कोई व्यक्ति उपधारा (1) या उपधारा (2) के उपबंधों में से किसी का उल्लंघन करेगा वह कारावास से, जिसकी अवधि छह माह तक की हो सकेंगी या जुर्माने से, जो दो हजार रुपए तक का हो सकेगा, या दोनों से, दंडनीय होगा।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–
उपायुक्त, लोहरदगा

PR 339113 (Lohardaga)24-25*D

## न्यायालय : अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़

### -: निषेधाज्ञा आदेश :-
### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा- 163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधान सभा निर्वाचन– 2024 की घोषणा प्रेस नोट जारी करते हुए दिनांक 15/10/2024 को कर दी गई है। तिथि की घोषणा के साथ ही पूरे अनुमण्डल क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। निर्वाचन की प्रक्रियाओं को प्रारम्भ किया जा चुका है। इस अवधि में विभिन्न राजनैतिक दलों तथा प्रत्याशियों के द्वारा चुनाव प्रचार हेतु जन सभा/जुलुस का आयोजन किया जायेगा। जनसभा एवं जुलुस में राजनैतिक प्रतिद्वंदिता एवं प्रतिस्पर्धा के कारण शस्त्र एवं शक्ति प्रदर्शन कर मतदाताओं को प्रभावित/आतंकित किये जाने तथा विधि व्यवस्था भंग होने की प्रबल संभावना बनी रहती है। इसके अतिरिक्त मतदाताओं को डराने, धमकाने, जातीय, साम्प्रदायिक तथा धार्मिक विद्वेश की भावना फैलाने के लिए आवंछित/असामाजिक तत्वों के सक्रिय होने के कारण विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है, जिसके कारण लोक शांति भंग हो सकती है।

अतः उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में मैं अनुराग कुमार तिवारी, झा0प्र0से0 अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़ अनुमण्डल रामगढ़ अंतर्गत निश्पक्ष चुनाव के आचरण एवं अनुकूल, स्वस्थ एवं शांतिपूर्ण माहौल बनाये रखने के लिए संतुश्ट होकर चुनाव प्रक्रिया के समाप्ति होने तक अथवा अधिकतम 60 दिनों तक जो भी पहले हो, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा – 163 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सम्पूर्ण रामगढ़ अनुमण्डल क्षेत्र में निम्नांकित निषेधाज्ञा आदेश जारी करता हूँ :–

1. किसी भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा राजनैतिक प्रयोजन से संबंधित किसी भी प्रकार की सभा, जुलूस, धरना या किसी भी प्रकार का प्रदर्शन बिना सक्षम पदाधिकारी के पूर्वानुमति के आयोजित नहीं किया जाएगा। जुलूस में किसी भी व्यक्ति के पास किसी भी प्रकार का धारदार हथियार (अस्त्र एवं शस्त्र) जो मानव शरीर के लिए घातक हो, को लेकर चलने पर प्रतिबंध आरोपित किया जाता है।
2. The Jharkhand Control of the Use and Play of Loudspeakers Act, 1955 के अन्तर्गत ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10:00 बजे से प्रातः 6:00 बजे तक वर्जित रहेगा।
3. किसी सार्वजनिक/सरकारी सम्पति पर नारा लिखना, पोस्टर पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेश का झंडा लगाना, सार्वजनिक सड़कों पर बैनर लगाना, होर्डिंग लगाना एवं तोरण द्वार लगाने पर प्रतिबंध आरोपित किया जाता है। उक्त प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर संबंधित व्यक्तियों पर Prevention of Defacement of Property Act-1987 के सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।
4. किसी भी व्यक्तिगत सम्पति पर बिना सम्पति मालिक की लिखित अनुमति के नारा लिखना, पोस्टर पम्पलेट चिपकाना, पार्टी विशेष का झंडा लगाने, होर्डिंग लगाने पर प्रतिबंध आरोपित किया जाता है।
5. भारतीय दण्ड संहिता में परिभाषित किसी भी अपराध करने तथा शांति भंग करने के उद्देश्य से पाँच या उससे अधिक व्यक्ति किसी भी स्थान पर एकत्रित नहीं होंगे।
6. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी ऐसे किसी प्रकार का पोस्टर, पर्चा, आलेख, फोटो आदि का प्रयोग नहीं करेगा, जो किसी व्यक्ति/समुदाय/धर्म/जाति की भावनाओं को आहत करता हो, तथा इससे आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन होता हो।
7. कोई भी व्यक्ति अथवा राजनैतिक दल या संगठन, उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी व्यक्ति विशेश के विरूद्ध ऐसे किसी आपत्तिजनक टिप्पणी, विधि–विरूद्ध संदेश, का प्रयोग व्हाटसएप/फेसबुक/टिव्टर/ इंस्टाग्राम अथवा सोशल मीडिया पर या किसी भी तंत्र पर नहीं करेंगे, जिससे किसी की व्यक्तिगत/मानसिक/धार्मिक/जातीय भावनाऐं आहत होती हो तथा जिससे चुनाव संबंधी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता हो। उक्त का उल्लंघन करने की स्थिति में संबंधितों पर सुसंगत प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जायेगी।
8. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी धार्मिक स्थल का प्रयोग राजनैतिक प्रचार के लिए नहीं करेंगे एवं साम्प्रदायिक भावना को भड़काने का कार्य नहीं करेंगे।
9. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी मतदाताओं को डराने, धमकाने का कार्य नहीं करेंगे और न ही किसी भी मतदाता को प्रलोभन में लाने का प्रयास करेंगे।
10. सरकारी स्वामित्व वाले गेस्ट हाउस, भवन का कोई भी हिस्सा किसी भी राजनीतिक गतिविधियों/ सभा/बैठक के लिए उपयोग नहीं किया जायेगा।
11. किसी राजनीतिक दल अथवा अभ्यर्थी अथवा अन्य किसी व्यक्ति के द्वारा ऐसा कोई कार्य नहीं किया जायेगा, जिससे विभिन्न जातियों या धार्मिक या भाषाई समुदायों के बीच घृणा की भावना उत्पन्न हो।
12. प्रदूषण फैलाने वाले प्रचार सामग्रियों यथा–प्लास्टिक/पॉलीथीन से बने पोस्टर, बैनर का इस्तेमाल राजनैतिक प्रचार–प्रसार के लिए नहीं किया जायेगा।
13. कोई भी व्यक्ति/राजनैतिक दल/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी किसी भी प्रकार का लाईसेन्सड हथियार लेकर नहीं चलेगा एवं आग्नेयास्त्र, तीर–धनुष, लाठी, भाला एवं मानव शरीर के लिए अन्य कोई घातक हथियार का प्रदर्शन नहीं करेगा।

**परन्तु उल्लेखनीय है कि यह आदेश :–**

- परम्परागत रूप से शस्त्र धारण करने वाले समुदाय (नेपालियों द्वारा खुखरी धारण करने तथा सिखों द्वारा कृपाण धारण करने वाले) विधि–व्यवस्था एवं निर्वाचन कर्त्तव्य पर लगे दण्डाधिकारियों/निर्वाचन कर्मियों और पुलिस पदाधिकारियों पर यह लागू नहीं रहेगा।
- यह आदेश जिला दण्डाधिकारी द्वारा लोक सभा आम निर्वाचन के अवसर पर निर्गत किये जाने वाले आदेश के आलोक में निर्दिष्ट स्थान पर शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा शस्त्र निरीक्षण कराने एवं शस्त्र जमा कराने हेतु शस्त्र ले जाने वाले अनुज्ञप्तिधारियों पर शिथिल रहेगा।

14. किसी भी राजनैतिक दल/व्यक्ति/संगठन/उम्मीदवार/अभ्यर्थी के द्वारा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता के संदर्भ में समय–समय पर जारी दिशा–निर्देश के विपरीत कोई भी कार्य नहीं किया जायेगा।
15. यह आदेश पूर्वानुमति प्राप्त सभा/जुलूस/शादी/बारात पार्टी/शव–यात्रा/हाट–बाजार/अस्पताल जा रहे मरीज के साथ–साथ जा रहे व्यक्तियों, विद्यालय एवं महाविद्यालय जाने वाले छात्र/छात्राओं एवं कर्त्तव्य पर तैनात सरकारी कर्मचारी/पुलिस बल पर लागू नहीं रहेगा।

चूँकि संबंधित सभी व्यक्तियों को तत्काल रूप में नोटिस तामिला कराना संभव नहीं है, अतः यह आदेश एक पक्षीय (Ex- Parte) पारित किया जाता है।

यह आदेश मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुहर से आज दिनांक 15/10/2024 के अपराह्न से जारी किया जाता है।

यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

ह०/–
अनुमण्डल दण्डाधिकारी, रामगढ़।

PR.NO.339128 District(24-25):D

# सज गया तमाड़ विधानसभा का चुनावी मैदान, ताल ठोक रहे हैं आधा दर्जन प्रत्याशी

## दो सगे भाइयों के बीच चुनाव मैदान में जोर आजमाइश का गवाह बनेगा तमाड़

स्वरूप भट्टाचार्य

**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** चुनाव का विगुल बजते ही तमाड़ विधानसभा में राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। पुलिस प्रशासन द्वारा विभिन्न पार्टियों के बैनर पोस्टर और झंडे हटाये जा रहे हैं। विभिन्न दलों के घोषित और अघोषित उम्मीदवार चुनावी रण में उतर गये हैं। तमाड़ के झामुमो विधायक विकास कुमार मुंडा के बड़े भाई राज कुमार मुंडा बुधवार को विधिवत झारखंड पार्टी में शामिल हो गये और तमाड़ सीट से चुनाव लड़ने की घोषणा कर दी है। उन्होंने कहा कि मेरे पिता स्व रमेश सिंह मुंडा तमाड़ के विधायक और मंत्री भी रहे। उनका सपना पूरा नहीं हुआ। अधूरा रह गया। तमाड़ विधानसभा क्षेत्र अभिभावकविहीन हो गया है, इसलिए मैं चुनाव लड़ूंगा। जब उनसे पूछा गया कि आपके भाई दस वर्षों से विधायक हैं तो उन्होंने



कहा, मेरा कार्य करने की शैली अलग है। इधर एनडीए गठबंधन से जदयू के संभावित उम्मीदवार गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने भी चुनाव मैदान में उतरने की सारी तैयारियां कर ली हैं। वहीं सीपीआइएम माकपा ने पार्टी के राज्य कमेटी सदस्य कामौछ सुरेश मुंडा को उम्मीदवार बनाया है। जयराम महतो की पार्टी जेएलकेएम से दमयंती मुंडा को उम्मीदवार बनाया है गया है। इंडिया गठबंधन से झामुमो के विधायक विकास कुमार मुंडा का उम्मीदवार बनना तय माना जा रहा है। यह पहला अवसर होगा, जब दो सगे भाई आमने-सामने होंगे। आजसू पार्टी और भाजपा गठबंधन धर्म का पालन कर जदयू को समर्थन करेगी, वहीं इंडिया गठबंधन से ही निकल कर सीपीआइएम माकपा चुनाव लड़ेगी, जिसमें गठबंधन में सेंधमारी की संभावना है। बता दें कि लोकसभा चुनाव में सीपीआइएम माकपा ने कांग्रेस उम्मीदवार कालीचरण मुंडा को समर्थन किया था। यहां के तमाम प्रत्याशी नामांकन की तैयारी में लग गये हें। यहां 13 नवंबर को वोट डाले जायेंगे। 18 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक नामांकन दाखिल किया जायेगा। नामांकन पत्र की जांच 28 अक्टूबर को होगी। 30 अक्टूबर को नाम वापसी की तिथि है और 13 नवंबर को मतदान होंगे। वोटो की गिनती 23 नवंबर को होगी। परिणाम दोपहर 12 बजे के बाद आने लगेंगे।

## पिपरवार के बेंती में चार नवंबर को होगा सोहराय जतरा मेला का आयोजन



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बेंती पंचायत के अंतर्गत आने वाले इमली ग्राउंड में बुधवार को ग्रामीणों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। इस बैठक की अध्यक्षता राजेश प्रजापति और संचालन शंकर गंझु ने किया। बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी बेंती पंचायत में सोहराय जतरा मेला का आयोजन धूमधाम के साथ करने का निर्णय लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से आगामी 4 नवंबर को बेंती पंचायत में सोहराय जतरा मेला का आयोजन करने का निर्णय लिया गया,साथ ही रात्री मे नागपुरी आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन करने पर सहमति बनी। बैठक मे इसके सफल संचालन को लेकर आयोजन समिति का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष शंकर गंझू, उपाध्यक्ष राजेश प्रजापति, कृष्णा गंझु,सचिव रचित गंझु, सहसचिव रामबालक गंझु, रोहित केसरी, कोषाध्यक्ष दिलिप गंझु, गणेश गंझु, कुंदन गंझु को बनाया गया।वही रोहण गंझु, बैजनाथ प्रजापति, हरिनारायण गंझु, प्रेम ठाकुर, हेमराज प्रजापति, गणेश भुईयां, अजय प्रजापति, परमेश्वर गंझु, प्रभात कुमार, सुखी गंझु, बीरबल गंझु, खजांची प्रजापति, जयराम भुईयां, राहुल केसरी, अभिमन्यु केसरी, अरुण पासवान, जगदीश गंझु सहित अन्य लोगों को संरक्षक बनाया गया है। वहीं दर्जनों लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। बैठक मे रोहण गंझु,रोहित केशरी, गणेश गंझु, अजय प्रजापति, दिलीप गंझु, बैजनाथ प्रजापति, कृष्णा, गंझु, नरेश गंझु, खजांची प्रजापति, बासुदेव गंझु, हेमराज प्रजापति, राहुल केसरी सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# पेड़ से लटकता महिला का शव बरामद मायकेवालों ने लगाया हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** कर्रा थाना क्षेत्र के कांटी पोड़ाटोली से मंगलवार की देर रात पुलिस ने फांसी के फंदे पर लटका महिला का शव बरामद किया। मृतक महिला बुधन देवी उम्र 21 वर्ष के स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार बुधन देवी दुर्गा पूजा के दिन से अपने ससुराल कांटी पोड़ा टोली से लापता थी। बुधन देवी दुर्गा पूजा देखने के लिए अपने मायके खूंटी टोड़ंकेल जाना चाहती थी, लेकिन पति मैनेजर लोहरा, सांस-ससुर और जेठ द्वारा मना करने के के बावजूद बुधन देवी मायके टोंड़केल जाने के लिए घर से निकली, लेकिन वह मायका नहीं पहुंची। दूसरे दिन बुधनी के पिता दुर्गा लोहरा बेटी की ससुराल पहुंचे, पर बेटी को ससुराल में भी नहीं मिली। मायके वालों ने बुधन देवी की खोजबीन की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। मंगलवार रात को कांटी पोड़ा टोली के पास पेड़ में लटकीा बुधन देवी की लाश मिलने की जानकारी मिली। पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस वहां पहुंची और शव को थाना ले आई। सदर अस्पताल में बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया गया। बुधन देवी के मायका वाले इसे हत्या का मामला बता रहे है। उन्होंने कहा कि पति सहित

सांस-ससुर और जेठ बुधनी को बराबर प्रताड़ित करते थे। ससुराल में उसके साथ हमेशा मारपीट की जाती थी। उन्होने कहा कि बुधन देवी ने आत्महत्या नहीं की है, उसकी हत्या की गई है। घटनास्थल पर जमीन पर खून के निशान हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## थाना या गन हाउस में शस्त्रों को जमा करने का निर्देश

जरियागढ़ थाने में हुई शस्त्रों की जांच कर्रा। खूंटी की कार्यपालक दंडाधिकारी अनुराधा कुमारी लाइसेंसी हथियार धारियों के लाइसेंस की जांच करने जरियागढ थाना पहुंची। सभी आर्म्स धारियों को बुलाकर इन्होंने आर्म्स लाइसेंस और आर्म्स की जांच की। कार्यपालक दंडाधिकारी ने सभी लाइसेंस धारियों से आदर्श चुनाव संहिता लागू होने के कारण निकटतम थाने या गन हाउस में शस्त्र को जमा करने और रसीद लेने का निर्देश दिया। मौके पर थाना प्रभारी राजू कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## दो बाइक की टक्कर में जम्हार चर्च के फादर की हुई मौत

**खूंटी।** जिले के जरियागढ़ थानांतर्गत डोड़मा-गोविंदपुर रोड पर मंगलवार की शाम दो मोटरसाइकिलों के बीच हुई टक्कर में आरसी विद्यालय जम्हार के फादर फुलजेम्स बागे (49 वर्ष) की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार फादर फुलजेम्स बागे मंगलवार की शाम अपनी मोटरसाइकिल से मुरहू के हस्सा स्थित संत नॉबर्ट चर्च से जम्हार लौट रहे थे। उसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में पक्की सड़क पर गिरने से फादर के सिर पर गंभीर चोट लगी। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बुधवार को पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उसे स्वजनों को सौंप दिया। दुर्घटना में फादर की आकस्मिक मौत से मसीही समुदाय के लोगों में शोक व्याप्त हो गया है।

## आदर्श आचार संहिता का पूरा अनुपालन सुनिश्चित करायें अधिकारी: दीपेश कुमारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 15 अक्टूबर से राज्य में लागू की गई आदर्श आचार संहिता का खूंटी जिले में शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी खूंटी सह वरीय प्रभारी पदाधिकारी, आदर्श आचार संहिता कोषांग दीपेश कुमारी ने अपने कार्यालय कक्ष में सभी संबंधित पदाधिकारियों के साथ बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिया कि आदर्श आचार संहिता का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चत कराने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी ने जिले में आदर्श आचार संहिता के तहत जारी सभी गाइडलाइंस का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर पदाधिकारियों को



आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि फ्लाइंग स्क्वायड टीम, स्टेटिक सर्विलांस टीम समेत अन्य संबंधित लोग पूरी सक्रियता से अपने दायित्व का निर्वहन करें। जारी निषेधाज्ञा का अनुपालन कराने के अतिरिक्त चेकिंग अभियान समेत अन्य कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर करें और की जानेवाली सभी कार्रवाई की रिपोर्ट ससमय साझा करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की भी बात कही गयी।

बैठक में डीसीएलआर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी समेत आदर्श आचार संहिता के अन्य सभी प्रभारी पदाधिकारी और सहायक पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## मतदान केंद्रों पर सुविधाओं को दुरुस्त करने का निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदान केंद्रों पर एश्योर्ड मिनिमम फैसिलिटी-एएमएफ सुविधाओं को दुरुस्त करने को लेकर बुधवार को सभी छह प्रखंडों में स्थित स्कूलों के प्रधानाध्यापकों के साथ प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य रूप से मतदान केंद्रों एवं क्लस्टर पर एएमएफ सुविधा को दुरुस्त करने पर चर्चा की गयी। एएमएफ सुविधा के तहत पेयजल, शौचालय, विद्युत, रैंप आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि विधानसभा चुनाव में मतदान करने कें लिए आनेवाले मतदाताओं एवं क्लस्टर पर मतदान कर्मियों और सुरक्षा बलों को कोई समस्या न हो और उन्हें मूलभूत सुविधा मुहैया कराई जा सके।

## शशि उरांव बने भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला महामंत्री



**खलारी (आजाद सिपाही)।** धमधमिया निवासी शशि उरांव को भाजपा रांची जिला अनुसूचित जनजाति मोर्चा का महामंत्री बनाया गया है। महामंत्री बनाये जाने पर भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वही शशि उरांव ने कहा कि उन्हें जो पार्टी ने जिम्मेवारी दी है उसे पूरी ईमानदारी से निभायेंगे और मोर्चा को मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने इस दायित्व देने के लिए मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव एव राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव के प्रति आभार व्यक्त किया है। हर्ष व्यक्त करने वाले एव बधाई देने वाले में भाजपा के मंडल अध्यक्ष अनिल गंझू, प्रीतम साहू, शशि भूषण सिंह, सांसद प्रतिनिधि फुलेश्वर महतो, विधायक प्रतिनिधि श्याम सुंदर सिंह, भरत रजक, शैलेंद्र शर्मा, रामसूरत यादव, विकास दुबे, कार्तिक पांडेय, रविंद्र मुंडा,शिव कुमार चौधरी, सहदेव महली, प्रदीप कुमार सिंह का नाम शामिल है।

## भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन आज

**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में आज से पांच दिवसीय स्वर्गीय भोला साव मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया जायेगा। इस टूर्नामेंट को लेकर आयोजन समिति के द्वारा सारी तैयारी पूरी कर ली गयी है। आयोजन समिति के अध्यक्ष दीपक कुमार महतो ने बताया कि टूर्नामेंट में विभिन्न जगहों की टीम शामिल हो रही है। वही 21 अक्टूबर को टूनामेंट का फाइनल मुकाबले खेले जाने के साथ ही इसका समापन किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से उद्घाटन समारोह में शामिल होने की अपील की है।

## शराब भट्ठी में 250 किलो जावा महुआ जब्त

**अड़की।** अड़की थाना क्षेत्र के उलीहातु के कडरापिडी गांव में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शराब भट्ठी में छापामारी किया जिसमें 250 किलो जावा महुआ जप्त किया और सैकड़ों लीटर शराब को बहा दिया। भट्ठी को तोड़ फोड़ कर विनष्ट कर दिया थानेदार मुकेश कुमार यादव के नेतृत्व में छापामारी हुई।

## खूंटी जिला प्रशासन ने पेट्रोल पंपों पर चलाया मतदाता जागरूकता

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होते ही खूंटी जिले में राजनीतिक गतिविधि तेज हो गयी है। जिला प्रशासन भी स्वीप कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चला रहा हैं। इसी कड़ी में बुधवार को जिले के कई पेट्रोल पंपों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।




इस दौरान पेट्रोल पंप पर आनेवाले ग्राहकों और पंप पर कार्यरत कर्मियों को खूंटी और तोरपा विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को होनेवाले मतदान के दिन अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने के लिए प्रेरित किया गया। मौके पर जागरूक मतदाता के रूप में पहचान पत्र दिखाने वाले ग्राहकों को पुरस्कृत भी किया गया। साथ ही सभी कर्मियों एवं ग्राहकों को मतदाता प्रतिज्ञा दिलाते हुए लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने को कहा गया।

## अधिकारियों-कर्मचारियों को दिया गया मतदान प्रक्रिया का प्रशिक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आगामी विधानसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर प्रशिक्षण कोषांग द्वारा बुधवार को लोयोला इंटर कॉलेज खूंटी और बिरसा कॉलेज खूंटी में मतदान प्रक्रिया से जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से अड़की एवं कर्रा प्रखंड-अंचल कार्यालय के पदाधिकारियों, कर्मियों और शिक्षकों को निर्वाचन कार्य से संबंधित गहन प्रशिक्षण दिया गया। तीन पालियों में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान निर्वाचन



प्रक्रिया, इवीएम वीवीपैट की तकनीकी जानकारी, निर्वाचन मार्गदर्शिका से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी, ताकि विधानसभा चुनाव में सभी गाइड लाइंस का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए सफलता पूर्वक चुनाव संपन्न कराया जा सके।

## लखनलाल महतो ने किया पिपरवार का दौरा, मजदूरों के साथ की बैठक



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष सह जेबीसीसीआई सदस्य लखनलाल महतो ने बुधवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान बचरा पहुंचने पर स्थानीय कार्यकर्ताओ ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। जिसके बाद यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के पिपरवार क्षेत्रिय कार्यालय मे बचरा रेलवे साइडिंग से जुड़े असंगठित मजदूरों के साथ बैठक की।

## रजिस्टर टू में जाति में गड़बड़ी को लेकर राजा पीटर ने अंचल अधिकारी से मुलाकात की

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** बुंडू प्रखंड के तैमारा चुरगी पंचायत में ऑनलाइन रजिस्टर टू में जाति में गड़बड़ी को लेकर पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर बुधवार को बुंडू अंचल अधिकारी हंस हेमरोम के साथ मुलाकात की। एवं रजिस्टर टू में सुधार करने की मांग की। अंचल अधिकारी ने आश्वासन दिया कि इस कार्य के लिए सक्षम पदाधिकारी को सूचित किया गया है। जल्द ही इसमें सुधार कर लिया जायेगा। मौके पर बंटी मुंडा, प्रवीण चौधरी, प्रदीप महतो उर्फ रोशन महतो उपस्थित थे।

## नेहा महतो एक दिवसीय महिला फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन



**बुंडू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ताऊ मैदान में बुधवार को नेहा महतो एक दिवसीय महिला फुटबॉल चैंपियन ट्रॉफी का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न टीमों ने हिस्सा लिया। साथ ही मौके पर महिला एवं पुरुष वर्ग का 1600 मीटर मैराथन का भी आयोजन किया गया। फुटबॉल मैच के विजेता टाटा स्टील जमशेदपुर टीम को विशिष्ठ अतिथि अंतराष्ट्रीय तीरंदाज खिलाड़ी मधुमिता कुमारी एवं सबिता कुमारी द्वारा सम्मानित किया गया। वहीं उपविजेता डिफेंस अकादमी के टीम को मुख्य अतिथि आजसू पार्टी के बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा द्वारा सम्मानित किया गया। साथ ही मौके पर 1600 मी. मैराथन के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। मौके पर मुख्य रूप से विशिष्ट अतिथि के तौर पर आजसू पार्टी के वरिष्ठ नेता सिंगराय टूटी, अंतराष्ट्रीय तीरंदाज कोच शिशिर महतो, राजकिशोर कुशवाहा, गंगाधर महतो भय भजन महतो, कालीपद महतो, संतोष महतो, के साथ साथ खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया।

## बंगाली समुदाय के लोगों ने मां कोजालखी की पूजा की

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत बुंडू के मिलन मंदिर क्लब बजरंग दल एवं श्याम सुंदर भूदेव समिति नवरात्रि में बुधवार को बंगाली समुदाय के लोगों के द्वारा मां कोजा लखी की पूजा बड़े धूमधाम के साथ मनायी गयी। इस अवसर पर बंग समाज के द्वारा अपनी-अपने घरों में तरह-तरह की पकवान बनाये गये। साथ ही अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना की गयी।

## ग्रामीणों ने राजा पीटर की पार्टी का दामन थामा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के कैनल रूट के खेदवाडीह के सैकड़ों ग्रामीणों ने पूर्व मंत्री राजा पीटर का दामन थाम लिया। इस मौके पर राजा पीटर ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि उनका मकसद क्षेत्र के विकास और जनता की भलाई के लिए काम करना है। ग्रामीणों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया और अपने समर्थन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने कहा कि वे राजा पीटर के नेतृत्व में अपनी समस्याओं का समाधान चाहते हैं और क्षेत्र के विकास के लिए एकजुट होकर काम करेंगे।

## सीसीएल सेफ्टी बोर्ड की टीम ने केडीएच खदान का किया निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** सीसीएल की सेफ्टी बोर्ड कमेटी की आठ सदस्यीय टीम ने एनके एरिया के केडीएच कोयला खदान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वर्कशॉप, बिजली सब स्टेशन सहित सभी कार्यस्थलों का निरीक्षण किया। इसके साथ ही सभी परियोजनाओं के सेफ्टी रिकॉर्ड की जांच की। सीसीएल सेफ्टी बोर्ड कमेटी टीम में निरीक्षण करने पहुंचे लखन लाल महतो, राजेश सिंह, रवींद्रनाथ सिंह, निर्गुण महतो, एसके चौधरी, शशि भूषण सिंह, अरुण सिंह का एनके एरिया पहुंचने पर महाप्रबंधक सुजीत कुमार के द्वारा स्वागत किया गया। इस दौरान डकरा ऑफीसर्स क्लब में एनके एरिया के सेफ्टी ऑफिसर राजेंद्र प्रसाद के द्वारा टीम के सदस्यों को सभी खदान के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद टीम के सदस्यों ने केडीएच खदान के सभी कार्यस्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान सीसीएल सेफ्टी बोर्ड कमेटी की टीम ने कई जगहों पर सुरक्षा संबंधित खामियां पाई। जिसको लेकर क्षेत्रीय अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने का निर्देश दिया। इस मौके पर परियोजना पदाधिकारी अनिल कुमार सिंह, अनुज कुमार, सैयद शकील अख्तर, अखिलेश्वर प्रसाद के अलावे सभी परियोजनाओं के सेफ्टी ऑफिसर और अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

## ऐतिहासिक बंगला यात्रा पाला का हुआ मंचन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पिलीद सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति द्वारा बंगला यात्रा पाला का मंचन किया गया। गांव के युवाओं ने जहां विभिन्न भुमिकाओं में अपना कला का प्रदर्शन किया वहीं महिलाओं का रोल कोलकाता के महिला कलाकारों ने किया। दर्शकों से खचाखच भरे मंदिर प्रांगण में ऐतिहासिक बंगला नाटक खोदा मेहेरवान का मंचन से दर्शक भाव विभोर हुए। हिन्दू मुस्लिम एकता व भाईचारा को नाटक के माध्यम से बखुबी दिखाया गया। समाज को दुषित करने वाले का हर सम्प्रदाय द्वारा विरोध व अच्छाई का साथ देकर एक सभ्य व सशक्त समाज का निर्माण को प्रदर्शित किया गया। गांव के युवाओं ने अपने अदाकारी व अभिनय से दर्शकों का जम कर मनोरंजन कराया। मुख्य भुमिका में दिलीप दास, पंचानन पातर, ठाकुर दास, रंजीत पुरान,महेश्वर गोप, श्याम्बो पातर ,श्रीमती लक्ष्मी भट्टाचार्य, छवि राय आदि ने अभिनय में भाग लिया। विलुप्त होते बंगला नाटक को पुनर्जीवित करने व नये युवाओं को अपने कला प्रदर्शन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से पिलीद के युवाओं ने नाटक को आकर्षित ढंग से प्रस्तुत किया। दिलीप कुमार दास ने कहा कि बंगला यात्रा पाला विलुप्त हो रहा है,जिसे अभिनय का छमता का विकास नही हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस संस्कृति को बचाये रखने और नये युवाओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से नाटक का मंचन किया गया।

# मांडर विधायक की पहल पर रांची लौटे कर्नाटक में फंसे झारखंड के 47 बंधक

## पीड़ित मजदूरों की दास्तां सुनकर मैं सिहर उठी हूं : शिल्पी नेहा तिर्की

**24 परिवारों को जबरन बंधक बनाये जाने का है आरोप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** झारखंड के विभिन्न प्रांतों से ले जाकर दर्जनों लोगों को कर्नाटक के बेंगलूरु और हासन शहर में शोषण एवं बंधक बनाए जाने की सनसनीखेज घटना सामने आयी है। इसकी सूचना मिलते ही मांडर विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने संज्ञान में लेते हुए त्वरित कार्रवाई कर लोहरदगा एसपी से बात की। साथ ही दो दिनों के भीतर उन्हें वापस रांची लाया गया। जहां से वे अपने-अपने गंतव्य की ओर जायेंगे। गौरतलब हो रि दो दिन पहले एक अज्ञात नंबर से मांडर विधायक को फोन आया। फोन करने वाले ने अपनी व्यथा सुनाई। बताया कि बहुत ही दयनीय स्थिति में लोग वहां रह रहे थे। उनके साथ मारपीट भी की जा रही है। उनपर झूठे चोरी के आरोप लगाकर जानबुझकर प्रताड़ित किया जाता था। पैसे भी नहीं दिए जाते थे। विधायक ने बताया कि बंधक मजदूरों में रांची जिले के बेड़ो प्रखंड के घाघरा व लापुंग प्रखंड के झिकी गांव के मजदूर शामिल थे। विधायक ने रांची रेलवे स्टेशन पर सकुशल पहुंचे वाले झारखंड के विभिन्न जगहों के 47 बंधक मजदूरों का स्वागत किया। उनकी आपबीती भी सुनीं। कहा कि ग्रामीणों की बेंगलुरु की दास्तां सुन कर रोंगटे खड़े हो गए। कहा कि आज भी यहां के मजदूरों को जंगली वनवासियों की तरह देखा जाता है। इनके साथ की गई अमानवीय व्यवहार की दास्तां हृदय को विदीर्ण कर देती है। इस अमानवीय हरकत को सुनकर बहुत पीड़ा होती है। इससे निपटना मेरे लिए एक बड़ी चुनौती है। विधायक ने आचार संहिता का हवाला देते हुए सरकारी मदद नहीं कर पाने पर अफसोस जाहिर किया। वहीं अपने स्तर व अन्य लोगों के सहयोग से उन्हें अपने आवास व गंतव्य तक जाने में मदद किया। विधायक ने कहा कि सभी मजदूर बुधवार की सुबह अपने गंतव्य को चले गए। उन्होंने प्रवासियों के लिए रिलीफ पॉलिसी बनाए जाने और प्रदेश में ही मजदूरों के भविष्य को संवारने पर जोर दिया।



रांची रेलवे स्टेशन पर मजदूरों का कुशल क्षेम पूछती विधायक शिल्पी नेहा तिर्की।

## चोरी के आरोप में चार गिरफ्तार



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के बाढ़ू गांव से पुलिस ने चोरी में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनकी पहचान जमील अंसारी, सारिक अंसारी, फैजल खान और मोहम्मद शकिल है। सभी का मेडिकल जांच करवाने के बाद जेल भेज दिया गया। इन पर मोटर चोरी करने और चोरी का समान खरीद-बिक्री करने का आरोप है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उनके साथ और कोई शामिल था या नहीं।

## चुनावी तैयारी को लेकर बीडीओ ने की बैठक



**बेड़ो (आजाद सिपाही)।** झारखंड में दो चरणों (13 और 20 नवंबर) को विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लगने के बाद बुधवार को प्रखंड कार्यालय साभागार में चुनाव की तैयारी को लेकर बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता बीडीओ राहुल उरांव ने की। बीडीओ ने कहा कि चुनाव कराना प्रशासन का सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसमें किसी भी प्रकार के लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। शत प्रतिशत मतदान और सफल चुनाव कराना हमारा कर्तव्य है। आगामी एक महीना का समय हम सभी के लिए चुनौतीपूर्ण है। जिसका सामना हमें टीम भावना के साथ करना है। उन्होंने एफएसटी व एसएसटी सहित अन्य कार्यों की जिम्मेदारी को विस्तार पूर्वक समझाया। जिसमें एसटी के लिए दो चेक पोस्ट बनाया जाएगा. एक केशा मोड़ और दूसरा पूरना पानी में, जहां शिफ्ट वाइज अधिकारी व कर्मी की नियुक्ति की गई है। यह सबसे महत्वपूर्ण कार्य है। इसे पूरी सतर्कता से निभाने की जरूरत है। वहीं सीओ प्रताप मिंज ने बताया कि इस बार वोट प्रतिशत को बढ़ाने के लिए कई उपाय किए गए हैं। जिसमें प्रति घंटा 120 मतदाता को वोट करना सुनिश्चित करना है। यानी प्रति मिनट दो व्यक्तियों का मतदान संपन्न करना हम सब का दायित्व है। इसके लिए आवश्यक तैयारियां समय से पहले सुनिश्चित कर लिया जाना है। उन्होंने फार्म बी के संबंध में बताया कि जिसके तहत 85 या उससे अधिक उम्र के बुजुर्गो के लिए भरा जाना है जो मतदान केंद्र तक आने में सक्षम नहीं है। यह फॉर्म 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग जनों के लिए भी भरा जाना है। जिसमें दिव्यांगता का प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है। सफल चुनाव करना हम सब की जिम्मेदारी है। मौके पर बीपीओ संजय तिर्की, प्रधान लिपिक फारूक नदीम, इलेक्शन प्रभारी राजेश कुमार नायक, सहायक अभियंता पुरुषोत्तम भाई पटेल, कनिय अभियंता सद्दाम हुसैन, दुर्गा ताना भगत, सुरेश लिंडा, अभय आशीष कोया, परमानंद आदि उपस्थित थे।

## नगड़ी के सभी लाइसेंसी हथियार धारकों को थाने में हथियार जमा करने का निर्देश

**पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)।** थाना प्रभारी अभिषेक राय ने कहा कि आचार संहिता लागू होने से क्षेत्र के जितने भी लाइसेंसी हथियार धारक हैं वे अपने लाइसेंसी हथियार 25 अक्टूबर तक थाने में जमा करा दें। साथ ही कहा कि अगर किसी ने अपने लाइसेंसी हथियार किसी अन्य सरकारी संस्थान में जमा किए हैं तो इसकी सूचना नगड़ी थाने में लिखित देकर सूचित करें। अगर ऐसा नहीं किया तो हथियार का लाइसेंस स्वयता रद्द हो जाएगा। बतातें चलें कि इससे पूर्व लोकसभा चुनाव में नगड़ी थाना क्षेत्र के चार लोगों का लाइसेंसी हथियार रद्द हो गया है।

## 72 घंटे के अंदर राजनीतिक बैनर-पोस्टर व होर्डिंग नहीं हटे, तो होगी कार्रवाई : बीडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**इटकी।** विधानसभा चुनाव की घोषणा होने के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गयी है। इसे लेकर इटकी में स्थानीय प्रशासन ने सभी राजनीतिक पार्टियों द्वारा लगाये गये पोस्टर-बैनर और होडिंग को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। मंगलवार को कर्मचारियों की एक टीम ने प्रखंड मुख्यालय और पंचायत सचिवालय परिसर सहित अन्य स्थलों में लगी सरकार की सभी योजनाओं जैसे मंईयां योजना, फुलो झानो आर्शिवाद योजना, अबुआ आवास योजना आदि पोस्टर-बैनर को हटा दिया है। बीडीओ प्रवीण कुमार ने बुधवार को चेताते हुए कहा कि 72 घंटों के अंदर सभी दलों के जन प्रतिनिधियों द्वारा प्रचार प्रसार के लिए लगाई गई पोस्टर, बैनर, झंडा, दिवार लेखन आदि को नहीं हटाया गया तो उनके विरुद्ध न्याय संगत कानूनी कार्रवाई की जायेगी। इधर, चुनाव को लेकर प्रशासन व्यापक रूप से तैयारी में लग गई है। प्रखंड में कुल 49 मतदान केंद्रों हैं। यहां मतदाता पुर्नरीक्षन कार्य को पूरा किया जा चुका है। वहीं, बुधवार को बीडीओ ने अधिकारियों के एक टीम के साथ बूथों का भौतिक निरीक्षण किया। इसके बाद प्रखंड मुख्यालय सभागार में जनप्रतिनिधियों से बैठक कर आचार सहिता का अनुपालन की अपील की। मौके पर सीओ मो अनीश, थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बीपीआरओ रईस मलिक, बीएसओ हेमंत एक्का, प्रमुख किरण उरांव, उप प्रमुख परवेज राजा, आजसू जिला सचिव, कांग्रेस के राजन किस्पोट्टा, झामुमो प्रखंड प्रभरी, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष आदि उपस्थित थे।

### आचार संहिता लगते ही लापुंग में हटाये गये बैनर-पोस्टर



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गयी है। इसके साथ ही लापुंग प्रखंड के सभी चौक-चौराहा से बुधवार को होल्डिंग, पोस्टर, झंडा और बैनर आदि हटा दिए गए। बीडीओ उषा मिंज व सीओ पंकज कुमार के आदेशानुसार मुख्य सड़क प्रखंड परिसर फतेहपुर से लापुंग लालगंज व दोलाईचा से सभी पार्टी का झंडी, पोस्टर व बैनर को प्रखंड कर्मी से हटवाते देखा गया।

## लापुंग के मतदान केंद्रों का पुलिस उपाधीक्षक ने किया निरीक्षण, सुविधाओं का लिया जायजा



**लापुंग (आजाद सिपाही)।** आचार संहिता लगने के बाद लापुंग प्रखंड के मतदान केंद्र का बुधवार को बेड़ो पुलिस उपाधीक्षक अशोक कुमार राम, इंस्पेक्टर उत्तम कुमार उपाध्याय व थाना प्रभारी संतोष कुमार यादव ने निरीक्षण किया। मतदान केंद्र में सीएपीएफ पुलिस कैंप लगेगा, जहां की स्थिति का जायजा लिया। महुगाव, लापुंग, ककरिया, जमाकेल, पविरा के अलाव सुदूरवर्ती मतदान केंद्रों का भी निरीक्षण किया। उसमें पेयजल, शौचालय, बाउंड्री की स्थिति का मुआयना किया, ताकि बिना किसी विघ्न के मतदान शांति पूर्वक संपन्न हो सके।

## 40 पशुओं से भरा कंटेनर जब्त, दो गिरफ्तार




**रातू (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने मंगलवार की रात गुप्ता सूचना के आधार पर रांची- डाक्टनगंज मार्ग स्थित बेलांगी के पास एक कंटेनर जब्त किया। जिसमें क्षमता से अधिक 40 मवेशी पाए गये। वहीं, दो पशुओं की मौत हो गयी थी। सभी पशुओं को लोहरदगा से लाद कर पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने जब्त सभी 38 भैंसों को लहना, काटू, मुरगु चितरकोटा, मखमन्द्रों, बेलांगी, मांडर, मलटोटी आदि गांव के ग्रामीणों के बीच वितरित कर दिया। साथ ही कंटेनर के चालक व खलासी को गिरफ्तार कर लिया है। कंटेनर को भी जब्त कर थाना ले गयी। पुलिस पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

## आबादी के हिसाब से मुंडा जनजाति की राजनीतिक भागीदारी जरूरी : रिझुवा मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता




**अनगड़ा।** आबादी के हिसाब से मुंडा जनजाति की राजनीतिक में अधिकतम भागीदारी के मुद्दे को लेकर बुधवार को होटल राजधानी में भारत मुंडा समाज अनगड़ा इकाई की संवाददाता सम्मेलन आयोजित हुई। अपने संबोधन में अध्यक्ष रिझुवा मुंडा ने कहा कि झारखंड में मुंडा जनजाति आदिकाल से रह रहे हैं। प्राचीन काल में मुंडा जनजाति आदिवासी स्वशासन व्यवस्था के अंतर्गत मानकी मुंडा प्रणाली सहित अन्य व्यवस्थाओं के तहत एक क्षेत्र विशेष में शासन व्यवस्था संचालित किया करते थे। पर कालांतर में इस व्यवस्था को खत्म कर दिया गया। इसके बाद से ही झारखंड में मुंडा जनजाति राजनीतिक रूप से हासिए पर चले गए। इसके साथ ही उनमें राजनितिक जागरूकता का भी ह्रास होने लगा। इसका नाजायज फायदा सत्ता में बैठे लोगों ने उठाया और मुंडा जनजाति को उपेक्षित किया गया। उन्हें आबादी के हिसाब से जितनी राजनीतिक भागीदारी मिलनी चाहिए उतनी नहीं दी गई। रिझुआ मुंडा ने खिजरी विधानसभा के संदर्भ में कहा कि यहां मुंडा जनजाति की आबादी 50 हजार के करीब है। ऐसे में भारत मुंडा समाज की मांग है कि सभी राजनीतिक दल प्रत्याशी चयन में मुंडा जनजाति को प्राथमिकता दें। उन्होंने सभी राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनीतिक दलों से खिजरी विधानसभा के लिए मुंडा जनजाति को प्रत्याशी घोषित करने का आग्रह किया। समाज के सचिव सोहन मुंडा ने कहा कि मुंडा जनजाति से प्रत्याशी बनाए जाने पर भारत मुंडा समाज उस दल को अपना पूरा समर्थन देगी। कोषाध्यक्ष राजेश पाहन ने सभी दलों से कहा कि जिसकी जितनी हिस्सेदारी उसकी उतनी भागीदारी के तर्ज. पर खिजरी में मुंडा जनजाति को प्रत्याशी घोषित किया जाना चाहिए। मौके पर सीताराम मुंडा, बरतु मुंडा, मोतीराम मुंडा, राजदेव पाहन, देवराज पाहन, सतेंद्र मुंडा, सोहन पाहन, अनिल मुंडा, राम मुंडा, शिवलाल पाहन, पुसनाथ मुंडा, भीमसिंह मुंडा, मनोज मुंडा आदि मौजूद थे।

## पांच साल की बच्ची से दुष्कर्म का प्रयास, आरोपित गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**धनसार।** थाना क्षेत्र स्थित डहुवाटाड़ में बुधवार की देर शाम 45 वर्षीय एक व्यक्ति द्वारा पांच साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का प्रयास किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। आरोपित की पहचान अशोक महतो के रूप में हुई है, जो पेशे से टेंपो चालक है। इसकी सूचना पाकर धनसार पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित अशो को पकड़ कर थाने ले गयी। उधर, घटना से नाराज स्थानीय लोग थाना पहुंच गये और आक्रोश व्यक्त रते हुए आरोपी को कड़ी सजा दिलाने की मांग करने लगे। आरोप है कि दुष्कर्म का प्रयास किये जाने संबंधित शिकायत लेकर पीड़िता के पिता जब आरोपित अशो को घर पहुंचे तो उससे परिजनों ने मिलकर उसी की पिटाई कर दी। पीड़िता के पिता की मानें तो उसकी बेची अपने घर के पास खेल रही थी। तभी पड़ोसी अशोक उसे बिस्कुट खिलाने का प्रलोभन देकर एक सूनसान गली में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। जब बच्ची ने शोर मचाई तो उसके दादा आ गए। दादा के आता देख आरोपी मौके से फरार हो गया। उधर, धनसार थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी को पकड़ लिया गया है। मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कांके फुटबॉल टूर्नामेंट चैंपियन ट्रॉफी में दीपक ब्रदर्स व पीएमपी परेपाठ की जीत



**कांके (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सुकुरहुट्टू गौशाला मैदान में आयोजित कांके फुटबाल टूर्नामेंट चैंपियन ट्राफी में बुधवार को दो मुकाबले हुए। पहला मैच दीपक ब्रदर्स और ब्लैक डायमंड के बीच खेला गया। जिसमें दीपक ब्रदर्स की टीम 2-0 से जीत दर्ज की। मैन आफ द मैच सूरज बने। दूसरा मैच भगत इलेक्ट्रिक पीएमपी और सुमित ब्रदर्स के बीच खेला गया। इसमें पीएमपी परेपाठ की टीम 1-0 से विजेता बनी। प्रदीप को मैन आफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि समाजसेवी सह श्रीश्री केंद्रीय महावीर मंडल सुकुरहुट्टू के अध्यक्ष राजकुमार महतो, और विशिष्ट अतिथि मुखिया रामलखन मुंडा ने पुरस्कार प्रदान किया। इस प्रतियोगिता की विजेता टीम को दो लाख 51 हजार, उपविजेता को एक लाख 51 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके आयोजन कमेटी में अध्यक्ष अनिल मुंडा, उपाध्यक्ष शिव कुमार संतोषी, सचिव आलोक मंडल विक्की, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार महतो, सहसचिव निशांत राज, उपसचिव प्रदीप मुंडा और खेल प्रभारी राकेश सिन्हा शामिल हैं। प्रतियोगिता का फाइनल 20 अक्टूबर को खेला जाएगा।

## सड़क दुर्घटना में घायल बच्चे की भी मौत

### सरना रीति-रिवाज से मां-बेटे का शव गांव में ही दफनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** भंगी नदी पुल पर मंगलवार को हुए सड़क दुर्घटना में घायल अवित मुंडा (05) नामक बच्चे की भी मौत हो गयी। जबकि लालगंज के भंगी नदी में दुर्घटना में पुष्पा मुंडाइन की वारदात के दिन ही मौत ा गयी थी। उसके दो बच्चे घायल हो गये थे, जिसमें से एक ने अस्पताल ले जाने के क्रम में दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक एक ही बाइक पर पत्नी और दो बच्चों को लेकर सुरेश मुंडा नामक एक व्यक्ति कहीं जा रहा था। तभी भंगी पुल पर दुर्घटना हो गयी, जिसमें पत्नी पुष्पा मुंडाइन की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी थी। वहीं, सुरेश और उसके दो बच्चे घायल हो गये थे, जिसमें अवित मुंडा की हालत गंभीर थी। अवित, सुरेश और अनित को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने अवित को भी मृत घोषित कर दिया। जबकि अनित का पैर टूट गया है। आरोप है कि एंबुलेंस 108 चालकों की अगर हड़ताल नहीं होती तो बच्चे की जान बचायी जा सकती थी। उसे प्राइवेट वाहन से रिम्स अस्पताल भेजा गया। पर उसमें ऑक्सीजन की व्यवस्था नहीं थी। दूसरी ओर, पुष्पा मुंडाइन का पोस्टमार्टम कर बुधवार की शाम चार बजे शव लौटा तो मातम छा गया। मां-बेटा का अंतिम संस्कार गांव में सरना रीति रिवाजे से दफनाया गया।

### हुंडरू फॉल में बहे बंगाल के छात्र का शव चट्टानों के बीच फंसा मिला



**सिकिदिरी (आजाद सिपाही)।** हुंडरू फॉल में नहाने के दौरान मंगलवार को डूब गये पश्चिम बंगाल मेदिनीपुर जिले के छात्र अनिमेष दास का शव बुधवार को बरामद कर लिया गया। इस दिन 12.30 बजे हुंडरू फॉल के साहेब चिपुवा दह के एक खोह में शव फंसा हुआ था। सिकिदिरी पुलिस व पर्यटन सुरक्षा समिति के संरक्षक बालेशवर बेदिया की देखरेख में फॉल की सुरक्षा में तैनात पर्यटक मित्र रंजन बेदिया, बुधराम बेदिया, विष्णु कुमार बेदिया, सोनू बेदिया, पवन भोगता व महेशवर बेदिया ने अपनी जान की परवाह किये बिना शव को खोह से निकालने के लिए सुबह ही पानी के नीचे उतर गए और चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद अनिमेष के शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स अस्पताल भेज दिया है। उधर, शव पाये जोन की सूचना पाकर मृतक के पिता और मामा बुधवार की सुबह हुंडरू फॉल पहुंच गए थे। बेटे का शव देखकर पिता फफक-फफक कर रोने लगे। गौरतलब हो कि पश्चिम बंगाल के मेदिनीपुर जिले के हरिहरपुर गांव निवासी खोखन चंद्र दास का पुत्र अनिमेष दास मंगलवार की सुबह सात बजे नारायण बाड़ स्थित आइडियल कोचिंग सेंटर के छात्रों के साथ हुंडरू फाल घूमने आया था। इस दौरान सभी नहाने उतरे थे। तभी पानी के तेज बहाव में आकर अनिमेष बह गया था। घटना के बाद से ही पर्यटक मित्र और सिकिदिरी पुलिस शव को बाहर निकालने में जुटी थी।

## एसडीएम ने बैठक कर दी पूरी जानकारी




आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी।** झारखंड विधानसभा चुनाव के तारीखों की घोषणा के साथ ही मंगलवार से ही आचार संहिता लागू हो गया। इसे लेकर डुमरी एसडीएम शहजाद परवेज ने सभी राजनीतिक और गैर राजनीतिक पार्टियों के अलावा मीडिया के साथ अनुमंडल सभागार में बुधवार को बैठक की। संवाददाताओं से बातचीत में उन्होंने नामांकन, स्क्रुटनी, चुनाव चिन्ह आवंटित करने की तिथि को बताते हुए उपस्थित सभी दलों के प्रमुख कार्यकर्ता को चुनाव संबंधी किसी तरह की कोई शंका होने पर उसका निवारण करने की बात कही गयी। उन्होंने कहा कि उनके अलावे दो आरओ और भी हैं, जो चुनाव संबंधी समस्या को गंभीरता से हल करने में लगे रहेंगे। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से हो, किसी तरह की कोई गलत अफवाहें नहीं फैलने दें। डुमरी विधानसभा में कुल 315458 मतदाता अपने मत का प्रयोग करेंगे। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 16,0930 और महिला मतदाताओं की संख्या 15,4,528 हैं। डुमरी विधानसभा में कुल 373 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जिसमें से 119 संवेदनशील केंद्र को चिन्हित किया गया है। कहा कि सभी को चुनाव आयोग के नियमों का अक्षरशः पालन करना है और समय के साथ सभी नियमों से अवगत कराते रहेंगे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024
www.azadsipahi.in


# पलामू में छह लाख की शराब जब्त

**पुलिस देख गाड़ी छोड़कर भागे तस्कर**

**अधिसूचना जारी होते ही प्रशासन एक्टिव**



आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** विधानसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होते ही पलामू पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाइ तेज कर दी है। जिले के पड़वा और हरिहरगंज थाना क्षेत्र से पुलिस ने छह लाख से अधिक मूल्य का शराब जब्त किया है। पड़वा थाना क्षेत्र से पांच लाख 82 हजार 93 रूपये की शराब पकड़ी गयी है। साथ ही शराब ढोने वाले बोलेरो मैक्सी ट्रक (बीआर01जीके3228) को भी जब्त किया गया है। वाहन से 750 एमएल की 358 बोतल और 180 एमएल की 3264 बोतल विदेशी शराब बरामद की गयी है। गश्ती के दौरान पुलिस ने पकड़ा मंगलवार रात्रि गश्ती के दौरान पुलिस टीम को देखकर बोलेरो मैक्सी ट्रक वाहन को चालक मध्य विद्यालय पड़वा के पास रोककर भाग गया। तलाशी लेने पर रॉयल स्टेग व्हीस्कि विदेशी शराब 29 कार्टून में 12-12 बोतल एवं एक कार्टून में 10 बोतल बरामद हुई। प्रत्येक बोतल पर फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया। इसी तरह ऑफिसर्स च्वाइस ओरिजल व्हीस्कि विदेशी शराब 68 कार्टून में 3264 पीस शराब बरामद हुई। इस पर भी फोर सेल इन उतरप्रदेश ओनली अंकित पाया गया। हरिहरगंज इलाके में 650 एलएल की 216 बोतल और 500 एमएल की 48 केन बीयर बरामद की गयी है। इसका बाजार मूल्य 44 हजार रूपये है। एसपी रीष्मा रमेशन ने अवैध शराब तस्करी को लेकर छापामारी अभियान का पुष्टि किया। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस चेकिंग देखकर गाड़ी छोड़कर शराब तस्कर भाग निकले। जिस कारण किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# बीडीओ ने कर्मियों के साथ आचार संहिता पर की चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विधानसभा चुनाव को लेकर विश्रामपुर बीडीओ राजीव सिंह ने बुधवार को कार्यालय कक्ष में प्रखंड कर्मियों के साथ बैठक की। बैठक में विधानसभा चुनाव की तैयारियों की विंदुवार समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान बीडीओ श्री सिंह ने निर्वाचन कार्य से संबंधित विषयों पर चर्चा करते हुए आदर्श आचार संहिंता का सख्ती से अनुपालन करने- कराने का निर्देश कर्मियों को दिया। बीडीओ ने बैठक में कर्मियों को मतदान केंद्रों पर बुनियादी सुविधाओं की व्यवस्था कराने, मतदाताओं के बीच मतदान के लिए प्रचार प्रसार करने, स्वीप गतिविधियों का संचालन सहित अन्य विषयों पर जानकारी देते हुए कई दिशा निर्देश भी दिये। साथ ही सार्वजनिक स्थानों पर लगे सभी पार्टियों के बैनर पोस्टर को तुरंत हटाने को कहा। इसके अलावा चुनाव अवधि में चुनाव संबंधी सभी कार्य समय पर निष्पादित करने का भी निर्देश दिया। बीडीओ के आदेश के बाद प्रखंड परिसर में लगे बैनर पोस्टर को स्थानीय प्रशासन द्वारा हटा दिया गया। बीडीओ ने सभी राजनीतिक पार्टी से अपने-अपने बैनर पोस्टर को हटाने की अपील भी की।




# हुसैनाबाद में आदर्श आचार संहिता के बाद पोस्टर बैनर हटाये गये



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** झारखंड विधानसभा चुनाव को तारीखों के ऐलान के बाद जिला प्रशासन के निदेर्शानुसार हुसैनाबाद अनुमंडल प्रशासन ने आदर्श आचार संहिता को सख्ती से लागू करना शुरू कर दिया हैं। बुधवार को हुसैनाबाद नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी के निर्देश पर नगर पंचायत कर्मियों ने शहर के विभिन्न चौक चौराहों और मार्गो से राजनीतिक दलों के पोस्टर बैनर को हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। नगर पंचायत कर्मियों की टीम ने घूम-घूमकर इलाके में लगे पोस्टर और बैनर को हटाया और यह सुनिश्चित किया कि आचार संहिता का पूरी तरह पालन हो। अधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक स्थानों पर किसी भी राजनीतिक दल द्वारा बिना अनुमति के झंडे या पोस्टर नहीं लगाये जा सकते हैं। यदि किसी राजनीतिक संगठन ने नियमों का उल्लंघन किया, तो उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाइ की जायेगी। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पालन करना सभी के लिए अनिवार्य है और प्रशासन इसकी निगरानी करेगा। मंगलवार को चुनाव आयोग द्वारा झारखंड विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा की गयी, जिसके अनुसार हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र में 13 नवंबर को मतदान होगा।

# लाभुकों ने पीएम आवास के तहत घर बनाया, किस्त भुगतान का है इंतजार

## अरविंद गुप्ता ने डीसी से दोषी कर्मी और अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की

आजाद सिपाही सांवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** नगर पंचायत छतरपुर के एक दर्जन से अधिक लाभुकों ने अपने आवास का कार्य पूरा कर लिया है। लेकिन उनकी अंतिम किस्त का भुगतान नहीं किया जा रहा है। वे खासे परेशान हैं, खास कर वे, जिन्होंने कर्ज लेकर घर बनाया है। यही नहीं कई ऐसे लाभुक है, जिन्हें आवास आवंटन होने के बाद भी किसी भी किस्त का भुगतान अब तक नहीं हो पाया है। ये बातें नगर पंचायत के सामाजिक कार्यकर्ता सह नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन ने पत्रकारों से कहीं। उन्होंने इस आशय का ज्ञापन भी कार्यपालक अधिकारी और सिटी मैनेजर को सोशल मीडिया के माध्यम से प्रेषित किया है। उसमें उन्होंने मांग की है कि आवास पूर्ण कर चुके लाभुकों को अविलं ब किस्तों का भुगतान किया जाये। सिंगल विंडो सिस्टम की व्यवस्था कर पीएम आवास के लाभुकों की समस्याओं का समाधान किया जाये। पीएम आवास के कई लाभुकों का भुगतान विगत दो तीन सालों से पेंडिंग है, जांच कर उनका भुगतान सुनिश्चित करवाया जाये। पहली, दूसरी और तीसरी किस्त के लिए लाभुक नगर कार्यालय का चक्कर लगा कर परेशान हैं, लेकिन नगर पंचायत की उदासीनता से उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के लोहराही, सड़मा, बारा, मदनपुर, रामगढ़, मंदेया, हेसला, भैरवाडीह, बैरियाडीह, अर्जुनडीह सहित कई इलाकों के लाभुक नगर पंचायत कार्यालय का चक्कर लगा कर परेशान हैं। उन्होंने पुनः नगर पंचायत से आग्रह किया है कि लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें।



### क्या कहते हैं नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी

नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी फैजुल रहमान ने बताया कि पीएम आवास के लाभुकों की किस्त का भुगतान किया जा रही है और कोशिश जारी है कि लाभुकों को किसी तरह की परेशानी न हो। नगर कर्मियों की टीम बना कर लाभुकों को समस्याओं से जल्द से जल्द निजात दिलाने की कोशिश है। फिलहाल नगर के कर्मियों के ट्रांसफर होने के कारण भुगतान में देर हो रही है। जल्द ही लाभुकों की किस्त का भुगतान कर दिया जायेगा।

# ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते के तहत जपला आरपीएफ ने नाबालिग लड़के का किया रेस्क्यू



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** मंगलवार की रात आरपीएफ जपला पोस्ट के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के निदेर्शानुसार सहायक उप निरीक्षक जितेंद्र प्रताप यादव और उमेश राम पुलिस बल के साथ जपला रेलवे स्टेशन पर बंदोबस्त एवं आपराधिक गतिविधियों की निगरानी करने निकले थे। इस दौरान प्लेटफार्म 3 पर एक नाबालिग लड़का संदिग्ध अवस्था में घूमता हुआ मिला। पूछताछ में पता चला कि वह बिहार के जहानाबाद जिला का है। मां का देहांत हो गया है, पिता शराबी है। मासूम बच्चा अपने रिश्तेदार के पास जा रहा था, तभी रास्ता भटककर जपला स्टेशन पहुंच गया। आरपीएफ ने बच्चे की सुरक्षा को देखते हुए बाल कल्याण समिति डालटनगंज को सौंप दिया है।

# अतिक्रमण के कारण पांकी में लगातार हो रही है दुर्घटनाएं



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के कर्पूरी चौक के समीप मंगलवार को मध्य रात्रि में एक ट्रक ने ग्यारह हजार वोल्ट बिजली के खंभे में सीधी टक्कर मार दी। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रक ने जैसे ही बिजली के खंभे में टक्कर मारी, वैसे ही खंभे सहित बिजली का तार जमीन पर गिर गया। जमीन पर गिरते ही बिजली के तार से आग निकलने लगी, जिससे लोग बाल बाल बच गये। हालांकि ट्रक को पांकी पुलिस ने जब्त कर लिया है। बताया जा रहा है कि इस स्थान पर लगातार घटनाएं घटती रहती हैं। कारण यह है कि जिस स्थान पर घटना घटी है, उसके विपरीत दिशा में अतिक्रमण किया गया है। अतिक्रमण कर कई लोगों ने दर्जनों दुकान और मकान बना लिये हैं। अतिक्रमण हटाने को लेकर कई बार नोटिस जारी किया गया है, लेकिन इस पर कोई कार्रवाइ नहीं की गयी है।

# झारखंड विधानसभा चुनाव में सपा की एंट्री



**इंडिया ब्लॉक की बढ़ी चिंता, गठबंधन से मांगी 11 सीटें**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पलामू।** झारखंड विधानसभा चुनाव में अब सपा यानी समाजवादी पार्टी की भी एंट्री हो गयी है। सपा ने झारखंड में इंडिया ब्लॉक के तहत 11 सीटों की मांग की है। पार्टी पलामू चतरा की सभी सीटों और हजारीबाग की बरही सीट पर विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती है. अगर अगले दो दिनों में गठबंधन पर स्थिति स्पष्ट नहीं होती है, तो पार्टी झारखंड की सभी विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी। ये घोषणा समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रभारी सह उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व्यास जी गोंड ने की। बुधवार को समाजवादी पार्टी के झारखंड प्रभारी सह उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री व्यास जी गोंड एवं प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव ने पलामू में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान व्यास जी गोंड ने कहा कि समाजवादी पार्टी झारखंड में विधानसभा चुनाव की तैयारी कर रही है। समाजवादी पार्टी ने इंडिया ब्लॉक के तहत 11 सीटों पर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। गठबंधन नहीं होने की स्थिति में समाजवादी पार्टी सभी सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी झारखंड में कृषि और रोजगार के मुद्दे पर विधानसभा चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है। केंद्र में उनका समझौता है, वे चाहते हैं कि राज्य में भी उनके बीच सहमति बने। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष केश्वर यादव उर्फ रंजन यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी से 50 से अधिक नेताओं ने चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। अगले एक-दो दिनों में स्थिति स्पष्ट हो जाएगी. राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का भी पलामू में जल्द ही कार्यक्रम होगा. उन्होंने कहा कि पलामू चतरा की सभी विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना हैं।

# शिव संपत धाम परिसर में आयोजित 25 कुंडीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ की कलश यात्रा आज

## महायज्ञ में सैकड़ों साधु-संतों का होगा समागम, तैयारी में जुटे भक्तगण

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** पलामू जिले के उंटारी प्रखंड स्थित प्रसिद्ध प्राचीन देव स्थल शिव संपत धाम परिसर में श्रीभाषकार श्रीरामानुजाचार्य सहस्त्राब्दी जयंती स्मृति पूर्ति महोत्सव एवं 25 कुंदीय श्रीलक्ष्मी नारायण महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह महायज्ञ भारत के महान मनीषी संत श्रीत्रिदंडी स्वामी जी महाराज के शिष्य पूज्य श्रीलक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज की उपस्थिति में संपन्न होगा। महायज्ञ में अनेकानेक वैदिक धार्मिक अनुष्ठानो सहित कथाओं का दिव्य आयोजन किया गया है। आगामी 17 अक्तूबर को कलश शोभा यात्रा के साथ महायज्ञ शुरू होगा। महायज्ञ की पूर्णाहुति 22 अक्तूबर को महाभंडारे के साथ होगी। महायज्ञ की तैयारी अंतिम चरण में है। विशाल यज्ञशाला बन कर तैयार हो चुका है। महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह जिला पार्षद अरविंद सिंह ने बताया कि महायज्ञ में सैकड़ों साधु संतों का समागम होगा। अनेकानेक वैदिक धार्मिक अनुष्ठान होंगे, जिसमें विविध धार्मिक ग्रंथों का पाठ, विविध धार्मिक अनुष्ठान एवं अभिषेक, श्रीमदवाल्मिकी रामायण पाठ, श्रीमद्भागवत महापुराण पाठ, श्रीरामचरित मानस पाठ, श्रीमद्भागवत गीता पाठ, श्रीविष्णुसहस्त्रनाम स्त्रोत पाठ, अनेक वैदिक पौराणिक मंत्रों का जाप, श्रीगुरुदेव की विशेष पूजा और अभिषेक और श्रीतुलसी शालिग्राम भगवान का अभिषेक शामिल है। उन्होंने बताया कि बक्सर पीठाधीरेश्वर जगत गुरु रामानुजाचार्य श्रीअयोध्यानाथ स्वामी जी महाराज के द्वारा राम कथा, महंत श्रीसंजय जी महाराज के द्वारा भागवत कथा और मानस मर्मज्ञ मारुति किंकर जी महाराज के द्वारा मानस कथा का श्रवण कराया जायेगा। इसके अलावा भगवान का लीलादर्शन भी कराया जायेगा। श्री सिंह ने कहा कि महायज्ञ की सारी तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। महायज्ञ आयोजन में खैरांचाल सहित पलामू और गढ़वा जिलावासियों से भरपूर सहयोग मिल रहा है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में महायज्ञ में शामिल होकर पुण्य के भागी बनें। मौके पर महायज्ञ समिति के सभी पदाधिकारी मौजूद थे।



**Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd.**
(CIN: U40108JH2013SGC001704)
Regd. Office: 2nd Floor, JUSNL (SLDC) Building, Kusai Colony, Doranda, Ranchi-02
(E-mail:cetjusnl@gmail.com

TENDER CANCELLATION NOTICE

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide NIT no. 190/PR/JUSNL/2024-25 for Design, Engineering, Supply, Erection, Testing and Commissioning of 132 kV D/C Transmission line (with HTLS Conductor) for connecting 132/33 kV GSS, Sikursai (Chaibasa-II) to 220/132/33 kV GSS, Ulijhari including De-stringing of 132 kV TL on turnkey basis.is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No. 335507

Sd/-
General Manager, C&M (NWBP)
JUSNL,Ranchi

PR 339151 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, खूँटी
Mail id : eebcdkhunti2021@gmail.com

रदद् सूचना

भवन प्रमंडल, खूँटी द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2024–25 पी0आर0सं0 PR 338172 Building (24-25)_D की ग्रुप संख्या 1, 2 एवं 3 को अपरिहार्य कारण से रदद् किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन निर्माण विभाग,
भवन प्रमण्डल, खूँटी

PR 339142 Building(24-25).D

कार्यालय जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी
(जिला निर्वाचन शाखा)

अति अल्पकालीन निविदा रद्द की सूचना
DEO/DY DEO/ELE/KHUNTI/2024/0010

पूर्व में प्रकाशित अति अल्पकालीन निविदा मुद्रण सामग्रियों PR 338722 Election (24-25)_D को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

ह०/–
उप निर्वाचन पदाधिकारी
खूँटी


PR 339137 Election(24-25)#D

## स्पोर्ट्स



भारत और न्यूजीलैंड टेस्ट मैच में खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे।

# भारत और न्यूजीलैंड के बीच टेस्ट मैच का पहला दिन चढ़ा बारिश की भेंट



**बेंगलुरु।** बारिश के कारण भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहले क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन बुधवार को कोई खेल नहीं हो सका। अंपायरों और अन्य मैच अधिकारियों ने दोपहर दो बजे मैदान का मुआयना किया जब दिन में पहली बार थोड़ी देर के लिये बारिश रुकी। लेकिन हालात को देखकर दो बजकर 34 मिनट पर खेल रद्द करने का फैसला किया गया। इससे पहले आउटफील्ड कवर और पिच पर डाले कवर की पहली परत मुआयने के लिये हटायी गयी तो दर्शक काफी रोमांचित हो गये। लेकिन सुबह से हो रही बारिश के कारण खेल हो पाना संभव नहीं था। सुबह से हो रही भारी बारिश के कारण सुबह 9 बजे टॉस भी नहीं हो सका। खराब मौसम के बावजूद मैदान पर काफी तादाद में दर्शक जमा थे। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को इंडोर अभ्यास करते देखकर दर्शक काफी रोमांचित भी हो गए। दूसरे दिन भी भारी बारिश की भविष्यवाणी की गई है। दोनों टीमें बारिश के कारण अभ्यास भी नहीं कर सकी थी। दूसरे दिन समय से पहले शुरू होगा मैच दूसरे दिन का खेल 15 मिनट पहले शुरू होगा। सुबह 9 बजकर 15 मिनट पर खेल शुरू होगा और टॉस 8 बजकर 45 मिनट पर कराया जायेगा। वहीं पहले दिन का सेशन 9:15 बजे शुरू होकर 11:30 बजे खत्म होगा। दूसरा सेशन 12:10 से 2:25 तक खेला जाएगा जबकि तीसरा सेशन 2:45 पर शुरू होगा और 4:45 पर खत्म होगा।

### पहले टेस्ट के लिए दोनों टीमें इस प्रकार हैं

**भारत-** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रित बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुबमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव , मोहम्मद सिराज, आकाश दीप।

**न्यूजीलैंड-** डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिशेल, टॉम लैथम, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिचेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल, एजाज पटेल, बेन सियर्स, मैट हेनरी, टिम साउदी, विलियम ओ'रूर्के।

# झारखंड में डबल इंजन की सरकार होने से तेजी से होगा विकास : अर्जुन राम मेघवाल

## कहा- जहां डबल इंजन की सरकार नहीं, वहां रूक जाता है विकास, होता है फंड का डायवर्सन

### हो सकता है मंइयां सम्मान योजना के फंड का डायवर्सन हुआ हो ?

**भाजपा के गोगो दीदी योजना में नहीं होगा किसी तरह के फंड का डायवर्सन**

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद में पत्रकारों से बातें करते केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल व अन्य।

**धनबाद।** केंद्रीय कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल बुधवार को धनबाद पहुंचे थे। वे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की बैठक एवं प्रबुद्ध नागरिक सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर कहा कि गुड गवर्नेन्स और विकास यह दो एजेंडों के साथ भाजपा चुनाव में जाती है। कहा कि जहां भी डबल इंजन की सरकार है वहां विकास की गति बढ़ती है और गुड गवर्नेन्स भी तेजी से आता है। अभी महाराष्ट्र के साथ ही झारखंड में भी चुनाव है। जनता से यही कहना है कि अगर सही मायने में विकास चाहिए तो डबल इंजन की सरकार को चुने। क्योंकि यह देखा गया है कि जहां-जहां डबल इंजन की सरकार नहीं है वहां विकास रूक जाता है और केंद्र से मिलने वाले फंड का डायवर्सन शुरू हो जाता है। अभी झारखंड सरकार पेंशन की सारी योजनाओं को बंद कर मंइयां सम्मान योजना लेकर आ गई है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि हो सकता है कि मंइयां सम्मान योजना में फंड का डायवर्सन हुआ हो। कहा कि भाजपा के गोगो दीदी योजना में फंड का डायवर्सन नहीं होगा। हमारी सरकार आने के बाद इस योजना के लिए पर्याप्त राशि की व्यवस्था की जाएगी। कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनती है तो निश्चित तौर पर कोयला चोरी पर लगाम कसी जाएगी और कोयले का उत्पादन भी बढ़ेगा।

# पीके रॉय कॉलेज के संस्थापक के इकलौते बेटे प्रो विद्युत रॉय का निधन, क्षेत्र में शोक



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के जननप्रिय पीके रॉय कॉलेज के संस्थापक भोला नाथ रॉय के इकलौते बेटे प्रोफेसर विद्युत कुमार रॉय का बुधवार को निधन हो गया। उनके निधन पर लोगों ने शोक जताया है। उन्होंने अपना अंतिम सांस धनबाद के 99 साल पुराने पैतृक निवास 'रॉय विला' में ली। इस दिन उनकी अंतिम यात्रा हिरापुर के पीके रॉय रोड से शुरू हुई। प्रो बीके रॉय, पीके रॉय कॉलेज में जुलॉजी के प्रोफेसर थे। अपने जीवनकाल में उन्होंने कभी किसी छात्र से ट्यूशन फीस नहीं लिया और हमेशा से छात्रों के सबसे चहेते प्रोफेसर रहे। वर्तमान में उनके बढ़ाए हुए छात्र पूरे देश के उच्च संस्थानों में अपनी सेवा दे रहे हैं। उनका इलाज भी उनके छात्रों ने ही किया। प्रो रॉय अपने पीछे पत्नी और दो पुत्रों को छोड़ गए हैं। उनके छोटे बेटे 36 देशों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं व वर्तमान में डिजिटल इंडिया के साइंटिफिक एडवाइजर हैं।

# सीएसआइआर-सिंफर में चित्रकला एवं स्लोगन-लेखन प्रतियोगिता आयोजित




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिले के बरवा रोड स्थित सीएसआईआर-सिंफर परिसर में संस्थान के स्टाफ सदस्यों के बच्चों के लिए चित्रकला एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इनमें बड़ी संख्या में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता की समाप्ति पर प्रतिभागी बच्चों के बीच मिष्ठान का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के सतर्कता अनुभाग की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में कुमार राहुल (प्रशासनिक अधिकारी), राकेश कुमार (अनुभाग अधिकारी), रानु कुमार(अनुभाग अधिकारी), अमोद कुमार (अनुभाग अधिकारी), आकाश कुमार कर्ण एवं दुलाल चन्द्र मंडल उल्ल्खेनीय भूमिका निभाई।

# चुनाव को लेकर तोपचांची सीओ-बीडीओ ने कई राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

**तोपचांची (आजाद सिपाही)।** विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही झारखंड सहित धनबाद जिले में भी आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई। इसे लेकर तोपचांची प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को बीडीओ एजाज हुसैन अंसारी एवं सीओ डॉ संजय कुमार सिंह ने मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। दोनों पदाधिकारियों ने राजनीतिक दलों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी देते हुए कहा कि इसका पालन हर हाल में करना होगा। चुनाव आयोग के निर्देशो का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। इससे संबंधित कोई भी जानकारी निर्वाचन कार्यालय या संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार सक्षक अधिकारी की अनुमति के बिना उसकी निजी भूमि, भवन व परिसर की दीवारों आदि पर झंडा, बैनर, नारा आदि नहीं लिख सकता है। बैठक में निवास तिवारी, प्रमोद महतो, जीतेंद्र पांडेय, संतोष महतो, परशुराम महतो, जगदीश महतो आदि उपस्थित थे।

# फुसरो जैनामोड़ मार्ग में प्रदूषण की समस्या को लेकर बेरमो प्रखंड कार्यालय में त्रिपक्षीय वार्ता

आजाद सिपाही संवाददाता



**पिछरी/बेरमो।** बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में बुधवार को फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग में छाई व कोयला ओवर लोड ट्रांसपोटिंग से होने वाले वायु प्रदूषण की समस्या के निवारण को लेकर त्रिपक्षीय वार्ता हुई। जिसकी अध्यक्षता सीओ संजीत कुमार सिंह ने की। इसमें सीसीएल ढोरी, बीएंडके, कथारा एवं डीवीसी बीटीपीएस के प्रतिनिधि के अलावा पिछरी, मानगो, तुपकाडीह के ग्रामीण उपस्थित थे। इस अवसर पर बेरमो सीओ ने कहा कि फुसरो-जैनामोड़ मुख्य मार्ग के आसपास रहने वाले ग्रामीण छाई व कोयला ट्रांसपोटिंग से होने वाले वायु प्रदूषण से खासे परेशान है। जिस पर नियम संगत कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि इस ट्रांसपोटिंग से जुड़े सभी हाईवा मालिक परिवहन के सारे नियम का अनुपालन करेंगे। कहा कि प्रदूषण को देखते हुए मार्ग में सघन आबादी वाले इलाके में पानी छिड़काव किया जाय। जिसमें तीनों क्षेत्र के प्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र अथवा दिन तय कर पानी छिड़काव करेंगे। यहां सीसीएल अधिकारी से शुक्रवार से पानी छिड़काव का निर्देश दिया गया। पिछरी के ग्रामीण सह सांसद प्रतिनिधि सूरज महतो ने कहा कि सीसीएल और डीवीसी बीटीपीएस से चलने वाले हजारों हाईवा वाहन फुसरो-जैनामोड़ मार्ग से होकर गुजरते है। इससे छोटे-छोटे बच्चों एवं ग्रामीणों को छाई प्रदूषण एवं सड़क दुर्घटना जैसी समस्या से जूझना पड़ता है। ग्रामीण फेफड़ों और आंखों की बीमारी से ग्रसित हो रहे है। कहा कि दूसरे रूट का विकल्प रहने के बावजूद सभी हाईवा एक ही मार्ग पर क्यों चलाया जा रहा है। हाईवा मालिक अपने वाहनों को कल्याणी या डुमरी मार्ग से छाई व कोयला ट्रांसपोटिंग कर सकते है। पूर्व में भी इन मार्ग से होकर वाहन गुजरती थी। कहा कि दूसरे रूट से परिवहन होने से फुसरो जैनामोड़ मार्ग में वाहनों का बोझ कम होगा। सीओ ने कहा कि रूट परिवर्तन के लिए एमपीएल मैथन के अधिकारियों एवं प्रतिनिधियों के बीच चर्चा कर तय किया जाएगा। सभी से बातचीत कर इस समस्या पर विचार किया जाएगा। वहीं, सीसीएल अधिकारी ने कहा कि रूट का कोई विकल्प नहीं है। इसलिए हाईवा वाहन इसी मार्ग से चलेगी। डीवीसी बीटीपीएस के प्रतिनिधि ने कहा कि हम अपने माइनिंग क्षेत्र में पानी छिड़काव करते है, लेकिन मार्ग में पानी छिड़काव करना नामुमकिन है। इस मौके पर सीसीएल ढोरी के सेल मैनेजर राजेश कुमार गुप्ता, बीएंडके के एरिया सुरक्षा अधिकारी डी मांझी, सेल अधिकारी चंद्रभूषण त्यागी, डीवीसी बीटीपीएस के मैनेजर राहुल उरांव, सीआई रवि कुमार, पिछरी के ग्रामीण सूरज महतो, मानगो के पूर्व मुखिया मंतोष सोरेन, गुलचंद मिश्रा, चंद्रिका केवट, दीपक मिश्रा, रामभजन लायक, मुकुंद सिंह, नीलकंठ दास और राजीव सिंह आदि मौजूद थे।

# बाबा गणिनाथ मंदिर के निर्माण के लिए एलबी एवं कुंभनाथ ने दान की जमीन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय मध्यदेशिय वैश्य सभा के लाल बाबू सिंह एवं कुंभनाथ सिंह के सौजन्य से धर्मशाला एवं मंदिर निर्माण के लिये आठ लाईन रोड, लेमन चिल्ली के बगल से सुगीयाडिह जाने वाले रास्ता पर स्थित पांच कट्ठा जमीन दान दिया। बुधवार को समाज के अध्यक्ष विशाल कुमार को जमीन के गेट की चाभी दी। जहां समाज के लोगों ने जमीन की साफ सफाई कर विधिपूर्वक बाबा गणिनाथ महाराज कि पूजा कर प्रसाद वितरण किया और शीघ्र ही मंदिर निर्माण करने को लेकर विचार-विमर्श किया गया। जिलाध्यक्ष विशाल गुप्ता, रविराज, कैलाश गुप्ता, राजेश गुप्ता, दिलीप गुप्ता, मुकेश गुप्ता, शशी प्रकाश, सुनिल सिंह, रंजित गुप्ता, विवेक गुप्ता, प्रकाश गुप्ता, मनोज गुप्ता आदि ने कुंभनाथ सिंह का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। वहीं, जिला अध्यक्ष विशाल गुप्ता ने कहा कि आज शरद पूर्णिमा के दिन एलबी सिंह एवं कुंभनाथ सिंह के योगदान और सहयोग को मध्य देशीय वैश्य सभा समाज कभी भुला नहीं पायेगा।

# फिजूलखर्जी पर अंकुश जरूरी : सुबोध कुमार

## ढोरी में सीसीएल स्तरीय उत्खनन विभाग की समन्वय बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** सीसीएल ढोरी क्षेत्र स्थित चपरी गेस्ट हाउस में बुधवार को सीसीएल स्तरीय उत्खनन समन्वय विभाग की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से रांची सीसीएल मुख्यालय के जीएम (उत्खनन) सुबोध कुमार, सीसीएल रांची से नोडल अधिकारी (समाधान) एनके झा, सीसीएल ढोरी के जीएम रंजय कुमार सिन्हा मौजूद रहे। इस अवसर पर रांची मुख्यालय से आये अधिकारी सहित क्षेत्र के जीएम एवं विभागीय अधिकारियों ने खदान को सुरक्षित ढंग से संचालित करने, बेवजह खर्च को कम करने, मशीनों के रखरखाव आदि को लेकर चर्चा किया। सीसीएल मुख्यालय रांची के जीएम (उत्खनन) सुबोध कुमार ने कहा कि चालू वित्तीय वर्ष कोयला उत्पादन को लेकर सभी परियोजनाओं में कार्यों को तेज गति से किया जा रहा है। ऐसे में बेवजह होने वाले खर्च में बचत करना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि पिछले एक महीने में 11 माइंस एसडीसी (डीजल खपत) को कम किया है। अन्य अधिकारियों को भी अपने माइंस में एसडीसी को कम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ईंधन आयल, ट्रांसमिशन आयल व हाइड्रोलिक आयल खदानों में चलने वाले वाहनों के लिए सबसे आवश्यक है। पर अधिकारियों को इस बात का भी ध्यान देने की जरूरत है कि जिन गाड़ियों में खर्च किया जा रहा है वह कितनी उपयोगी साबित हो रही है। कहा कि सीसीएल एक मशीनीकृत कंपनी है। जिसका कोयला उत्पादन एवं प्रेषण भारी मशीनों एवं आधुनिक कोल हैंडलिंग प्लांट के जरिए होता है। साथ ही उनके संचालन के लिए बिजली आधारित रचनाओं की आवश्यकता होती है। बैठक में सीसीएल ढोरी के स्टाफ ऑफिसर एक्सवेशन उमेश कुमार पासवान सहित सीसीएल के सभी 11 क्षेत्र के स्टाफ ऑफिसर एक्सवेशन उपस्थित रहे।

# कलश यात्रा के साथ श्रीश्री लक्ष्मी नारायण पूजन शुरू

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)। गांधीनगर तीन नंबर में चार दिवसीय श्री श्री लक्ष्मी नारायण पूजन महोत्सव बुधवार से शुरू हुआ। प्रथम दिन तीन नंबर लक्ष्मी नारायण मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ो महिलाएं-बालिकाएं शामिल हुई। महोत्सव का सफल बनाने में मुकेश तांती, विजय हाड़ी, सुभाष दास, विनोद नायक राजकुमार तांती, सूरज तांती आदि जुटे हुए हैं।**

# एनएसयूआइ ने लांच किया 'जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड' अभियान




आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** हाउसिंग कॉलोनी स्थित कम्युनिटी हॉल में बुधवार को झारखंड प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष विनय उरांव की ओर से 'जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा झारखंड' अभियान को धनबाद जिले में लांच किया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष विनय और संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी ने किया। इस मुहिम के तहत धनबाद जिले के सभी कॉलेज और विश्वविद्यालय में छात्रों को पार्टी से जोड़ा जाएगा। उन्हें पार्टी की विचारधारा और पूर्व में किए गए कार्यों के विषय में बताया जाएगा। जिला स्तर पर 10 हजार सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है, जिसे विधानसभा चुनाव से पूर्व पूरा करने की समय सीमा दी गयी है। इसी कड़ी में बुधवार को ही लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रदेश अध्यक्ष विनय उरांव की मौजूदगी में के नेतृत्व में एनएसयूआई की सदस्यता ग्रहण कर ली। इस अवसर पर विनय उरांव ने कहा कि एनएसयूआई का झारखंड के हर उस छात्र तक पहुंचना है जो किसी भी अभाव या व्यवस्था की कमियों के कारण गुणवत्ता वाली शिक्षा से वंचित रह जा रहे हैं। इसी के तहत इस दिन धनबाद जिले में इस अभियान की शुरूआत की जा रही है। जिले में 10 हजार छात्रों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। इस मौके पर एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष आमिर हाशमी, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्णा चौधरी, महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सीता राणा, विश्वविद्यालय प्रोफेसर संघ के अध्यक्ष प्रो डीके सिंह, प्रदेश महासचिव अभय कुमार, प्रदेश सचिव रवि पासवान, अनुष्का लाल, आकाश प्रमाणिक, राजीव पांडे, प्रिया गुप्ता व दीपशिखा सिंह उपस्थित थे। दूसरी ओर, धनबाद जिले से देवेंद्र पासवान, रोहित पाठक, राज रंजन सिंह साहिल खान, सनी सिंह, अरुण दास और निक्की सिंह आदि मौजूद थे।

# 41 ओसीटीटी प्रशिक्षुओं ने दिया योगदान



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग में 41 ओसीटीटी प्रशिक्षुओं ने योगदान दिया। साथ ही बुधवार को प्रशिक्षुओं का छह सप्ताह का लोकल इंडक्शन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद उपस्थित थे। इसके अलावा अधिशासी निदेशक (माइंस) जयदीप दासगुप्ता, मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी एवं अतिरिक्त प्रभार एसएम एस-न्यू) श्री राजीव धवन एवं मुख्य महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) मनीष जलोटा भी उपस्थित थे। छह सप्ताह के प्रशिक्षण के बाद सभी प्रशिक्षुओं का पदस्थापन बोकारो स्टील प्लांट में किया जायेगा। कार्यक्रम के स्वागत अभिभाषण में उप महाप्रबंधक (ज्ञानार्जन एवं विकास) राजेश कुमार ने प्रशिक्षुओं को उनकी उपलब्धि पर बधाई देते हुए बोकारो स्टील प्लांट में उनका स्वागत किया। वहीं, मुख्य अतिथि अधिशासी निदेशक (मानव संसाधन एवं अतिरिक्त प्रभार संकार्य) राजन प्रसाद ने अपने संबोधन में प्रशिक्षुओं के उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए प्रशिक्षुओं को सुरक्षा संस्कृति व अनुशासन को अपनाते हुए प्लांट के निरंतर विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को इस्पात उद्योग में वर्तमान समय में व्याप्त प्रतिस्पर्धा और बोकारो स्टील प्लांट के द्वारा उठाए गए प्रतिस्पर्धात्मक कदम पर भी प्रकाश डाला। अधिशासी निदेशक (माइंस) दासगुप्ता ने प्रशिक्षुओं को सुरक्षा और अनुशासन की अहमियत को रेखांकित करते हुए आगे बढ़ने और नए प्रशिक्षुओं से बोकारो स्टील प्लांट की अपेक्षाओं पर प्रकाश डाला। मुख्य महाप्रबंधक (एमआरडी एवं अतिरिक्त प्रभार एसएमएस-न्यू) राजीव धवन ने प्रशिक्षुओं के अपेक्षित रोल पर प्रकाश डाला और कहा कि सभी प्रशिक्षुओं की भूमिका बोकारो स्टील प्लांट की प्रगति के लिए अपेक्षित है। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन श्री एस. एन मिश्रा कनीय अधिकारी (ज्ञानर्जन एवं विकास) ने किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में ज्ञानर्जन एवं विकास विभाग के नव प्रशिक्षु प्रकोष्ठ के श्री राजू रंजन प्रसाद, अनीता और श्वेता कुमारी के साथ सभी कर्मचारियों का अहम योगदान रहा।

## भाजपा नेता सह मुखिया पति के घर डकैती का प्रयास, मामला दर्ज

# धनबाद में बढ़ती आपराधिक घटनाओं का जिम्मेवार पूर्व एसएसपी संजीव कुमार व हेमंत सरकार: ढुल्लू

आजाद सिपाही संवाददाता





**महुदा।** थाना क्षेत्र में करीब आधा दर्जन हथियार बंद बदमाशों ने मंगलवार की रात भाजपा के जिला महामंत्री सह कांड्रा पंचायत की मुखिया के पति धनेश्वर महतो के घर धावा बोल दिया और लूटपाट की कोशिश की। सभी बदमाश नकाब पहने हुए थे। हालांकि बदमाशों द्वारा दरवाता तोड़े जाते ही उसकी आवाज सुनकर कमरे में सो रहे धनेश्वर महतो की नींद खुल गई। अपने कमरे से बाहर निकलकर जैसे ही हॉल में पहुंचे तो वहां 4-5 हथियार बंद नकाबपोस लोगों को देखा। नकाबपोस लोगों से पूछा कि वे लोग कौन हैं। लेकिन किसी ने कोई जवाब नहीं दिया और भागने की कोशिश करने लगे। तभी धनेश्वर ने इसकी सूचना तुरंत महुदा थाना प्रभारी को दी। खबर पाते ही महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार ने बिना समय गावायें अपनी पेट्रोलिंग टीम के साथ तत्काल घटना स्थल पहुंच गये। तब तक सभी बदमाश मौके से फरार हो चुके थे। दूसरी ओर, घटना की सूचना पाकर बुधवार की सुबह धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो एवं उनके बड़े भाई शत्रुघ्न महतो समेत क्षेत्र के लोग उनके आवास पहुंच गये और घटना की जानकारी ली। सांसद ढुल्लू महतो ने क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं की बढ़ोतरी को लेकर धनबाद के पूर्व एसएसपी संजीव कुमार को जिम्मेवार ठहराया हैं। कहा कि पूर्व एसएसपी के कार्यकाल से ही जिले में आपराधिक घटनाओं का ग्राफ बढ़ा हैं। जब से वे पदस्थापित हुए हैं लूट, छिनताई, चोरी, डकैती, हत्या और दुष्कर्म जैसी घटनाएं बढ़ी हैं। उन्होंने राज्य सरकार को भी आड़े हाथों लेते खूब खरी खोटी सुनाई। हेमंत सरकार पर जुबानी हमला करते हुए कहा कि जब से राज्य में कांग्रेस-झामुमो की गठबंधन सरकार बनी है तब से अपराधियों का मनोबल बढ़ा हुआ है। आज कोई भी क्षेत्र या इलाका, जनमानस सुरक्षित नहीं हैं। जिसका उदाहरण यह घटना हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन मामले पर तत्काल संज्ञान लेते हुए परिवार की सुरक्षा की जिम्मेवारी ले। उधर, भाजपा जिला महामंत्री धनेश्वर महतो ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ महुदा थाना में लिखित आवेदन देकर अपराधियों पर कार्रवाई करते और अपने परिवार की सुरक्षा की मांग की हैं। वहीं, थाना प्रभारी ने लिखित आवेदन पर जांच शुरू कर दी हैं।

# कोयला चोरों के खिलाफ चला अभियान

**बोकारो थर्मल/बेरमो (आजाद सिपाही)।** कथारा क्षेत्र महाप्रबंधक के आदेश पर मंगलवार की देर रात 1.30 बजे क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के नेतृत्व व बोकारो थर्मल थाना के सहयोग से क्षेत्रीय गस्ती दल एवं स्वांग कोलियरी गस्ती दल ने संयुक्त रूप से स्वांग कोलियरी में कोयला चोरों के विरुद्ध औचक छापामारी की। हालांकि गस्ती दल को देख कोयला चोर भाग खड़े हुए। इसके बाद मौके से कोयला लदा चार बाइक, एवं 16 साइकिल जब्त कर मौके पर ही क्षतिग्रस्त कर दिया गया। वहीं, बरामद कोयला को स्वांग कोलियरी कोयला स्टॉक में गिरा दिया गया।

## मुख्यमंत्री मोहन माझी ने बीजद सुप्रीमो नवीन पटनायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बीजद अध्यक्ष और विपक्षी नेता नवीन पटनायक का बुधवार को जन्मदिन है। इस मौके पर नवीन पटनायक को विभिन्न क्षेत्रों से शुभकामनाएं दी जा रही हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने नवीन पटनायक को जन्मदिन की बधाई दी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नवीन पटनायक को जन्मदिन की बधाई दी। वहीं विधानसभा अध्यक्ष सूरमा पाढ़ी ने भी नवीन पटनायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए एक्स-में पोस्ट किया।

## 18 अक्टूबर को बिजली बंद रहेगी

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बुर्ला ओपीटीसीएल के 132/33 केवी केसिंगा ग्रिड सबस्टेशन केसिंगा, नर्ला, एम रामपुर, मदनपुर, मोहनगिरी, रूप्रारोड, विस्वनाथपुर, बंधापरी, लांजीगड, कलामुंडा, नुनमाथ, युराडुब्रा, बेलगांव, कर्लापड़ा, खोलान, पंडरीपानी, टिटिलागड़ के साथ इसके आसपास के क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति अगले 18 तारीख (शुक्रवार) को सुबह 8 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी। टीपीडब्ल्यूओडीएल कर्तृपक्ष अस्थायी व्यवधान के लिए क्षमा चाहते हैं और ग्राहकों और जनता से सहयोग चाहते हैं।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# मुख्यमंत्री ने साधारण विमान से हरियाणा दौरे के लिए यात्रा की

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन माझी ने साधारण विमान से 4 दिवसीय हरियाणा दौरे के लिए यात्रा की। मुख्यमंत्री ने विशेष विमान में यात्रा करने के बजाय अपनी पत्नी के साथ साधारण विमान में यात्रा की। मोहन माझी ने सरकारी पैसा बचाने के लिए ऐसा कदम उठाया है। हालांकि, मुख्यमंत्री के 4 दिवसीय हरियाणा दौरे के लिए एक विशेष उड़ान की व्यवस्था की गयी थी। लेकिन मुख्यमंत्री और उनकी पत्नी ने विशेष विमान से यात्रा करने के बजाय आम यात्रियों की तरह साधारण विमान से यात्रा की। सबसे पहले मुख्यमंत्री के दौरे के लिए विशेष



विमान बुक किया गया था। जिसका प्रतिदिन किराया 91 लाख 22 हजार रुपये था। इसी तरह मुख्यमंत्री की यात्रा के लिए एक और विशेष विमान फाल्कन-200 पर विचार किया गया। जिसका किराया 78 लाख 55 हजार रुपये था। चूंकि दोनों विशेष उड़ानों का किराया बहुत अधिक है, इसलिए मुख्यमंत्री ने सरकारी पैसे को अनावश्यक रूप से खर्च किए बिना सरकारी पैसे बचाने के लिए साधारण उड़ान से जाने का फैसला किया।

# जीडी गोयनका स्कूल में द्वितीय इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता सह योग उत्सव 26-27 को

## आयोजन संबंधित पोस्टर का किया गया अनावरण

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नामकुम रोड स्थित जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 26 और 27 अक्टूबर होने वाले द्वितीय इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता सह योग उत्सव 2024 कार्यक्रम को लेकर बुधवार को पोस्टर का अनावरण किया गया। इस अवसर पर जीडी गोयनका के उप निदेशक अमन सिंह, प्रचार्य डॉ सुनील कुमार, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी एवं नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत ने संयुक्त रूप से आयोजन संबंधित पोस्टर का अनावरण किया। इस अवसर पर सोनल गाबा, दिव्या सेहगल, रिया नायक आदि कई मौजूद थे।




इस अवसर पर नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत ने बताया कि आगामी 26 और 27 अक्टूबर को नटराज योग संस्थान, जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में द्वितीय इंटर स्कूल योग प्रतियोगिता सह योग उत्सव 2024 का आयोजन जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में किया जा रहा है। इसमें रांची के विभिन्न स्कूलों के बच्चे इस प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

इस प्रतियोगिता में योगासन, स्पीच, क्विज, पेंटिंग आदि प्रतियोगिता में बच्चे भाग लेंगे। इस प्रतियोगिता में 5 से 18 वर्ष आयु तक के बालक/बालिका इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। सभी विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। योग उत्सव के बारे में अधिक जानकारी के लिए 7808475779 पर संपर्क कर सकते हैं। यह जानकारी नटराज योग संस्थान के निदेशक आर्य प्रहलाद भगत ने दी।

# वेदांता लांजीगढ़ का समर्थित युवा तीरंदाजों ने सीबीएसइ तीरंदाजी चैंपियनशिप में जीत हासिल की

**कालाहांडी के खिरोद कुमार और ओमकार माझी ने क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में पदक जीते।**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** लांजीगढ़, कालाहांडी जिला, ओड़िशा, 16 अक्टूबर, 2024: भारत के प्रमुख स्मेल्टर-ग्रेड एल्युमिना उत्पादक और वेदांता एल्युमिनियम की एक इकाई वेदांता लांजीगढ़ द्वारा समर्थित, कालाहांडी के दो युवा तीरंदाजों खिरोद कुमार और ओमकार माझी ने रायपुर में आयोजित सीबीएसई तीरंदाजी चैंपियनशिप 2024 में क्रमशः स्वर्ण और रजत पदक जीते हैं। युवा तीरंदाजों ने 200 से अधिक असाधारण प्रदर्शन करने वालों के साथ पूर्वी क्षेत्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लिया। खिरोद कुमार और ओमकार माझी पिछले तीन वर्षों से वेदांता स्पोर्ट्स इनिशिएटिव के तहत प्रशिक्षण ले रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण समुदायों से युवा प्रतिभाओं को




पोषित करना है, इसके लिए एक समग्र खेल पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है, जिसमें व्यापक प्रशिक्षण के अवसर, टीम की वर्दी, उन्नत उपकरण और विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए प्रायोजन तक पहुंच शामिल है। इन अवसरों ने कार्यक्रम के प्रतिभागियों को प्रमुख चैंपियनशिप आयोजनों के लिए अर्हता प्राप्त करने में सक्षम बनाया है। 2018 में अपनी शुरूआत के बाद से, वेदांता स्पोर्ट्स इनिशिएटिव ने 100 से अधिक तीरंदाजों को प्रशिक्षित किया है, जिनमें से 50% लड़कियां हैं। उन्होंने मिलकर 40 से अधिक पदक जीते हैं, जबकि 20 से अधिक एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में ओड़िशा का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मिला है। उभरते खिलाड़ियों को पोषित करने के लिए कंपनी के समर्पण की पुष्टि करते हुए, वेदांता लिमिटेड के एल्युमिना बिजनेस के सीईओ प्रणब कुमार भट्टाचार्य ने कहा, हमारे युवा एथलीटों की उल्लेखनीय उपलब्धियों को देखना बेहद गर्व की बात है अपनी समृद्ध सामाजिक-सांस्कृतिक विरासत के लिए मशहूर कालाहांडी में असाधारण युवा भी रहते हैं, जो अविश्वसनीय खेल कौशल का प्रदर्शन करते हैं। ग्रामीण युवाओं के विकास के लिए सक्रिय रूप से अवसर पैदा करने वाली कंपनी के रूप में, हम विश्व स्तर के एथलीट तैयार करने के व्यापक दृष्टिकोण में भी योगदान दे रहे हैं, जो वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व कर सकें। वेदांता एल्युमीनियम युवा प्रतिभाओं को पोषित करने के लिए प्रतिबद्ध है, खासकर ग्रामीण भारत के वंचित समुदायों से। वेदांता स्पोर्ट्स इनिशिएटिव के माध्यम से, कंपनी ने तीरंदाजी, हॉकी और फुटबॉल जैसे खेलों में 500 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया है। इसके अलावा, वेदांता एल्युमीनियम की विभिन्न सामाजिक प्रभाव पहलों ने 500 से अधिक गांवों को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है, जिससे क्षेत्र के 4.5 लाख लोग लाभान्वित हुए हैं। ये प्रयास आजीविका, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, बुनियादी ढांचा, जमीनी स्तर के खेल और सांस्कृतिक विकास तक फैले हुए हैं। हमारे चेयरमैन के दृष्टिकोण के अनुरूप, हमारी प्रमुख नंद घर परियोजना ने ग्रामीण ओड़िशा में महिलाओं और बच्चों के विकास के लिए समर्पित लगभग 531 आधुनिक आंगनवाड़ियां स्थापित की हैं।

# पूर्व तट रेलवे में ट्रैक सुरक्षा बढ़ाने के लिए रेल ग्राइंडिंग मशीनें तैनात की गयी

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व तट रेलवे ने हाल ही में ट्रैक सुरक्षा बढ़ाने के लिए 96-स्टोन रेल ग्राइंडिंग मशीन (आरजीआई 96-5) तैनात की है। हाल ही में चालू की गयी ये मशीनें सवारी की गुणवत्ता, सुरक्षा में सुधार और रेलवे पटरियों के जीवनकाल को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। **सुरक्षित ट्रैक के लिए अत्याधुनिक तकनीक :** आरजीआई-5, एक अत्यधिक उन्नत और विश्व स्तर पर उपयोग की जाने वाली सबसे बड़ी रेल ग्राइंडिंग मशीनों में से एक है, जो आठ कोचों के साथ 165 मीटर की लंबाई में फैली हुई है और इसमें 96 ग्राइंडिंग स्टोन (प्रत्येक तरफ 48) हैं। रेल की सतह के दोषों को खत्म करने, अनियमितताओं को दूर करने और रेल को उनकी इष्टतम प्रोफाइल में पुनर्स्थापित करने के लिए इन पत्थरों को रणनीतिक रूप से कोण पर रखा गया है। यह प्रक्रिया न केवल रेल की आयु बढ़ाती है बल्कि सुरक्षित और अधिक आरामदायक रेल यात्रा भी




सुनिश्चित करती है। 22 किमी/घंटा की काम करने की गति के साथ, मशीन पटरी के बड़े हिस्सों को कुशलता से कवर करने में सक्षम है, डाउनटाइम को कम करती है और ट्रेन संचालन में व्यवधान को कम करती है। इसे पहले ही वाल्टेयर और संबलपुर रेलवे क्षेत्रों में सफलतापूर्वक तैनात किया जा चुका है और वर्तमान में ओडिशा के खोरधा रोड रेलवे क्षेत्र में पटरियों में सुधार कर रहा है।

**जटिल ट्रैक अनुभागों के लिए विशेषीकृत रखरखाव**

पूर्व तट रेलवे ने एक 20-स्टोन स्पेशल रेल ग्राइंडिंग मशीन भी चालू की है, जिसे जनवरी 2023 में चालू किया गया था। मशीन को विशेष रूप से जटिल ट्रैक घटकों जैसे स्विच, क्रॉसओवर और लेवल क्रॉसिंग को संभालने के लिए डिजाइन किया गया है, जिन्हें सुरक्षा और परिचालन दक्षता के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होती है। **रेलवे सुरक्षा में एक कदम आगे :** इन उन्नत रेल ग्राइंडिंग मशीनों का शामिल होना रेलवे सुरक्षा और नवीन प्रौद्योगिकियों के अनुकूलन के प्रति पूर्व तट रेलवे की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। अत्याधुनिक ट्रैक रखरखाव तकनीक में निवेश करके, पूर्व तट रेलवे अपने नेटवर्क में लाखों यात्रियों के लिए विश्वसनीय, सुगम और सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करता है।






# पूर्व विधायक की बेटी ने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का लागाया आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**केंद्रपाड़ा।** केंद्रपाड़ा जिले के औल विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक देवेंद्र शर्मा की बेटी डॉ देबस्मिता शर्मा ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज प्रताड़ना का आरोप लगाया है। उन्होंने इस संबंध में पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि उनसे 50 लाख रुपये लाने को कहा गया था और जब वह रुपये नहीं ला सकीं, तो उन्हें प्रताड़ित किया गया। शिकायत में डॉ शर्मा ने आरोप लगाया है कि उनके ससुराल वाले उन्हें प्रताड़ित कर रहे हैं और अलग-अलग समय पर उन्हें जान से मारने की कोशिश भी कर चुके हैं। 2024 के चुनाव में औल विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी रहीं डॉ देवस्मिता शर्मा ने खुद औल थाने में मामले की शिकायत की है। डॉ देवस्मिता द्वारा थाने में दर्ज कराई गयी शिकायत के अनुसार 14 दिसंबर 2022 को उनकी शादी वैदिक रीति से डॉ राहुल प्रताप रॉय से हुई थी। शादी के बाद देवस्मिता अपने पति के साथ कटक के बक्सीबाजार स्थित पेटिन साही स्थित अपने घर में रहती थीं। लेकिन शादी के एक महीने बाद ही उसकी सास, ससुर, देवर और अन्य ससुराल वालों ने दहेज के लिए उसे डांटना और पीटना शुरू कर दिया। उसने 6 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

## ओड़िशा में पिता ने पांच साल की बेटी की चाकू घोंपकर हत्या कर दी

**चित्रकोंडा (आजाद सिपाही)।** ओड़िशा के मलकानगिरी जिले में बुधवार को एक चौंकाने वाली घटना में 5 वर्षीय नाबालिग लड़की की उसके ही पिता ने हत्या कर दी। यह वीभत्स घटना जिले के चित्रकोंडा पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आरएससी-14 गांव में हुई। **आरोपी की पहचान संजीव भात्रा के रूप में हुई है :** जानकारी के मुताबिक, बुधवार को जब बच्ची पड़ोसी के घर में खेल रही थी, तभी उसका पिता वहां पहुंचा और उस पर चाकू से हमला कर दिया। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और बच्ची को बचाया। लेकिन तब तक दरिंदा पिता उस पर कई वार कर चुका था।






# विश्व खाद्य दिवस पर राष्ट्रीय सम्मेलन सोआ में आयोजित



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** सोआ विश्वविद्यालय द्वारा संचालित कृषि विज्ञान संस्थान ने बुधवार को विश्व खाद्य दिवस पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया। सम्मेलन का विषय 'वैश्विक खाद्य सुरक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की भूमिका' था। सीवाईएसडी के प्रमुख जगदानंद ने राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और ओडिशा में खाद्य सुरक्षा के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों पर अपने विचार व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि ओडिशा में 5 साल से कम उम्र के 29 फीसदी बच्चे कुपोषण से पीड़ित हैं। यह आदिवासी क्षेत्रों में अधिक देखा जाता है। जगदानंद, जो पहले राज्य योजना बोर्ड के सदस्य थे, उन्होंने कहा कि इसके समाधान के लिए तत्काल कदम उठाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि ओडिशा में केवल 30% कृषि भूमि में सिंचाई की सुविधा है जबकि बाकी भूमि वर्षा पर निर्भर है। इससे खेती में दिक्कत आ रही है। इसलिए, यह देखने के लिए शोध आवश्यक है कि जलवायु परिवर्तन से संबंधित समस्याओं से कृषि उत्पादन कैसे प्रभावित नहीं होगा। सोआ के कुलपति प्रो. प्रदिप्त कुमार नंद ने सम्मेलन की अध्यक्षता की और यह विचार व्यक्त किया कि दिगंत विस्तार ही आगे बढ़ने का मार्ग है आईसीएआर केंद्रीय बागवानी प्रयोग केंद्र के मुख्य वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ गोबिंद चंद्र आचार्य ने भाग लिया और जलवायु परिवर्तन के संदर्भ में खाद्य सुरक्षा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह चिंताजनक है कि हाल ही में प्रकाशित ग्लोबल हंगर इंडेक्स में भारत 127 देशों में से 105वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि भारत के पड़ोसी देश बांग्लादेश, नेपाल और श्रीलंका इस मामले में सबसे अच्छी स्थिति में हैं।




आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**